आज
३.००
तीन रुपये मात्र

आज

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

सुष्मिता सेन



प्रिंस चार्मिंग नहीं, अपनी जिंदगी की खुद बनो क्वीन

वाराणसी, बुधवार ४ नवम्बर, २०२६ सौर १८, कार्तिक कृष्ण १०, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

दीपावलीपर १.८९ करोड़ परिवारों को मिली उज्ज्वला की सौगात

रसोई कनेक्शनके लिए कांग्रेसके राजमें देनी पड़ती थी रिश्वत-योगी



लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.89 करोड़+ पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का वितरण किया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश में तेजी से विकास हुआ। विश्व बैंक की हाल की एक रिपोर्ट बताती है कि देश के 155 करोड़ में से 40 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। आज उत्तर प्रदेश में उज्ज्वला योजना के तहत 1500 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा रही है कि दीपावली का पर्व खुशी से मनाएं और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.89 करोड़+ पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने भारत की संस्कृति और पर्वों का विशेष से उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में कांग्रेस की सरकार थी तब गैस कनेक्शन के लिए रिश्वत देनी पडती थी। इतना ही नहीं, टू जी घोटाला, कोयला घोटाला, कामनवेल्थ गेम्स समेत न जाने कितने घोटालों की खबरें आए दिन आती थीं लेकिन जब 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने कई कल्याणकारी योजनाएं शुरु कीं। इन्हीं में वर्ष 2016 में उज्जला योजना शुरु (शेष पृष्ठ ९ पर)

विकसित भारतके निर्माणमें पुणे निभा रहा महत्वपूर्ण भूमिका-मोदी

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में पुणे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और मेट्रो नेटवर्क का विस्तार शहर के विकास को नई गति दे रहा है। उन्होंने बुधवार को हिंजेवाड़ी-मान से शिवाजीनगर तक मेट्रो लाइन-3 का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस मार्ग पर यात्री सेवा चार नवंबर 2026 से शुरू होगी। प्रधानमंत्री ने पुणे मेट्रो के दूसरे चरण के चार नए कॉरिडोर वनाज-चांदनी चौक, रामवाड़ी-विठ्ठलवाड़ी, खराड़ी-खडकवासला और नल स्टॉप-मानिक बाग की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा कि मेट्रो से नागरिकों को आधुनिक और बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा मिलने के साथ शहर की आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल रहा है। मोदी ने बताया कि देश के 26 शहरों में मेट्रो सेवाएं संचालित हो रही हैं और मेट्रो नेटवर्क लगभग 248 किलोमीटर से बढ़कर 1,200 किलोमीटर से अधिक हो गया है। प्रतिदिन एक करोड़ से ज्यादा यात्री मेट्रो से सफर कर रहे हैं। महाराष्ट्र में करीब 175 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क चालू है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पिछले 12 वर्षों से ऊर्जा, सड़क और रेलवे सहित बुनियादी ढांचे के विकास पर व्यापक स्तर पर काम कर रही है।



मेट्रो नेटवर्कके विस्तारको मिली रफ्तार, चार नये कॉरिडोर की रखी आधारशिला

खुली बहसको लेकर राहुल ने फिर मोदी को घेरा

नयी दिल्ली (आससे)। राहुल गांधी ने मंगलवार को एक वीडियो जारी किया है। जिसमें उन्होंने पीएम मोदी को बहस का चैलेंज दिया है। करीब 1.50 मिनट के वीडियो में राहुल कह रहे है-24 घंटे हो गए मोदी जी। मैंने आपको चैलेंज दिया है। आप कहते हो कि विपक्ष देशद्रोही है। किसी भी स्टेज पे आप जगह चुनिए, डिबेट कीजिए मेरे साथ। देशद्रोही कौन है? विदेशी फोर्सेस का कनेक्शन किसका है? और किस प्रकार का कनेक्शन है? जल्दी से जल्दी कीजिए, डरिए मत। दोनों मिलेंगे, मीडिया होगी, देश के युवा होंगे, टेबल होगी, एक साइड आप बैठोगे, एक साइड मैं बैठूंगा। जिसको आप जज बनाना चाहते हो, बना दो। मोहन भागवत जी को बिठा दो, चलो। और फिर डिबेट करते हैं। सवाल उठेंगे फाइनेंशियल सिस्टम पर, फाइनेंशियल स्ट्रक्चर पर, स्कैम डील कैसे हुई, क्यों हुई, इतनी जल्दी क्यों हुई, सिर्फ आपने क्यों की, कैबिनेट को क्यों नहीं बताया, अडानी का केस बंद क्यों हुआ, एपस्टीन-ऐसी बहुत सारी चीजें हैं जिसपे खुलकर डिस्कशन होगा। आ जाइए, डरिए मत। दूध का दूध, पानी का पानी कीजिए। आप एलिगेशन लगाते हैं ना मेरे ऊपर, आ जाइए, सब साफ हो जाएगा। वीडियो में राहुल कह रहे हैं- बाकी चीजों पे आपने डिफेमेशन केस लगा रखा है, शायद 45 डिफेमेशन केस मेरे ऊपर हैं। मगर इस डिबेट मामले पर, फॉरेन कनेक्शन पर आप डिफमेशन नहीं लगा रहे हो। लगाइए ना, वहां भी डिस्कस करेंगे, खुल के। ये सब डिस्कस करते हैं, आइए। हैप्पी दिवाली, मोदी जी। राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया ङ्क पर पोस्ट की। उन्होंने लिखा कि नरेंद्र मोदी विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और उन्हीं की मदद से प्रधानमंत्री बने हुए हैं। वहीं, भाजपा देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान चला रही है। इसी कड़ी में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कोलकाता में रैली की। यहां उन्होंने कहा कि विदेशी ताकतें देश में अस्थिरता लाना चाहती हैं। इसके लिए राहुल गांधी का इस्तेमाल किया जा रहा है।

जगह और जज आप चुनिये, हो जायेगा दूध का दूध, पानीका पानी



विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, सीधे सीएम पद की लेंगे शपथ-अखिलेश यादव

वाराणसी (का.प्र.)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को वाराणसी से 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि वह खुद विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, बल्कि सीधे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बोले, हम तब मुख्यमंत्री बनते हैं, जब चुनाव नहीं लड़ते। पिछली बार सांसद रहते मुख्यमंत्री बना था, इस बार भी वहीं से आकर शपथ लूंगा। सीर गोवर्धन में सपा के दिवंगत जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव के परिजनों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोला। कहा कि एमएलसी चुनाव में काशी की जनता ने भाजपा को डबल हार का संदेश दिया है। सरकार बनने पर काशी में मेट्रो चलाने का काम करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का काम कर रही है और चुनाव में गड़बड़ी के जरिए सत्ता हासिल करना चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के खिलाफ है। पार्टी का रुख (शेष पृष्ठ ९ पर)



पूर्व मुख्यमंत्रीने कहा-भाजपा को एमएलसी चुनाव में मिली डबल हार , काशी को देंगे मेट्रो की सौगात

पुलिस की गोली से दंपति की मौत

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार में पुलिस वर्दी को शर्मसार करने वाला एक बेहद गंभीर मामले ने तूल पकड़ लिया है। देर रात गलत नीयत से घर में घुसे एक एएसआई ने पकड़े जाने के डर से अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोलीबारी की घटना में पति-पत्नी के मौत हो गई, जबकि दो लोग गोली लगने से घायल हो गए । यह घटना मधुबनी के बाबूबरही थाना के बालीराजगढ़ में बीती रात घटी। बालीराजगढ़ पुलिस पकेट पर तैनात एएसआई चंद्रमोहन सिंह गलत नीयत से एक घर में घुस गया। मधुबनी के पुलिस कप्तान योगेंद्र कुमार ने आज को बताया कि रात एक बजे सूचना मिली कि बाबूबरही थाना के बलीराजगढ़ गांव में एएसआई पुलिस पैकेट में तैनात था और उसे उसका गांव की एक महिला से अवैध संबंध था ।इस कारण वह गांव में गया था। सोमवार की रात उसे गांव वालों ने देख लिया और घर के अंदर जाने के बाद बाहर से उसे बंद कर दिया गया।अपने घिरा देखा उसने घर के अंदर से तीन से चार राउंड फायरिंग कर दी जिसमें अशोक यादव और उनकी पत्नी फूलों देवी की मौत हो गई।

सफल परीक्षण : भारतने पहली बार लॉन्चरसे दागी दो मिसाइलें

ओडिशा (एजेंसी)। डीआरडीओ ने ओडिशा के चांदीपुर से प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। इसकी खासियत यह है कि एक ही लॉन्चर से 2 मिसाइलें लगातार दागी जा सकती हैं। 500 किलोमीटर तक मार करने वाली यह मिसाइल दुश्मन के अलग-अलग ठिकानों को निशाना बना सकती है। इसे क्वासी-बैलेस्टिक मिसाइल कहा जाता है, क्योंकि यह उड़ान के दौरान अपना रास्ता भी बदल सकती है। इस परीक्षण के पहले दो किमीके दायरे में रहने वाले लोगों को वहां से हटा दिया गया था। रूस और अमेरिका पहले से ही इस तरह की मल्टी-मिसाइल लॉन्च क्षमता वाले सिस्टम विकसित कर चुके हैं। हालांकि, भारत ने यह क्षमता अपनी स्वदेशी तकनीक से विकसित की है। आम बैलिस्टिक मिसाइल सीधे ऊपर जाकर फिर नीचे आती है, रास्ता पहले से पता चल जाता है। प्रलय लो-ट्रेजेक्टरी पर जाती है, बीच में ही दिशा बदल सकती है, टर्मिनल फेज में मैन्युवर करती है। इसलिए दुश्मन का एयर डिफेंस इसे इंटरसेप्ट नहीं कर पाता। इसे आर्मी और एयरफोर्स दोनों में शामिल किया जाना है। पाकिस्तान के साथ एलओसी पर ऐसे शॉर्ट रेंज, हाई प्रिसीजन हथियार गेम-चेंजर माने जा रहे हैं। रणनीतिक रूप से ये सिर्फ टेस्ट नहीं, वॉर डॉक्ट्रिन का बदलाव है। एक ही लॉन्चर से दो मिसाइलों की साल्वो फायरिंग का मतलब- दुश्मन के एक साथ दो एयरबेस या दो रडार स्टेशन को 5 मिनट (शेष पृष्ठ ९ पर)



पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात होगी

ईडी ने अनिल अंबानी की ५१० करोड़ की संपत्ति जब्त की

नयी दिल्ली (आससे.)। प्रवर्तन निदेशालय ने रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप की 510.17 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। यह कार्रवाई ग्रुप की कंपनियों से जुड़े बैंक धोखाधड़ी के मामलों के सिलसिले में की गई है।इन संपत्तियों में विमान, बैंक बैलेंस, फिक्स्ड डिपॉजिट, अचल संपत्तियां, प्राप्त होने वाली रकम और निवेश शामिल हैं। इन नई कुर्की के साथ अब तक रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप के खिलाफ चल रही विभिन्न जांचों में कुल मिलाकर लगभग 23,100 करोड़ की संपत्ति जब्त की जा चुकी है।



दवाओं-चिकित्सा उपकरणोंके आयात को आसान बनानेके लिए सरकारका बड़ा कदम

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और सौंदर्य प्रसाधनों के आयात के लिए अधिकृत प्रवेश केंद्रों का नेटवर्क बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, इसके तहत कई अंतर्देशीय कंटेनर डिपो, एक विशेष आर्थिक क्षेत्र तथा उत्तर प्रदेश में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा शामिल हैं।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि मंत्रालय ने देश में दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और सौंदर्य प्रसाधनों (कॉस्मेटिक्स) के आयात को सुगम बनाने के लिए ड्रग्स रूल्स, 1945 के नियम 43ए में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य विदेशों से स्वास्थ्य सेवा उत्पादों को मंगाने के लिए अधिकृत प्रवेश द्वारों (गेटवे) के नेटवर्क का विस्तार करना है, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत को कम और आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) को मजबूत किया जा सके। मंत्रालय के अनुसार मौजूदा व्यवस्था के तहत नियम 43ए ही उन बंदरगाहों, हवाई अड्डों/रेलवे स्टेशनों को निर्धारित करता है जहां से दवाओं का आयात संभव है। व्यापार को गति देने के लिए मंत्रालय ने इस सूची में नए इनलैंड कंटेनर डिपो एक विशेष आर्थिक क्षेत्र और एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को जोड़ने का फैसला किया है। प्रस्ताव के अनुसार, अब हरियाणा के सोनीपत, पियाला और हरसारू, उत्तर प्रदेश के दादरी, गुजरात के गांधीधाम/मुंद्रा, तेलंगाना के सनत नगर और थिम्मापुर तथा कर्नाटक के व्हाइटफील्ड स्थित आईसीडी को इस सूची में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा कर्नाटक के बोम्मासांद्रा एसईजैड और उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी दवाओं के हवाई आयात के लिए (शेष पृष्ठ ९ पर)

अमृतसर : हथियार और नशा तस्करीके नेटवर्क का भंडाफोड़, ११ गिरफ्तार

अमृतसर (एजेंसी)। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने अवैध हथियारों और नशे की तस्करी करने वाले तीन नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 12 अवैध पिस्तौल, दो हैंड ग्रेनेड, 310.10 ग्राम हेरोइन और 33 जिंदा कारतूस बरामद किये गये हैं। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया पर इस कारवाई की जानकारी साझा की। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेश में बैठे हैंडलर्स और गैंगस्टरों के संपर्क में थे। विदेशी हैंडलर ड्रोन के जरिये अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की खेप भारत भेजते थे। इसके बाद आरोपियों के माध्यम से इन्हें अन्य आपराधिक तत्वों तक पहुंचाया जाता था। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी लोगों को डराने और रंगदारी वसूलने के लिए हथियारों का इस्तेमाल करते थे। रंगदारी की मांग पूरी नहीं होने पर लोगों के घरों और दुकानों पर फायरिंग की जाती थी।

ओमानके तटके पास जहाज पर हमला, एक भारतीयकी मौत

नयी दिल्ली (आससे)। ओमान के तट के पास वाणिज्यिक जहाज एमएसवी अल जुसुफी पर सोमवार शाम हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, जबकि जहाज पर सवार 13 अन्य भारतीयों को बचा लिया गया। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को हमले की निंदा करते हुए मृतक के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मंत्रालय के अनुसार, ओमान के लिमाह के निकट हुए इस हमले में घायल एक भारतीय नागरिक ने दम तोड़ दिया। मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ओमान के अधिकारियों के संपर्क में है। दूतावास बचाए गए भारतीयों की जल्द स्वदेश वापसी और मृतक के पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए समन्वय कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों पर गंभीर चिंता जताई है। मंत्रालय ने तनाव कम करने और कूटनीतिक समाधान के लिए जारी वार्ता जल्द पूरी करने की अपील की। उसने कहा कि क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की घटनाएं बंद होनी चाहिए। साथ ही अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप समुद्री मार्गों से निर्बाध आवागमन और व्यापार जल्द बहाल किया जाना चाहिए।

विदेश मंत्रालय ने जतायी नाराजगी

नेपालमें लैंडिंगके दौरान दो हेलीकॉप्टर टकराये, एक भारतीय की मौत

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल के सोलुखुम्बु जिले में मंगलवार सुबह लैंडिंग के दौरान दो हेलीकॉप्टरों के आपस में टकराने से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गयी जबकि एक विदेशी यात्री घायल हो गया। हादसा माउंट एवरेस्ट बेस कैंप के रास्ते में स्थित फेरीचे के एक हेलीपैड पर हुआ। नेपाल पुलिस के अनुसार, खुम्बु पासांग ल्हामू ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड-4 स्थित फेरीचे में सुबह करीब 8.11 बजे एयर डायनेस्टी और फिशटेल एयर के हेलीकॉप्टर लैंडिंग के दौरान टकरा गए। फेरीचे काठमांडू से करीब 150 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। जिला पुलिस कार्यालय के अनुसार, हादसे में मारे गये विदेशी नागरिक की पहचान अभी नहीं हो पायी है। (शेष पृष्ठ ९ पर)

प्रदर्शन स्थलपर अनिश्चितकाल तक कब्जा नहीं कर सकते प्रदर्शनकारी- सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि कोई भी प्रदर्शनकारी किसी प्रदर्शन स्थल पर अनिश्चितकाल तक कब्जा नहीं कर सकता। ऐसे स्थलों का इस्तेमाल दूसरे समूहों को भी करने का अवसर मिलना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अक्तूबर में हुए प्रदर्शनों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि किसानों, मजदूरों, ट्रेड यूनियनों और बेघर लोगों को भी प्रदर्शन का अधिकार है। उन्होंने कहा कि विरोध का अधिकार संवैधानिक है, लेकिन व्यापार और दिहाड़ी मजदूरों की रोजी-रोटी का अधिकार भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रदर्शनों के कारण दिहाड़ी मजदूरों की आजीविका प्रभावित नहीं होनी चाहिए। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया (शेष पृष्ठ ९ पर)



दिल्ली पुलिस मुख्यालयके बाहर प्रदर्शन, एसीपी निलंबित

नयी दिल्ली (आससे)। राष्ट्रीय राजधानी के एक थाने में वकीलों और पुलिस कर्मियों के बीच झड़प के बाद दिल्ली पुलिस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन में शामिल हुए सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) मनस्वी वशिष्ठ को निलंबित कर दिया गया है। एक आधिकारिक आदेश से यह जानकारी मिली है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, दमन व दीव, और दादरा व नगर हवेली पुलिस सेवा (दैनिप्स) के 2019 बैच के अधिकारी वशिष्ठ के निलंबन का दो नवंबर को आदेश जारी किया। मंत्रालय के आदेश में कहा गया है वरिष्ठ के खिलाफ विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित है और इसी के मद्देनजर सक्षम प्राधिकारी ने केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम 1965 के तहत उन्हें निलंबित करने (शेष पृष्ठ ९ पर)

नदियोंकी गादसे बनेंगी सड़कें, बिहारमें बाढ़का कम होगा खतरा

नयी दिल्ली (आससे)। बिहार की नदियों में जमा गाद अब विकास का संसाधन बनेगी। 'नदी संजीवनी' कार्यक्रम के तहत मंगलवार को केंद्र सरकार और बिहार सरकार के बीच नदियों से गाद निकालने और उसका उपयोग राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में करने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में हुए इस समझौते के तहत 243 लाख घनमीटर गाद का उपयोग 16 राजमार्ग परियोजनाओं में किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है, जिसने जलस्रोत पुनरुद्धार एवं गाद प्रबंधन नीति-2026 लागू की है। नदियों से गाद निकालने से उनकी जलधारण क्षमता बढ़ेगी, बाढ़ का प्रभाव कम होगा और किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। साथ ही सड़क निर्माण में प्राकृतिक मिट्टी के इस्तेमाल पर भी अंकुश लगेगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि महाराष्ट्र के सफल बुलढाणा मॉडल की तर्ज पर बिहार में गाद निकासी का काम किया जाएगा। इससे जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस परियोजना से बिहार सरकार पर कोई वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेपाल में भारी बारिश और दूसरे राज्यों से आने वाले पानी के कारण बिहार हर साल बाढ़ की समस्या झेलता है। फरक्का बैराज के कारण गंगा में गाद जमा होने की समस्या भी गंभीर है। उन्होंने कहा कि बिहार बांग्लादेश को पानी देने का विरोधी नहीं है, लेकिन राज्य की कृषि, उद्योग और पेयजल संबंधी जरूरतों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। फिलहाल बिहार को जुलाई से अक्टूबर तक ही गंगाजल के (शेष पृष्ठ ९ पर)



'नदी संजीवनी' के तहत केंद्र और बिहार सरकार में समझौता, १६ राजमार्ग परियोजनाओं में इस्तेमाल होगी २४३ लाख घनमीटर गाद

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com
आज वाराणसी संस्करण

मौसम

सूर्योदय : ०६.०१
सूर्यास्त : ०५.१६

तापमान
अधि. : ३०.१
न्यून. : २१.०



१४ तक पूरा होगा प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण

गाजीपुर। जनगणना-2027 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बार जनगणना के दौरान नागरिकों से किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा और न ही इसका नागरिकता से कोई संबंध होगा। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अनुपम शुक्ला ने सोमवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक में अधिकारियों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक में जनगणना के आगामी चरण के संचालन, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण और स्व-गणना के प्रचार-प्रसार की तैयारियों की समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रशिक्षण कार्य निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार पूरा कराया जाए। अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण की प्रक्रिया जारी है और इसे 14 नवंबर 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्व-गणना अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सभी विभागाध्यक्षों को अपने-अपने स्तर से प्रचार की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विभागीय माध्यमों और उपलब्ध प्रचार संसाधनों का उपयोग कर अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए।

सर्पदंश से किसान की मौत

मुहम्मदाबाद गाजीपुर। क्षेत्र के हरिबल्लमपुर उर्फ अलावलपुर गांव में मंगलवार की सुबह जहरीले सांप के डसने से 40 वर्षीय किसान की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी स्वर्गीय लक्ष्मण यादव के पुत्र लालजी यादव 40 वर्ष मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे रोज की तरह अपने धान के खेत की देखरेख करने गए थे। इसी दौरान खेत की मेड़ पर उन्हें किसी जहरीले सांप ने डस लिया। सर्पदंश के बाद उनकी हालत अचानक बिगड़ने लगी। परिजन और ग्रामीण उन्हें उपचार के लिए ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई।लालजी की अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह अपने पीछे पत्नी मीरा देवी, 15 वर्षीय पुत्र प्रिंस यादव और दो पुत्रियों खुशी एवं खुशबू को छोड़ गए हैं। परिवार के मुखिया और मुख्य कमाऊ सदस्य की मौत से पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।



प्रशिक्षण की तैयारियों की समीक्षा करते डीएम। छाया:आज

पारिवारिक बंटवारा में महिला को पीटा

जमानियां,गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के मच्छरमारा गांव में मंगलवार को पारिवारिक बंटवारे को लेकर हुई खूनी झड़प में मनबढ़ों ने 35 वर्षीय धनौती देवी पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण महिला मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ी। ग्रामीणों के जुटते ही लोग फरार हो गए। परिजन घायल महिला को अचेत अवस्था में कोतवाली लाए, जहां से पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवाया। पीड़ित पक्ष ने 4-5 लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



चेकिंग अभियान चलाती पुलिस। छाया:आज

दीपावली और छठ पर्व को लेकर रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

दिलदारनगर गाजीपुर। दीपावली और छठ महापर्व के मद्देनजर सोमवार की देर रात दिलदारनगर रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान प्लेटफॉर्म और सर्कुलेटिंग एरिया में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही यात्रियों को साइबर अपराध और अन्य आपराधिक गतिविधियों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश दीप और पुलिस महानिरीक्षक रेलवे एम. कोलांची के आदेश तथा पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज प्रशांत वर्मा के निर्देशन में अभियान चलाया गया। थानाध्यक्ष दिलदारनगर संतोष कुमार राय और जीआरपी चौकी प्रभारी अश्वनी कुमार पटेल ने पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्मों और सर्कुलेटिंग एरिया में चेकिंग की। प्लेटफॉर्म नंबर एक पर यात्रियों को जागरूक करते हुए पुलिस अधिकारियों ने साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है तो तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराए। यात्रियों से अपील की गई कि ट्रेन या प्लेटफॉर्म पर किसी अनजान व्यक्ति से खाने-पीने की वस्तु अथवा प्रसाद स्वीकार न करें। अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार निगरानी कर रही है।

कल निकलेगा कलश शोभायात्रा

जमानियां, गाजीपुर। क्षेत्र अंतर्गत घरोहिया करमहरी गांव स्थित भवानी माता मंदिर के जीर्णोद्धार एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम दरबार मूर्ति स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में क्षेत्रवासियों के सहयोग से पंच दिवसीय भव्य श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल है। धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ 5 नवंबर को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा सुबह 9 बजे करमहरी गांव से गाजे-बाजे के साथ बलुआ घाट जमानियां के लिए प्रस्थान करेगी, जहां से पवित्र गंगाजल भरकर कलशों की स्थापना की जाएगी।

नीट में चयन से पहले छात्रा की मौत

कठवामोड़ गाजीपुर। नोनहरा थाना क्षेत्र के थनईपुर गांव निवासी इंजीनियर देवराज शर्मा की 20 वर्षीय बेटी रीतू शर्मा की प्रयागराज के झूंसी स्थित त्रिवेणीपुरम कॉलोनी में सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रीतू नीट की तैयारी कर रही थी। पुलिस को उसके कमरे से चार पन्नों का सुसाइड नोट मिला है, जिसमें नीट में सफलता नहीं मिलने का जिक्र बताया जा रहा है। विडंबना यह रही कि छात्रा की मौत के बाद सोमवार शाम जारी नीट के परिणाम में उसका चयन सोनभद्र मेडिकल कॉलेज में हो गया। इस खबर के बाद थनईपुर गांव सहित पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, देवराज शर्मा प्रयागराज के झूंसी स्थित त्रिवेणीपुरम कॉलोनी में मकान बनवाकर परिवार के साथ रहते हैं। उनकी बेटी रीतू नीट की तैयारी कर रही थी, जबकि बेटा ऋषिराज देहरादून में बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। परिजनों के मुताबिक, रविवार रात भोजन करने के बाद रीतू अपने कमरे में पढ़ने चली गई थी। सोमवार दोपहर तक कमरे से बाहर नहीं आने पर पिता ने कई बार आवाज लगाई। जवाब नहीं मिलने पर खिड़की से अंदर झांका तो वह अचेत अवस्था में मिली। सूचना पर पहुंची झूंसी पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोलकर शव बरामद किया। मौके से चार पन्नों का सुसाइड नोट और लाइसेंसी पिस्टल बरामद हुई। पुलिस ने नोट, मोबाइल और अन्य साक्ष्य कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। एसीपी झूंसी अरुण पराशर ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।रीतू की मौत से पिता देवराज शर्मा और मां अमवती शर्मा का रो-रोकर बुरा हाल है।

अशरफ और हमजा का यूपी अंडर-१४ फुटबाल टीम में चयन

दिलदारनगर गाजीपुर। क्षेत्र के उसियां गांव के दो होनहार फुटबॉल खिलाड़ियों अशरफ खान और हमजा खान का चयन उत्तर प्रदेश की अंडर-14 टीम में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अशरफ खान और हमजा खान ने अपनी मेहनत, लगन और खेल प्रतिभा के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। अब दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोनों खिलाड़ी आगामी नौ नवंबर को मध्य प्रदेश के लिए रवाना होंगे, जहां आयोजित राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

आबादी और वन्यजीवों दोनों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग तत्पर

जमानियां,गाजीपुर। वन रेंज क्षेत्र में आबादी और वन्यजीवों दोनों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग की स्पेशल टीम पूरी तरह मुस्तैद है। विभाग ने पिछले एक वर्ष के भीतर रिहायशी इलाकों से अजगर और कोबरा सहित एक दर्जन से अधिक विषैले व विषहीन सांपों का सुरक्षित रेस्क्यू कर उन्हें प्राकृतिक वास में छोड़ा है।आबादी वाले क्षेत्रों अथवा परिसरों में सांप निकलने की सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम तुरंत मौके पर पहुंचती है और सावधानीपूर्वक उन्हें सुरक्षित पकड़ती है। इससे स्थानीय नागरिकों को भय से राहत मिलने के साथ-साथ बेजुबान जीवों का जीवन भी सुरक्षित रहता है। वन क्षेत्राधिकारी जयशंकर प्रसाद वर्मा ने बताया कि बीते एक वर्ष में कई अजगरों और कोबरा सांपों का सफल रेस्क्यू किया गया है। भारतीय अजगर देश की प्रमुख प्रजातियों में शामिल है, जिसका शरीर भारी-भरकम और भूरे धब्बों वाला होता है। यह अमूमन जंगलों, घास के मैदानों और जलस्रोतों के समीप वास करता है। चूहे, खरगोश और पक्षी इसका मुख्य आहार हैं, और एक बार शिकार करने के बाद यह हफ्तों तक बिना भोजन के जीवित रह सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत अजगर को मारना या उसका शिकार करना एक संगीन कानूनी अपराध है।

वार्षिकोत्सव पर १० हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद

मुहम्मदाबाद गाजीपुर। मंगई नदी के पावन तट पर स्थित हाटा गांव का नर्मदेश्वर महादेव मंदिर मंगलवार को आस्था और भक्ति के महासंगम का साक्षी बना। मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव पर आयोजित विशाल भंडारे में दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण किया। हर-हर महादेव और नम: शिवाय के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि मंदिर का भव्य स्वरूप गांव के युवाओं के सामूहिक संकल्प और श्रमदान का परिणाम है। युवाओं ने दिन-रात मेहनत कर महज आठ महीने में मंदिर का जीर्णोद्धार पूरा कराया था। उनकी इस पहल ने पूरे क्षेत्र में एक मिसाल कायम की।

उज्ज्वला लाभार्थियों को मिलेगा होली पर मुफ्त गैस सिलेंडर

गाजीपुर। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश सरकार ने लाभार्थियों को होली के अवसर पर मुफ्त गैस सिलेंडर रिफिल की सुविधा देने की शुरुआत की है। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार से प्रदेश के 1.89 करोड़ लाभार्थियों के खातों में सब्सिडी हस्तांतरण का शुभारंभ किया। इसके तहत प्रदेश सरकार की ओर से 1500 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई। इसी क्रम में गाजीपुर के राइफल क्लब में आयोजित कार्यक्रम में 265 उज्ज्वला लाभार्थियों को नि:शुल्क गैस सिलेंडर वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल रहीं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वेद सिंह चौहान और जिला पूर्ति अधिकारी अनंत प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं गैस एजेंसी संचालक मौजूद रहे।उन्होंने बताया कि जिले में एक भरे सिलेंडर की कीमत लगभग 1014 रुपये है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से 366 रुपये और प्रदेश सरकार की ओर से 648 रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। दोनों सब्सिडी अलग-अलग खातों में अंतरित होंगी।



किसानों को मृदा संरक्षण एवं उर्वरक प्रबंधन की दी गयी जानकारी

सेवराई, गाजीपुर । स्थानीय तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड भदौरा के अंतर्गत ग्राम सभा मिश्रवलिया में कृषि विभाग द्वारा खेत बचाओ अभियान के तहत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य किसानों को मृदा संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने तथा बेहतर कृषि उत्पादन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. शशांक सिंह ने किसानों को मृदा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने मिट्टी के स्वास्थ्य, मृदा की गुणवत्ता बनाए रखने तथा वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए किसानों को जागरूक किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के सहायक विकास अधिकारी वेद प्रकाश सिंह ने भी किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं एवं खेती में वैज्ञानिक तकनीकों के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान उपेन्द्र सिंह यादव ने की, जबकि गोष्ठी का सफल संचालन क्षेत्र पंचायत सदस्य मुन्ना राम ने किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने कृषि एवं मृदा से संबंधित जानकारियां प्राप्त कीं तथा खेतों की मिट्टी को स्वस्थ एवं उपजाऊ बनाए रखने के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।



किसान गोष्ठी को संबोधित करते वक्ता। छाया:आज

अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर लगेगी लगाम

गाजीपुर। आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग की ओर से विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 2 नवंबर से 11 नवंबर 2026 तक कुल 10 दिनों तक संचालित होगा। इस दौरान अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, भंडारण और परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए विभाग की टीमें लगातार कार्रवाई करेंगी। जिला आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, शासन के निर्देश पर त्योहारों के दौरान अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके तहत प्रतिदिन अवैध रूप से बेची जा रही शराब के खिलाफ छापेमारी की जाएगी। साथ ही जिले की लाइसेंसी शराब की दुकानों का भी नियमित निरीक्षण किया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर समय रहते कार्रवाई की जा सके। अभियान के दौरान यदि किसी दुकान पर बिना अनुमति के देशी शराब की बिक्री होती पाई गई तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिला आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि अभियान के तहत विभागीय टीमें सक्रिय रहेंगी और अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

एक नज़र इधर भी

महिला का चेन छीनकर उचक्के फरार

बिरनो, गाजीपुर। थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने एक महिला को अपना निशाना बनाया और उनके गले से मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटना के बाद पुलिस महकमे में भी हलचल मच गई। जानकारी के अनुसार, तरछा चौबेपुर गांव निवासी विमल देवी पत्नी कमल राजभर कान की दवा करवाकर अपने घर वापस लौट रही थीं। इसी दौरान चककपिल गांव के पास मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवक उनके पास पहुंचे। युवकों ने महिला से रास्ता पूछने के बहाने बातचीत शुरू कर दी। महिला कुछ समझ पातीं, इससे पहले ही बदमाशों ने मौका देखकर उनके गले से मंगलसूत्र छीन लिया और बाइक से फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बदमाश दूर निकल चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही बिरनो थानाध्यक्ष पन्ने लाल यादव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़िता से घटना की जानकारी ली। इस संबंध में थानाध्यक्ष पन्ने लाल यादव ने बताया कि पीड़िता के पुत्र आकाश राजभर की तहरीर के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन दूसरे दिन भी रहा जारी

जमानियां,गाजीपुर। फुपुक्टा और वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर शिक्षक संघ के आह्वान पर स्थानीय हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षकों का अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर चल रहा विरोध प्रदर्शन मंगलवार को दूसरे दिन भी पूरी एकजुटता और जोश के साथ जारी रहा। केंद्र और राज्य सरकार के नकारात्मक व उदासीन रुख के खिलाफ शिक्षकों का



विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक। छाया:आज

गुस्सा लगातार दूसरे दिन भी सभा और प्रदर्शन के रूप में फूट पड़ा।आज के प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि सरकार उनकी जायज मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रही है, जिससे शिक्षक वर्ग में भारी रोष व्याप्त है। पुरानी पेंशन बहाली, सेवा शर्तों में सुधार, समयबद्ध पदोन्नति और उच्च शिक्षा से जुड़ी अन्य प्रमुख मांगों को लेकर शासन स्तर पर कोई ठोस पहल न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार अब भी नहीं चेती और शिक्षकों की समस्याओं का समाधान जल्द नहीं किया गया, तो इस आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।आज के विरोध-प्रदर्शन में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

रावण दहन के साथ रामलीला का समापन

उतराव, गाजीपुर। क्षेत्र के उतरांव गांव का रामलीला मेला रावण दहन के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान भारी संख्या में क्षेत्र के नर-नारी रामलीला मैदान पहुंच रामा दल व रावण दल के बीच हुए संग्राम को देखा।राम रावण के हुए बीच भीष्म संग्राम को देखने के लिए अंतिम समय तक लोग मैदान में जुटे रहे। सुरक्षा के मद्देनजर करीमुद्दीनपुर पुलिस पूरे मेला क्षेत्र में चक्रमण करती रही। मेला में पहुंचे युवा नेता हिमांशु राय द्वारा चबूतरा तथा मेला की सीढ़ियों को बनवाए जाने का वादा किया गया। उतरांव गांव का यह रामलीला मेला हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक के रूप में भी जाना जाता है।प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उतरांव गांव का ऐतिहासिक मेला बड़े ही जोश-खरोस व धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। रावण के मारे जाने के साथ ही राम का जय जयकार होने लगा। अंत में रावण के लगभग तीस फीट ऊंचे पुतले को जलाया गया। मेले में पहुंचे लोगों ने जमकर खरीदारी की तथा मनपसंद मिठाई व चाट सहित अन्य चीजों का लुत्फ उठाया। मेला के प्रबंधक हरिहर तिवारी द्वारा मेला में आए हुए सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

नपा ने चलाया कर वसूली एवं ओटीएस जागरुकता अभियान



जागरुकता अभियान चलाते नपा कर्मी। छाया:आज

गाजीपुर। नगर पालिका परिषद गाजीपुर की ओर से राजस्व वृद्धि और बकाया करों की वसूली को लेकर मंगलवार को महुआबाग स्थित दत्ता कॉम्प्लेक्स में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान व्यापारियों के गृहकर एवं जलकर के बकाये की पैमाइश कर उन्हें भुगतान के लिए जागरूक किया गया। कर अधीक्षक जय प्रकाश और राजस्व निरीक्षक मंजीत सिंह एवं रविंद्र कुमार सोनकर के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने व्यापारियों से संपर्क कर शासन की एकमुश्त समाधान योजना ओटीएस की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह योजना 15 अगस्त से 15 दिसंबर 2026 तक लागू है। इसके तहत पुराने गृहकर, जलकर और व्यावसायिक कर के बकाये पर ब्याज एवं जुर्माने में छूट का लाभ दिया जा रहा है। टीम ने व्यापारियों से अपील की कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने बकाया करों का भुगतान कर योजना का लाभ उठाएं, जिससे नोटिस और अन्य प्रशासनिक कार्रवाई से भी बचा जा सके। जमा किए गए कर से शहर में साफ-सफाई, सड़क और प्रकाश व्यवस्था सहित विकास कार्यों को गति मिलती है। अभियान में जावेद, टैक्स विभाग के कर्मचारी सन्नी कुमार, गोविन्द चौरसिया, आकाश दुबे तथा कंप्यूटर ऑपरेटर योगेश कुमार शामिल रहे।

२.२१ लाख उज्ज्वला लाभार्थियों को मिली मुफ्त सिलेंडर की सौगात

परिवहन मंत्री ने दस महिलाओं को बांटे चेक, उज्ज्वला योजना के तहत खातों में ट्रांसफर हुई धनराशि



बलिया। दीपावली के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत रुपए 1500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.89 करोड़ से अधिक पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का वितरण कार्यक्रम परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। परिवहन मंत्री ने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा त्योहारों के अवसर पर उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क रसोई गैस सिलिंडर देने के वादे के तहत प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में बताया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से इस योजना का औपचारिक शुभारंभ किया। इसी क्रम में बलिया जिले के 2,21,112 उज्ज्वला लाभार्थियों के बैंक खातों में मुफ्त सिलिंडर की निर्धारित राशि (सब्सिडी) सीधे ट्रांसफर की गई है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा हर वर्ष होली और दिवाली के पर्व पर उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को एक-एक भरा हुआ सिलिंडर मुफ्त प्रदान किया जाता है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के समय गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कम करना तथा उनके जीवन में खुशियाँ लाना है। उन्होंने कहा कि 01 मई 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बलिया की पावन धरती से ही 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' की ऐतिहासिक शुरुआत की थी। इस योजना के तहत अब तक देशभर की लगभग 12 करोड़ महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं चूल्हे पर खाना बनाती थीं, जिससे निकलने वाले धुएं के कारण वे गंभीर बीमारियों की चपेट में आ जाती थीं। धुएं और कठिन जीवनशैली के कारण महिलाओं की मृत्यु दर बढ़ जाती थी और कई महिलाएं कम उम्र (50-60 वर्ष) में ही काल के गाल में समा जाती थीं। कन्या सुमंगला योजना के तहत परिवार में बेटी का जन्म होने पर तत्काल 5,000 रूपये की आर्थिक सहायता और आगे की पढ़ाई के लिए चरणबद्ध मदद दी जाती है। वहीं जननी सुरक्षा योजना में ग्रामीण महिलाओं को संस्थागत प्रसव पर 1,400 रूपये की सहायता राशि दी जाती है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में अनाथ या दुर्घटना में माता- पिता को खो चुके बच्चों (दो बच्चों तक) को 2,500 प्रति माह की सहायता प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में सीडीओ आलोक कुमार, जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षक की नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी का आरोप, मुकदमा

भीमपुरा (बलिया)। शिक्षक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की कथित ठगी करने तथा रकम वापस मांगने पर धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में भीमपुरा थाना क्षेत्र के सिहोरसिड़ गांव निवासी राजेश कुमार गौतम पुत्र शिवमुनि राम की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में राजेश कुमार गौतम ने राजकुमार यादव समेत कई लोगों पर नौकरी दिलाने के नाम पर अपने तथा अन्य अभ्यर्थियों से लाखों रुपये लेने का गंभीर आरोप लगाया है। एफआईआर में दर्ज शिकायत के अनुसार, शिकायतकर्ता का आरोप है कि 23 नवंबर 2018 को वीरेंद्र सकपाल पुत्र शिवनाथ राम निवासी ग्राम सपवार, थाना भीमपुरा ने उससे संपर्क किया और प्राथमिक शिक्षक की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। उसने बताया कि उसके संपर्क में ऐसे लोग हैं, जो यूपीटीईटी एवं सुपर टीईटी की परीक्षा पास कराकर प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक नियुक्त करा सकते हैं। इसी भरोसे में शिकायतकर्ता उसके साथ गड़वार थाना क्षेत्र के एक गांव में गया, जहां सुजीत कुमार उर्फ मन्नूलाल श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव समेत अन्य लोगों से मुलाकात कराई गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वहां मौजूद लोगों ने अपना परिचय देते हुए बताया कि उनके पास अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों को शिक्षक बनवाने की व्यवस्था है और इसके लिए प्रदेश के शिक्षा विभाग के अधिकारियों से लेकर मंत्रियों तक संपर्क होने की बात कही। आरोपितों ने प्रत्येक अभ्यर्थी से 15 लाख रुपये लेने की बात कही। शुरुआत में 50 हजार रुपये देने तथा शेष धनराशि आवश्यकता के अनुसार किस्तों में देने का भरोसा दिलाया गया। इसके बाद शिकायतकर्ता एवं अन्य लोगों ने विश्वास में आकर अलग-अलग तिथियों पर नकद और बैंक खातों के माध्यम से रकम देना शुरू कर दिया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि बाद में शिक्षक नियुक्ति के लिए कथित रूप से फर्जी प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए गए, लेकिन नौकरी नहीं मिली। काफी समय बीत जाने के बाद जब शिकायतकर्ता ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपितों ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। प्रकरण में शिकायतकर्ता ने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने, ठगी गई धनराशि वापस दिलाने तथा अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

भजन-कीर्तन की आड़ में धर्मांतरण का आरोप, आरोपी धराया

बेल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना क्षेत्र के तेदुआ गांव में कथित तौर पर प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराए जाने का मामला सामने आने से क्षेत्र में हलचल मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच-पड़ताल के बाद मुख्य आरोपी बताए जा रहे राम आशीष को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहनता से पड़ताल कर रही है। विवेचक ने मौके से धर्मांतरण से संबंधित अनेक पुस्तक व अन्य अभिलेख भी बरामद कर अभियुक्त को न्यायालय चालान कर दिया है। जानकारी के अनुसार उभांव थाना क्षेत्र के ग्राम पतनारी निवासी प्रवीण कुमार सिंह के अनुसार, वह तेदुआ गांव के रास्ते से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक स्थान से भजन-कीर्तन की आवाज सुनाई दी। जिज्ञासा वश उन्होंने वहां मौजूद लोगों से कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली। आरोप है कि इस दौरान उन्हें बताया गया कि वहां महिला और बच्चों को एकत्र कर ईसा मसीह से संबंधित भजन-कीर्तन कराया जाता है और धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और संबंधित स्थान पर जांच की। ग्रामीणों की शिकायत और मौके की परिस्थितियों के आधार पर पुलिस ने राम आशीष को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। हालांकि धर्मांतरण के आरोपों की वास्तविकता और इसके पीछे किसी प्रकार के प्रलोभन या अन्य गतिविधि की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

ई-रिक्शा खड्डु में गिरा, चालक घायल

बैरिया (बलिया)। बिहार से लाल बालू लेकर आ रही तेज रफ्तार ट्रक से बचने के प्रयास में ई-रिक्शा राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के किनारे खड्डु में गिर गया जिससे चालक घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने चालक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। वहीं ग्रामीणों के सहयोग से ई-रिक्शा को खड्डु से बाहर निकाला गया। चांद दियर निवासी राजेश यादव 30 वर्ष सुरेमनपुर सवारी पहुंचाकर मंगलवार की तड़के सुबह वापस लौट रहे थे कि करण छपरा गांव के सामने मांझी के तरफ से आ रही तेज रफ्तार बालू लदे ट्रक से बचने के चक्कर में ई-रिक्शा असंतुलित होकर सड़क के किनारे खड्डु में जा गिरा। घायल चालक को ई-रिक्शा से निकालकर सोनबरसा अस्पताल पहुंचाया। वहीं ई-रिक्शा को भी टांग कर स्थानीय लोगों द्वारा खड्डु से बाहर निकाल दिया गया।

ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष बने अनिल



बलिया। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ, जनपद बलिया का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विकासखंड हनुमानगंज के सभागार में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडेय की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। इसमें अनिल कुमार यादव को पुनः जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया गया, जबकि योगेश चौबे को जिलामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। नई जिला कार्यकारिणी में सुनील कुमार सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, परमानंद गुप्ता को कोषाध्यक्ष, हरीश कुमार, प्रशांत यादव, चंद्रभान गुप्ता और मित्रेश तिवारी को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं पवन कुमार यादव को संगठन मंत्री, राजेश यादव, अंशुमान सिंह और देवानंद गिरी को संयुक्त मंत्री तथा तेजबहादुर को उपमंत्री चुना गया। कन्हैया कुमार, अखिलेश पांडेय और राहुल यादव को प्रचार मंत्री तथा अविनाश गुप्ता को संप्रेक्षक बनाया गया। अधिवेशन को संबोधित करते हुए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडेय ने कहा कि संगठन की एकजुटता ही कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का मजबूत आधार है। मंडल अध्यक्ष सुशील तिवारी ने कहा कि कार्य के दबाव और राजनीतिक परिस्थितियों के बीच संगठन कर्मचारियों के लिए संबल का काम करता है। परिषद के जिलामंत्री विनोद मिश्रा, गिरीश पांडेय, दिनेश सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह, अनिल कुमार यादव आदि मौजूद रहे। योगेश चौबे ने आभार जताया।

छात्र अरशद की मौत के मामले में तीन शिक्षक गिरफ्तार

गड़वार (बलिया)। कनैला गांव स्थित नवीन पोखरा हरिजन बस्ती के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार के छात्र अरशद की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने तीन शिक्षकों को गिरफ्तार कर लिया। मृतक के बड़े भाई मोहम्मद सलमान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बाद मंगलवार को पुलिस ने वांछित आरोपी सहायक अध्यापक विजयशंकर, अनिल कुमार और शिक्षामित्र दीपचंद्र राम को गिरफ्तार कर लिया। उप निरीक्षक ओमप्रकाश यादव ने पुलिस टीम के साथ तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय चालान कर दिया। बताते चलें कि गड़वार थाना क्षेत्र के विसुकिया गांव निवासी इजहार का 12 वर्षीय पुत्र अरशद कनैला गांव के नवीन पोखरा हरिजन बस्ती स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार का छात्र था। सोमवार को वह रोज की तरह विद्यालय पढ़ने गया था। परिजनों का आरोप है कि विद्यालय के शिक्षकों ने उसे किचन की छत पर लौकी तोड़ने के लिए भेज दिया था। छत पर चढ़ने के दौरान वह पास से गुजर रहे 11 हजार केवी के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मंगलवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद अरशद का शव उसके पैतृक गांव विसुकिया पहुंचा तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक के पिता मद्रास से फ्लाइट के जरिए घर पहुंचे। घटना के बाद मंगलवार को कनैला स्थित प्राथमिक विद्यालय नवीन पोखरा में ताला बंद रहा। इस संबंध में एसडीआई विशाल यादव ने बताया कि छात्र की मौत के शोक में विद्यालय बंद रखा गया है। जल्द ही दूसरे स्टाफ की ड्यूटी लगाकर पठन-पाठन शुरू कराया जाएगा।

शिक्षामित्रों ने मांगों को लेकर परिवहन मंत्री को सौंपा ज्ञापन



बलिया। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने मंगलवार को गंगा बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान परिवहन मंत्री को शिक्षामित्रों की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया। संघ ने शिक्षामित्रों के स्थायीकरण, उनकी सेवावधि 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष किए जाने तथा सेवाकाल के दौरान मृत्यु होने पर परिवार के एक पात्र सदस्य को योग्यता के अनुसार सरकारी नौकरी एवं पर्याप्त आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की। संघ के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम में पहुंचे जिले के शिक्षा मित्रों ने मंत्री से कहा है कि प्रदेश सरकार ने हाल ही में शिक्षामित्रों के मानदेय में आठ हजार रुपये की वृद्धि करने के साथ ही उन्हें और उनके परिवार के लिए मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधा देकर सराहनीय कार्य किया है। जिलाध्यक्ष ने परिवहन मंत्री से शिक्षा मित्रों की मांगों को मुख्यमंत्री एवं शासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाकर समाधान की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। इस दौरान अखिलेश पांडेय, राकेश पांडेय, अजय श्रीवास्तव, निर्भय नारायण राय, हरेराम यादव, डिम्पल सिंह, मंजूर हुसैन, रणबीर सिंह, तेजनारायण सिंह, अभय सिंह, आनन्द पांडेय, भीरगुनाथ शर्मा, अरविंद कुमार, संजय प्रसाद, अरविंद तिवारी, अनिल मिश्रा, राजीव कुमार, हरेन्द्र, दिलीप सिंह, पप्पू कुंवर,, योगिंदर राम, अखिलेश वर्मा, सुग्रीव, रेखा सिंह, पिंकी उपाध्याय आदि उपस्थित थीं।

मूक-बधिर युवती के साथ युवक ने दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

बांसडीह (बलिया)। क्षेत्र के एक गांव में 21 वर्षीय मूक-बधिर युवती के साथ गांव के ही एक युवक द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार की भोर की बताई जा रही है। मामले में परिजनों की तहरीर पर मंगलवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित युवक नरेंद्र वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, युवती सोमवार की भोर में घर से खेतों में गोबर फेंकने गई थी। आरोप है कि इस दौरान पहले से ही घात लगाकर बैठे गांव के ही नरेंद्र वर्मा ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मूक-बधिर होने के कारण युवती शोर नहीं मचा सकी और न ही तत्काल किसी को घटना की जानकारी दे पाई। घटना के बाद युवती घर पहुंची और इशारों के माध्यम से अपनी मां को आपबीती बताई। युवती के हाव-भाव और इशारों से मां ने पूरी बात समझी और इसकी जानकारी उसके पिता को दी। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया। बताया जाता है कि मामले को लेकर गांव में पहले पंचायत भी हुई। हालांकि, बाद में परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज किया और आरोपित नरेंद्र वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया।

कथा सुनने गयी महिलाओं केजेवर झपटने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार

बलिया। बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के छोड़हर गांव में आयोजित कथा के दौरान महिलाओं के मंगलसूत्र, ज्यूतिया और लॉकेट झपटकर चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक पीली धातु का मंगलसूत्र और एक ज्यूतिया बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, दो नवंबर को छोड़हर गांव में आयोजित कथा में शामिल होने गई महिलाओं के आभूषण झपटकर चोरी कर लिए गए थे। इस मामले में बांसडीहरोड थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही थी। मंगलवार को उपनिरीक्षक नवीन कुमार श्रीवास्तव पुलिस टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुकदमे में प्रकाश में आई देवरिया जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र के औरंगाबाद निवासी निशा देवी (22) पत्नी राहुल प्रसाद और नीतू (25) पत्नी सूरज प्रसाद को ब्रह्माइन पुल के पास छोड़हर से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान निशा देवी के कब्जे से एक पीली धातु की ज्यूतिया और नीतू के कब्जे से एक पीली धातु का मंगलसूत्र बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर दोनों आरोपित महिलाओं को न्यायालय भेज दिया।

पैरावेट पशुमित्रों का कार्य बहिष्कार जारी

बेरुआरबारी (बलिया)। नियमित मानदेय की मांग पूरी नहीं होने से पैरावेट पशुमित्रों, लैमैन इन्सीमीनेटर और मैत्री कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। कई वर्षों से मानदेय की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे कार्यकर्ताओं का कहना है कि शासन को प्रस्ताव भेजे जाने के बावजूद अब तक उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इससे नाराज संगठन ने मांग पूरी होने तक कार्य बहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया है। संगठन की ओर से एडीएम और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर नियमित मानदेय के प्रस्ताव को स्वीकृति देने की मांग की गई है। अनुज कुमार सिंह, राकेश कुमार यादव, दिलीप कुमार, बब्लू कुमार, हरेन्द्र, प्रमोद तिवारी, अर्जुन कुमार, मिथिलेश कुमार, जितेंद्र वर्मा और अंजुलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री सविंदर सिंह का हुआ स्वागत

बलिया। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा में जिला मंत्री का नया दायित्व मिलने के बाद अपने गांव लौट रहे सविंदर सिंह का जगह-जगह भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों, समर्थकों और ग्रामीणों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्वागत कार्यक्रम के दौरान सविंदर सिंह के रतसर चौराहे पहुंचने पर भाजपा गड़वार मंडल अध्यक्ष उमेश सिंह और सुनील सिंह ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद पकड़ी स्थित भवानी स्थान पर बृजेश सिंह और अभिषेक सिंह ने उनका अभिनंदन किया। वहीं, अपने निज गांव पूर बाजार पहुंचने पर ग्रामीणों और समर्थकों ने फूल-मालाओं के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर रमेश तिवारी, अमित उपाध्याय, आयुष सिंह, हरेंद्र यादव, अभिमन्यु सिंह, विशाल सिंह, सोनू यादव, अंकज सिंह, मनोज सिंह, सोनू ठाकुर, मुकेश गुप्ता और इरफान शाह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। स्वागत से अभिभूत सविंदर सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया।



सरयू की कटान में समाया एक और मकान, मुहाने पर विद्यालय

दहशत में दियरांचल के ग्रामीण, पांच वर्षों में गोपालनगर और वशिष्ठ नगर के ३०० मकान नदी में विलीन



बैरिया (बलिया)। सुरेमनपुर दियरांचल में सरयू नदी का कटान लगातार तबाही मचा रहा है। गोपालनगर टांड़ी में पिछले पांच वर्षों के दौरान करीब 300 मकान नदी में समा चुके हैं। अब मंगलवार को वशिष्ठ नगर में भी सरयू नदी ने एक मकान को अपने आगोश में ले लिया। गोरखनाथ यादव का मकान कटान की जद में आने के बाद नदी में विलीन हो गया। वहीं गोपालनगर व वशिष्ठ नगर में 22 मकान कटान के मुहाने पर हैं, जो कभी भी नदी में समा सकते हैं। वहीं दूसरी ओर भूपनाथ के डेरा स्थित प्राथमिक विद्यालय के भवन की एक दीवार कटान के चलते सरयू नदी में धराशायी हो गई है। विद्यालय का पूरा भवन भी कभी नदी में समा सकता है। खतरे को देखते हुए शिक्षा विभाग ने विद्यालय के बच्चों को दूसरे विद्यालय से संबद्ध कर दिया है। वशिष्ठ नगर में दीनानाथ यादव, संजय यादव, मंजय यादव, वीरेंद्र यादव, सुनील यादव, राजकुमार यादव, लालजी यादव आदि का मकान कटान के मुहाने पर हैं। खतरे को देखते हुए संबंधित परिवारों ने अपने घरों को खाली करना शुरू कर दिया है। लगातार हो रहे कटान से पूरे दियरांचल में भय और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि इतनी बड़ी तबाही के बावजूद स्थानीय प्रशासन कटान रोकने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठा रहा है। प्रदीप यादव, सुनील यादव, राज रोशन यादव, राज प्रताप यादव और अधिवक्ता चंद्रशेखर यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी बलिया, सांसद सनातन पांडेय और विधायक जयप्रकाश अंचल का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराते हुए तत्काल कटानरोधी कार्य शुरू कराने की मांग की है।

एक नजर इधर भी

कटान स्थल का अधिकारियों ने लिया जायजा

बांसडीह (बलिया)। महाराजपुर नाहर छपरा में सरयू नदी का कटान जारी है। नदी किनारे की जमीन कट रही है और अब आबादी पर भी खतरा मंडरा रहा है। सोमवार को ग्रामीणों ने बांसडीह तहसील का घेराव किया। इसके बाद मंगलवार सुबह बाढ़ विभाग की टीम नाव से कटान वाले इलाके में पहुंची। अधिशासी अभियंता संजय मिश्रा के निर्देश पर सहायक अभियंता आकाश यादव, ग्राम प्रधान मुनीब यादव और ग्रामीणों ने कटान वाले इलाके का जायजा लिया। सोमवार को पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के संयोजक नागेंद्र बहादुर सिंह झुन्नू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसील का घेराव किया था। मंगलवार को संजय मिश्रा ने नदी की धारा और कटान का जायजा मौके पर भेजकर सहायक अभियंता आकाश यादव से को जरूरी रिपोर्ट ली। संजय मिश्रा ने बताया कि आबादी वाले हिस्से में कटान का सर्वे किया गया है। उन्होंने कहा कि बुधवार से तुरंत राहत के लिए मड पंप लगाकर जियो ट्यूब या जियो शीट से बचाव काम कराने की योजना है।

सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

रसड़ा (बलिया)। रसड़ा-प्रधानपुर मार्ग के डेहरी गांव के समीप मंगलवार की शाम सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। फिरोजपुर ग्रामवासी 55 वर्षीय कंठी राजभर बाइक द्वारा रसड़ा से अपने घर जा रहे थे कि डेहरी के समीप उनकी बाइक बेकाबू होकर सड़क पर पलट गई। घायल को रसड़ा सीएचसी लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

धान क्रय केंद्र पर किसानों की आवक कम

बेल्थरारोड (बलिया)। कृषि मंडी स्थित विपणन शाखा धान क्रय केंद्र पर व्यवस्था पूर्ण है, किंतु धान विक्रय के लिए किसानों की अभी आवक नहीं हो रही है। केंद्र पर धान क्रय करने की व्यवस्था है। खरीद से संबंधित उपकरण तथा किसानों के बैठने व पेयजल की व्यवस्था पूरी है। विपणन निरीक्षक परीक्षित आनंद ने बताया कि अब तक 70 किसानों ने धान विक्रय के लिए पंजीकरण कराया है। उन्होंने बताया कि धान की कटाई मड़ाई होने पर छठ पूजा के बाद धान विक्रय में तेजी आने की उम्मीद है।

मन में अहंकार, द्वेष रहने पर भक्ति अधूरी

गड़वार (बलिया)। धर्म का मतलब सिर्फ मंदिर जाना या पूजा-पाठ करना नहीं है। इसकी असली परीक्षा मनुष्य के व्यवहार और दूसरों के प्रति उसके आचरण में हैं। अहंकार और द्वेष मन में रहने पर भक्ति अधूरी है। उक्त बातें श्री जंगली बाबा धाम ट्रस्ट गड़वार के तत्वाधान में आयोजित हरिहरात्मक महायज्ञ में वृन्दावन से पधारे अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक पुंडरीक गोस्वामी ने मानस मंच से प्रवचन पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु श्रोतागणों से कथा के दौरान कही। उन्होंने श्रद्धालुओं को भक्ति, धर्म और जीवन के उद्देश्य बताए। उन्होंने बताया कि कथा मुश्किल हालात में विश्वास, धैर्य और सदाचार बनाए रखने की सीख देती है। धन, पद का अहंकार सच्चा सुख नहीं दे सकता। श्री जंगली बाबा धाम सेवा ट्रस्ट के संयोजक पंडित राहुल जी ने बताया कि यज्ञ को लेकर पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। यज्ञाचार्य सच्चा बाबा आश्रम प्रयागराज के सानिध्य में समस्त वैदिक कार्य संपादित हो रहे हैं। वहीं यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं का सुबह से ही तांता लगा रहा। यज्ञ स्थल पर मेला सा नजारा देखने को मिल रहा है।



फुटबाल प्रतियोगिता में दिल्ली, पंजाब, गुजरात, केरल ने जीते मुकाबले

पांच मैदानों पर खेले गये कुल २४ लीग मैच, पंजाब ने मेजबान उप्र को दी मात



बलिया। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 70वीं राष्ट्रीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन लीग मुकाबलों में दिल्ली, पंजाब, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, जम्मू कश्मीर, गुजरात व मध्य प्रदेश आदि ने अपने मुकाबले जीते। अंडर 17 बालक वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का दूसरा दिन मेजबान टीम के लिए थोड़ा मुश्किल भरा रहा जहां बेहद संघर्षपूर्ण मुकाबले में गत वर्ष की उप विजेता पंजाब ने मेजबान उत्तर प्रदेश को 1-0 से मात दे दिया। मंगलवार को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में शाम को खेले गए उक्त मुकाबले में मैच का एक मात्र गोल मैच के 21वें मिनिट में पंजाब के सबरजीत ने किया। बेहद संघर्ष के बावजूद मेजबान टीम एक भी गोल नहीं कर पाई। इसके पूर्व पंजाब की टीम ने मंगलवार की सुबह स्टेडियम में ही खेल गए एक अन्य मुकाबले में गोवा को 3-0 से मात दिया था। मिनी स्टेडियम शेर में तमिलनाडु में चंडीगढ़ को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से मात दिया। मिनी स्टेडियम शेर में खेले गए अन्य मुकाबलों में पश्चिम बंगाल ने हिमाचल प्रदेश को एक तरफा मुकाबले में 6-0 से मात दिया वहीं हरियाणा और झारखंड के बीच खेला गया मुकाबला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। रामदहीन सिंह इंटर कॉलेज, आमघाट में त्रिपुरा और मणिपुर का मैच 2-2 की बराबरी पर खत्म हुआ, वहीं गुजरात ने आंध्र प्रदेश को 4-2 व केरला ने सीबीएसई को 4-2 से पराजित किया। टाउन पॉलिटेक्निक पर पुडुचेरी ने कर्नाटक को 4-1, जम्मू कश्मीर ने छत्तीसगढ़ को 2-1, दिल्ली ने विद्या भारती को 3-0 से पराजित किया। वहीं उड़ीसा और असम के बीच खेला गया बेहद रोमांचक मुकाबला गोलरहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ। निर्णायक की भूमिका अमल कुंवर, मोहम्मद गयासुद्दीन, अजय यादव, मेहरुद्दीन, शनि कुमार, सौरभ कुमार, अजीत सिंह, चंद्रकांत राय, राजू कुमार आदि ने निभाई। इस दौरान हर्ष सिंह, क्रीड़ा अधिकारी जवाहर लाल यादव, प्रतियोगिता समन्वयक दिनेश कुमार सिंह, सह समन्वयक पंकज सिंह, फील्ड ऑफिसर द्रोणवीर सिंह यादव, मोहम्मद नईम अहमद, अश्विनी यादव आदि उपस्थित रहे।

विधायक ने तीन करोड़ के ४० विकास कार्यों का किया उद्घाटन

सिकंदरपुर (बलिया)। सिकंदरपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधि से कराए गए 40 विकास कार्यों का मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी ने एक साथ उद्घाटन किया। समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने इन विकास कार्यों को क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से कराए गए इन कार्यों में नवानगर ब्लॉक की 15, मनियर ब्लॉक की आठ और पंदह ब्लॉक की 17 परियोजनाएं शामिल हैं। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास की सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। सीमित संसाधनों के बावजूद विधायक निधि से गांवों में आवश्यक विकास कार्य कराए जा रहे हैं। हालांकि, बड़ी परियोजनाओं को पूरा कराने में बजट की कमी आड़े आ रही है। विधायक ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार की उदासीनता के कारण सिकंदरपुर क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स कॉलेज, खरीद-दरौली पक्का पुल और सिकंदरपुर मंडी जैसी परियोजनाओं का निर्माण धन के अभाव में अधर में लटका हुआ है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों, युवाओं और आम लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर डॉ. मदन राय, रामजी यादव, भीष्म यादव, अनंत मिश्रा, वीरबहादुर वर्मा, हृदय यादव, गुरुजलाल राजभर, देव नारायण, बबलू सिंह, धनंजय सिंह आदि मौजूद रहे।

चोलापुर में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

चोलापुर, । थाना क्षेत्र के नाद नदी पुल के पास सोमवार को देर शाम ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी चोलापुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, घायल की पहचान अमित मिश्रा ३५ वर्ष, निवासी रूपापुर मोहाव, थाना चोलापुर, के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अमित निजी कार्य से चोलापुर बाजार गये थे। नाद नदी पुल के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

कपसेठी में पांच लाख रुपये दहेज की मांग, पति समेत आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सेवापुरी। कपसेठी थाना क्षेत्र के बनकट गांव निवासी रूबी मौर्या की शिकायत पर पुलिस ने उनके पति इंद्रेश मौर्या समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों में पति के अलावा ससुर राम शिरोमणि मौर्या, सास अनीता देवी, जेठ प्रवेश मौर्या, जेठानी पूनम मौर्या और ननद श्वेता मौर्या शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।पीड़िता के अनुसार, उनकी शादी पांच दिसंबर २०२१ को भदोही जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के रैमलपुर (मकदुमपुर) निवासी इंद्रेश मौर्या के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में उनके मायके पक्ष ने करीब २० लाख रुपये खर्च किये थे। आरोप है कि शादी के बाद शुरुआती दिनों में सब कुछ ठीक रहा, लेकिन कुछ समय बाद ससुराल पक्ष के लोग पांच लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग का विरोध करने पर उनके साथ मारपीट और प्रताड़ना की जाने लगी। आरोप है कि उन्हें घर से निकाल दिया गया और कहा गया कि जब मायके से पैसे मिल जाएं, तभी वापस आना।

वर्गीकृत आज विज्ञापन

सूचना

सूचना- मेरी पुत्री का सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता संख्या 4612571576 संचालित किया था, जिसमें पुत्री का नाम प्रज्ञा यादव अंकित हो गया है, जो गलत व अशुद्ध है। मेरी पुत्री का सही व शुद्ध नाम **श्वेता यादव** है। उपरोक्त खाता में पुत्री का सही नाम दर्ज किया जाय। **निरमा यादव** पत्नी परमानन्द सिंह यादव ग्राम आराजी ओड़ासन, जिला गाजीपुर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पासपोर्ट संख्या H9702791.में मेरा नाम भूलवश शिवाक्ष मिश्रा अंकित है, जो गलत है वास्तविक में आधार कार्ड एवं सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र के अनुसार सही नाम **शिवाक्ष कुमार मिश्रा (SHIVAKASH KUMAR MISHRA)** पुत्र अंजनी कुमार मिश्रा, निवासी मकान नंबर S 10/33, मकबूल आलम रोड, चौकाघाट, थाना कैंट, वाराणसी है। इसका संशोधन किया जाना न्याय संगत होगा।

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक 2662532 का अंक पत्र मूल प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **अजीत कुमार** पुत्र श्री जवाहिर मौर्य ग्रा0पो0 बगहीं कुम्भापुर (सैयदराजा) जिला-चंदौली

PUBLIC NOTICE

I, NITI DHAWAN, wife of Late Pradeep Dhawan, hereby declare that my name has been erroneously recorded as "NEETI DHAWAN" instead of "NITI DHAWAN" in the school records of my child, KUSHAGRA DHAWAN, studying at St. John's School, Ledhupur, Varanasi. I hereby affirm that both names refer to one and the same person and that my correct name is **"NITI DHAWAN"**. This notice is issued for necessary correction in the concerned official records.

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

कार्यालय नगर पालिका परिषद, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, जनपद-चन्दौली

अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद्द्वारा फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत सड़क व जल निकासी हेतु दिनांक 12.11.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष कार्यालय अपर जिलाधिकारी वि./रा. महोदय के सापेक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रकाशन के पश्चात निर्धारित शुल्क जमाकर निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद, के निर्माण विभाग एवं जिलाधिकारी महोदय चन्दौली के कार्यालय से दिनांक 10.11.2026 को सायं 04.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में पालिका नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

राज्य वित्त/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत–

क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रू.	धरोहर धनराशि 10%	निविदा प्रपत्र की धनराशि	कार्य अवधि
1	वार्ड नं.–3 नईबस्ती में मुण्डल स्थल का सुन्दरीकरण कार्य। कार्य।	397462.00	39746.00	400.00	01 माह
2	वार्ड नं.–8 पथरा भाग–1 में राम सिंह यादव के मकान से मालधनी यादव के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली का निर्माण कार्य।	279272.00	27927.00	290.00	01 माह
3	वार्ड नं.–11 मवई भाग–1 अमरेश यादव के मकान से डीहबाबा मन्दिर तक आर.सी.सी. ह्यूम पाईप व इण्टरलाकिंग मरम्मत का निर्माण कार्य।	664694.00	66500.00	650.00	01 माह
4	वार्ड नं.–12 चन्धासी में संतोष जायसवाल के मकान से दिनेश चौहान के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली का कार्य एवं दिनेश चौहान के मकान से सुमित जायसवाल के मकान तक मिट्टी भराई का कार्य।	998562.00	99856.00	1000.00	01 माह
5.	वार्ड नं. 13 कालीमहाल में बालमुकुन्द के मकान से शंकर के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य।	146771.00	15000.00	200.00	01 माह
6.	वार्ड नं. 16 अलीनगर पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर पार्क परिसर की सुरक्षा व्यवस्था हेतु सी.सी. टी.वी. कैमरा अधिष्ठापन कार्य।	195000.00	19500.00	200.00	01 माह
7.	वार्ड नं. 25 मैनाताली में हरिहर मिश्रा से संजय तिवारी तक आर.सी.सी. रोड का निर्माण कार्य ।	987844.00	98700.00	1000.00	01 माह
8.	नगर पालिका सीमान्तर्गत डाला छठ के पावन पर्व पर घाट बैरिकेटिंग/रंगाई–पोताई जी.एस.बी भस्सी से गड्ढा भराई कार्य।	340500.00	34000.00	350.00	01 माह
9.	नगर पालिका सीमान्तर्गत वार्डो में इण्टरलाकिंग नाली मरम्मत क्रास चैनल, कार्य।	925000.00	92500.00	950.00	01 माह

निर्माण विभाग हेतु सामान्य नियम व शर्ते–

1. निविदा के साथ 10% प्रतिशत जमानत धनराशि एफ.डी.आर./एन.एस.सी./के.वी.पी. नगद जो अधिशासी अधिकारी, न.पा.प. पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, चन्दौली के पक्ष में बन्धक कराकर छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2– निविदा प्रक्रिया में ठेकेदार / फर्म को हैसियत सम्बन्धी (क्लास ए0, बी0 सी0डी0 एवं ई0) शासनादेश संख्या तक0 सेल /07/ निदे0 / 2019 दिनांक 28 जून, 2019 का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
3– प्रमुख सचिव महोदय, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश सं0–3890/ नौ–5–19–149सा /2019 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊः दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।
4– भारत सरकार के शासनादेश सं0–177/09/2022 / टी0आर0यू0 दिनांक 03.08.2022 के निर्देशानुपालन में सम्बन्धित फर्म /ठेकेदार को नियमानुसार जी0एस0टी0 की धनराशि देय होगी।
5. शासनादेश सं0–7158/नौ–5–23–524सा/2018 नगर विकास विभाग–5 लखनऊः दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 के अनुपालन में कार्य स्थल पर समान अक्षरों में शिलापट्ट पर स्थानीय/क्षेत्रीय विधायक एवं अध्यक्ष महोदय नाम अंकन कराना अनिवार्य होगा।
6– शासनादेश संख्या– 24वी.आई.पी. (1)/नौ–5–2017–120 बजट/2013 दिनांक – 24 अगस्त 2017 के अनुपालन में ठेकेदार को निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात् 05 वर्ष तक रख रखाव/ अनुरक्षण करना होगा, इस अवधि में कोई खराबी पाये जाने पर ठेकेदार द्वारा स्वयं के व्यय / खर्च पर दुरूरत/ठीक कराया जायेगा। कार्य समाप्ति के पश्चात 05 प्रतिशत की धनराशि परफार्मेंस गारण्टी के रूप में 05 वर्ष तक समुचित रख–रखाव पूर्ण होने के उपरान्त सम्बन्धित ठेकेदार / फर्म को पुनः वापस किया जायेगा ।
7. निविदा के साथ चरित्र प्रमाण पत्र हैसियत प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0, श्रम विभाग का पंजीयन प्रमाण पत्र एवं विगत 03 वर्ष का आई0टी0आर0 की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8– प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य है।
9. स्वीकृत आगणन की धनराशि के अनुसार स्थल पर कार्य किया जाएगा। कार्य को बजट के अभाव में बन्द नही किया जाएगा।
10– प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत तथा निरस्त करने एवं नियम/ शर्तों / प्रतिबन्धों एवं शिथिल करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय में निहित होगा, किन्तु उसका उल्लेख पत्रावली पर नहीं किया जायेगा।
11. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है, तद्नुसार समक्ष स्तर से स्वीकृति उपरान्त ठेकेदार को भुगतान किया जायेगा।
12. मा. बोर्ड के प्रस्ताव संख्या–7 दिनांक–13.08.2024 के निश्चय के अनुपालन में जिस फर्म/ठेकेदार का कार्य सम्पन्न /पूर्ण नहीं होगा। सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार निविदा में प्रतिभाग नही करता है।
13. निविदादाता को निविदा स्वीकृत होने के पश्चात अपने व्यय से निर्धारित दर 210.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध पत्र भरना अनिवार्य होगा।
14. निविदा स्वीकृत के पूर्व ठेकेदार को शासनादेश सं.–692/23–7–2024 लोक निर्माण अनुभाग–7 दिनांक 09.08.2024 में निहित निर्देश निर्माण कार्य में परफार्मेंस सिक्योरिटी गारन्टी ली जायेगी, कार्य सन्तोष जनक व समय से पूर्ण न करने पर सम्बन्धित निविदादाता /फर्म की धरोहर धनराशि जब्त करते हुए, काली सूची में डाला जायेगा।
15. कार्य सन्तोष जनक होने की स्थिति में ही भुगतान की अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।
16. सम्बन्धित फर्म का किसी विभाग में कभी कोई वाद–विवाद न हुआ हो व फर्म किसी विभाग / सरकारी संस्था की काली सूची में दर्ज न हों। यदि ऐसा होगा तो निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।
17. जिस निविदादाता के पक्ष में निविदा स्वीकृत होगी, उसको कार्य करने के पूर्व /मध्य/अन्त की फोटोग्राफी अनिवार्य रुप से पत्रावली में संलग्न करना होगा।
18 सेवा प्रदाता/फर्म द्वारा कार्य संतोष जनक न किये जाने की स्थिति में सक्षम अधिकारी की सहमति से निविदा निरस्त कर, नियमानुसार जमानत धनराशि को जब्त कर ली जायेगी।
19. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी।
20. किसी भी वाद–विवाद की स्थिति में जिला एवं सत्र न्यायालय जनपद–चन्दौली का निर्णय सर्व मान्य होगा।

अवर अभियन्ता	अधिशासी अधिकारी	अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद	नगर पालिका परिषद	नगर पालिका परिषद
पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर	पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर	पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर
जनपद–चन्दौली	जनपद–चन्दौली	जनपद–चन्दौली

पत्रांक–562/अ.अ./न.पा.प.पं.दी.उ.न./2026–27 दिनांक–03 नवम्बर, 2026

उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड

ओबरा–सोनभद्र

ई–निविदा सूचना

1. **Bid No. GEM/2026/B/8177013,** Round the clock operation assistance of Ash Evacuation System, Operation and maintenance of AWRS of 5x200MW, BTPS, Obra, प्रपत्र शुल्क– 0.00, धरोहर राशि– रू0 59,512.00 धनराशि– रू 29,76,000.00, ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 07.11.2026
2. **Bid No. GEM/2026/B/8220744,** ओबरा तापीय परियोजना, 'अ/ब' ताप विद्युत गृह के कोल हैण्डलिंग प्लांट में स्थापित कोल क्रशर्स के ब्रेकडाउन मेंटिनेन्स का कार्य, प्रपत्र शुल्क– 0.00, धरोहर राशि– रू0 72,000.00 धनराशि– रू 36,06,419.00, ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 09.11.2026
3. **Bid No. GEM/2026/B/8207747,** Repairing of MOP & LOP, प्रपत्र शुल्क– 0.00, धरोहर राशि– रू0 10,000.00 धनराशि– रू 7,30,210.00, ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 17.11.2026
4. **Bid No. GEM/2026/B/8207694,** RLA of Condenser, प्रपत्र शुल्क– 0.00, धरोहर राशि– रू0 10,000.00 धनराशि– रू 6,75,000.00, ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 17.11.2026
5. **Bid No. GEM/2026/B/8214691,** Deployment of Expert during OH of TG unit 10, प्रपत्र शुल्क– 0.00, धरोहर राशि– रू0 10,000.00 धनराशि– रू 6,29,700.00, ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दि0 10.11.2026

निविदा के परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण आदि की सूचना हेतु नियमित रूप से **https://etender.up.nic.in** देखें।

संख्याः 105/ज०स०का०/निविदा दिनांक 03.11.2026

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

उत्तर मध्य रेलवे



प्रयागराज मण्डल

अभिव्यक्ति की अभिरूचि

रेलवे क्षेत्र/स्टेशन अप्रोच के सौंदर्यीकरण (वृक्षारोपण) हेतु उत्तर मध्य रेलवे के

चुर्क (63000 sqm), सोनभद्र (35000 sqm), पहाड़ा (124800 sqm), मानिकपुर (30000 sqm) और हाथरस फोर्ट (60000 sqm) स्टेशनों के लिए

अभिव्यक्ति की अभिरूचि आमंत्रित की जाती है।

ई.ओ.आई. जमा करने की अन्तिम तिथि

06.11.2026 को 12:00 बजे तक है।

वरि. मण्डल इंजीनियर (समन्वय) मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मण्डल नवाब युसुफ रोड, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश–211001

एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी के माध्यम से आवंटन किया जाएगा।

इस योजना से सम्बंधित किसी अन्य जानकारी हेतु संपर्क करे–9794837448, 9794837220

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://ncr.indianrailways.gov.in. पर जाये।

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 2505/26(AK)

कार्यालय प्रादेशिक को-ऑपरेटिव डेरी फेडरेशन लि०, इकाई-पराग पशुआहार निर्माणशाला, रामनगर, वाराणसी।

ई-निविदा सूचना

पी०सी०डी०एफ०लि०, सी०एफ०पी०, रामनगर, वाराणसी को कार्यालय कार्य एवं फील्ड भ्रमण कार्य हेतु 01 लेटेस्ट मॉडल की कार तथा 01 बोलेरो टैक्सी परमिट वाहन (मॉडलवर्ष 2025 से पूर्व का न हो अथवा न्यू हो) इस इकाई में किराये पर उपलब्ध कराने हेतु परिवहनकर्ताओं/फर्मों से ई-निविदा दिनांक 28.11.2026 को पूर्वान्ह 11.25 तक आहूत की जाती है। निविदाप्रपत्र के साथ ई-निविदा शुल्क रू0 1050/- व धरोहर धनराशि रू0 5000/- नकद/नेफ्ट द्वारा जमा करना अनिवार्य होग अन्यथा ई-निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। इच्छुक निविदादाता ई-टेण्डर से सम्बन्धित समस्त आवश्यक सूचना एवं प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी उ०प्र० सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं अथवा किसी भी जानकारी के लिए इकाई/कार्यालय मो0नं0 7705003952 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

पत्रांक 341/पीसीडीएफ/सीएफएफ/डीएनएस/परि०पत्रा0/2026-27 दिनांक :- 02/11/2026

(रामचरन)
इकाई प्रभारी

जंसा में युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

सेवापुरी। जंसा थाना क्षेत्र के परसीपुर गांव निवासी धमेन्द्र कुमार पुत्र स्व. लालता ने अपनी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। प्रार्थी के अनुसार उन्होंने अपनी २२ वर्षीय पुत्री की शादी १३ अप्रैल २०२६ को बड़ागांव थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी अजीत कुमार पुत्र स्व. लालचन्द्र के साथ की थी। बताया कि उनकी पुत्री करीब दो माह पूर्व ससुराल से मायके आयी हुई थी। आरोप है कि २४ अक्टूबर २०२६ को जौनपुर जिले के मडियाहूं कोतवाली क्षेत्र के जयरामपुर गांव निवासी अर्पित सरोज पुत्र चन्द्रबली सरोज अपने भाई आकाश सरोज के साथ उनके घर पहुंचा। दोनों उनकी पुत्री को कथित रूप से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गये। पीड़ित पिता का आरोप है कि उनकी पुत्री घर से अपनी मां पुष्पा देवी के काफी जेवरात और नकदी भी लेकर चली गयी है। उन्होंने पुलिस से मामले में कारवाई कर अपनी पुत्री का पता लगाने की मांग की है। वही इस मामले में जंसा पुलिस ने उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

कार्यालय नगर पंचायत बदलापुर, जौनपुर

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत बदलापुर, जौनपुर के समस्त पंजीकृत एवं शासनादेश सं0 3890/ नौ-5-19-149/2019 लखनऊ दिनांक 20.09.2019 के अनुसार ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि **"सीवरेज एवं जल निकासी योजना व नगरीय झील/तालाब/पोखरा/संरक्षण योजना के अन्तर्गत"** प्राप्त धनराशि से विभिन्न निर्माण कार्यों को करने हेतु ई-निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रोक्योरमेण्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निम्न शेड्यूल के अनुसार आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण, नियम/शर्ते वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

ई-टेण्डर शेड्यूल

क्र.सं.	विवरण	दिनांक व समय
1.	आनलाईन निविदा प्रकाशन की तिथि व समय	04.11.2026 अपरान्ह 02:00 बजे
2.	ठेकेदार फर्म द्वारा आनलाईन निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय	04.11.2026 अपरान्ह 03:00 बजे
3.	ठेकेदार फर्म द्वारा आनलाईन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय	25.11.2026 अपरान्ह 2:00 बजे
4.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	25.11.2026 अपरान्ह 03:00 बजे

(स्वतंत्र प्रताप सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बदलापुर, जौनपुर।

(सीमा सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बदलापुर, जौनपुर।

पत्रांक :4443/नि0सू0/2026-27 दिनांक: 03.11.2026

कार्यालय नगर पालिका परिषद चुनार मीरजापुर

पत्रांक–460/अ.अ.ई–नि.सू./रा.से.सी.नि.यो./2026–27 दिनांक–03.11.2026

अति अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

एतद्द्वारा समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य सेक्टर के सीवरेज एवं जलनिकासी योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कार्य कराये जाने हेतु ई–टेण्डर के माध्यम से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है। ई–निविदा 2 बिड, टेक्निकल व फाईनेन्शियल बिड के माध्यम से प्राप्त की जाएगी। निविदा संबंधी समस्त प्रपत्र लिफाफा में सील, बंद कर के दिनांक 19.11.2026 को अपरान्ह 11.00AM बजे तक कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा। उक्त निविदा दिनांक–19.11.2026 को अपरान्ह 01.00 PM बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्य दिवस में यथावत निविदा खोली जायेगी। ई–निविदा की प्रक्रिया निम्नानुसार है।

निविदा की आनलाईन उपलब्धता	निविदा अपलोड करने की तिथि	टेक्निकल बिड खोलन की तिथि	फाईनेन्शियल बिड खोलने की तिथि
दिनांक–04.11.2026 को 04.00 PM से दिनांक–18.11.2026 को 6.00 PM तक	दिनांक–04.11.2026 को 04.00 PM से दिनांक–18.11.2026 को 6.00PM तक	दिनांक–19.11.2026 को 01.00 PM	टेक्निकल बिड खोलने के उपरान्त निविदा प्रपत्रों के जांच के बाद फाईनेन्शियल बिड खोली जायेगी।

(विजय कुमार यादव)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद
चुनार, मीरजापुर

(मंसूर अहमद)
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद
चुनार मीरजापुर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मूल पंजीकृत दान विलेख दिनांक 11–09–2024, जो सुशील कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. गोपाल कृष्णदास अग्रवाल द्वारा स्वाति अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल एवं श्रुति अग्रवाल के पक्ष में, मकान संख्या 84, क्षेत्रफल 4855.592 वर्ग फुट अर्थात 451.26 वर्ग मीटर, स्थित मोहल्ला गंगेश्वर नाथ, परगना हवेली, तहसील चुनार, जनपद मिर्जापुर के सम्बन्ध में निष्पादित किया गया था तथा उप पंजीयक चुनार, मिर्जापुर में दस्तावेज संख्या 11015, पुस्तक 1, वॉल्यूम 7355, पृष्ठ 89 से 110 पर पंजीकृत है, वह गुम हो गया है।

उक्त सम्पत्ति की वर्तमान स्वामिनी– **श्रीमती सुधा अग्रवाल पत्नी विशाल कुमार अग्रवाल**, निवासी मोहल्ला गंगेश्वर नाथ, नगर पालिका परिषद चुनार, जनपद मिर्जापुर हैं, जिन्हें पंजीकृत दान विलेख दिनांक 26–06–2025, दस्तावेज संख्या 7303, पुस्तक 1, वॉल्यूम 7817, पृष्ठ 135 से 158 के माध्यम से स्वामित्व प्राप्त हुआ है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त सम्पत्ति अथवा दस्तावेज के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर सम्पर्क करें।

गिरीश त्रिपाठी, अधिवक्ता
मो. 9415222953

बाइकों की टक्कर, युवक की मौत

दो गंभीर, मृतक के दो मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

ज्ञानपुर। कोतवाली क्षेत्र के शिवरामपुर स्थित पेट्रोल पंप के सामने मंगलवार को दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार ज्ञानपुर कोतवाली क्षेत्र के पीपर गांव निवासी सूरज यादव (28) पुत्र किशोरी और विशाल (19) पुत्र विजयी किसी काम से दुल्हीपुर गांव गए थे। वहां से दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही शिवरामपुर पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रही प्रदीप की बाइक से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों घायलों को महाराजा चेतसिंह जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने सूरज यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं विशाल और प्रदीप की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद अन्यत्र रेफर कर दिया गया। सूरज के मौत की खबर मिलते ही परिवार के लोग और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के दो बेटे हैं। युवक की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। अस्पताल परिसर में परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया।



सड़क हादसे में युवक की गयी जान

गोपीगंज। कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के सोनखरी गांव निवासी युवक रितीक दुबे (22 वर्ष) की हंडिया ओवरब्रिज पर सोमवार की रात हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया गया है कि सोनखरी निवासी संतोष दुबे का पुत्र रितीक बाइक से हंडिया में भरत मिलाप देखने गया था। वापस लौटते समय ओवरब्रिज से उतरते वक्त वह किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया,जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है।

२१ को विशेष लोक अदालत

ज्ञानपुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर 21 नवंबर 2026 को जनपद न्यायालय भदोही में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) की धारा 138 के तहत लंबित चेक बाउंस के मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश चंद के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाली इस विशेष लोक अदालत की तैयारियां की जा रही हैं। इसका उद्देश्य लंबे समय से न्यायालयों में लंबित मामलों का आपसी सहमति से त्वरित समाधान कराना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव हरकिरन कौर ने संबंधित वादकारियों से अपील की है कि वे विशेष लोक अदालत में अधिकाधिक सहभागिता करें और आपसी सहमति से अपने मामलों का निस्तारण कराएं।

त्योहारों पर रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

ज्ञानपुर। आगामी दीपावली, भैया दूज, देव दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा और छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सुरक्षा, यातायात, विद्युत, साफ-सफाई और घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सभी विभागों को समय से व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस और निर्धारित सुरक्षा मानकों के विपरीत पटाखों की दुकानें नहीं लगेंगी। इच्छुक दुकानदारों को संबंधित एसडीएम कार्यालय में आवेदन कर अस्थायी लाइसेंस लेना होगा। दुकानें प्रशासन और पुलिस की ओर से निधार्ज़रित सुरक्षित स्थानों पर ही लगाई जाएंगी। दुकानों के बीच पयाज़्स दूरी, आवागमन के लिए खुला रास्ता और अग्निशमन के इंतजाम अनिवार्य होंगे। अग्निशमन यंत्र, बालू और पानी की व्यवस्था के साथ दुकानों के आसपास ज्वलनशील सामग्री रखने पर रोक रहेगी। धनतेरस और दीपावली पर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए प्रमुख बाजारों में बैरिकेडिंग, पार्किंग और ट्रैफिक डायवर्जन की व्यवस्था की जाएगी।नगर निकायों, डीपीआरओ और बीडीओ को विशेष सफाई अभियान चलाने, नालियों की सफाई, कूड़ा उठान और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। दीपावली के अगले दिन भी सफाई को प्राथमिकता देने को कहा। वहीं देव दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा और छठ पूजा के मद्देनजर रामपुर घाट, सेमराधनाथ और सीतामढ़ी सहित प्रमुख घाटों पर रस्सी से बैरिकेडिंग कराई जाएगी। बैठक में एडीएम शुभांगी शुक्ला, सभी एसडीएम, सीओ, थाना प्रभारी, अधिशासी अधिकारी, बीडीओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

संपूर्ण टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने का सुरक्षा कवच-डीएम

कलेक्ट्रेट से 'टीका मित्र' एलईडी प्रचार वाहन को दिखायी हरी झंडी

ज्ञानपुर। बच्चों को गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए संपूर्ण टीकाकरण बेहद जरूरी है। समय से सभी निर्धारित टीके लगने से बच्चों को संक्रामक बीमारियों से सुरक्षा मिलती है और उनका बेहतर शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। मंगलवार को जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से 'टीका मित्र' एलईडी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रचार वाहन जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को टीकाकरण के महत्व और इसके लाभों के प्रति जागरूक करेगा। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से अभिभावकों को निर्धारित समय पर बच्चों का टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने अपील की कि पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित टीके अवश्य लगवाएं। कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए। डीएम ने बताया कि बच्चों को पोलियो, टीबी, खसरा, रूबेला, हेपेटाइटिस-बी, निमोनिया, गलघोंटू, काली खांसी, टेटनस और जापानी इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियों से बचाने में टीकाकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अभिभावक बच्चों के टीकाकरण की निर्धारित तिथियों का ध्यान रखें और मातृ एवं शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड सुरक्षित रखें। उन्होंने बताया कि जन्म के समय बीसीजी, ओपीवी और हेपेटाइटिस-बी की खुराक दी जाती है। इसके बाद छह, 10 और 14 सप्ताह, नौ से 12 माह तथा 16 से 24 माह की आयु में अलग-अलग टीके लगाए जाते हैं। पांच वषज़् तक विटामिन-ए की खुराक भी निर्धारित अंतराल पर दी जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि



टीकाकरण के बाद बच्चे को करीब 30 मिनट तक स्वास्थ्य केंद्र पर निगरानी में रखना चाहिए। हल्का बुखार या इंजेक्शन वाली जगह पर सूजन होने पर स्वास्थ्यकर्मी की सलाह लें। किसी भी असामान्य परेशानी पर तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध है। यू-विन पोर्टल के माध्यम से भी पंजीकरण और स्लॉट बुकिंग की सुविधा है। डीएम ने अभिभावकों से अप्रमाणित सूचनाओं पर ध्यान न देने और स्वास्थ्य विभाग की सलाह के अनुसार बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण कराने की अपील की।

पांच विधाओं में हुनर दिखायेंगे जिले के युवा

ज्ञानपुर। जिले की युवा प्रतिभाओं को मंच देने और कला, संस्कृति व रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पांच नवंबर को जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। एक स्कूल भदोही में आयोजित होने वाले इस उत्सव की थीम 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' रखी गई है। इसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां पांच विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी के अनुसार, महानिदेशक प्रांतीय रक्षक दल, विकास दल एवं युवा कल्याण उत्तर प्रदेश के दिशा-निर्देश पर कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर 17 अक्टूबर को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई।

अर्पित की मौत के बाद परिवार का सहारा बने विधायक विपुल दुबे

गोपीगंज। गोपीगंज थाना क्षेत्र के केदारपुर शुक्लान गांव में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से 18 वर्षीय अर्पित शुक्ला की मौत के बाद आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवार को विधायक विपुल दुबे ने मदद का भरोसा दिया है। मंगलवार को गांव पहुंचे निषाद पार्टी के ज्ञानपुर विधायक ने परिवार को 50 हजार रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता दी। साथ ही मृतक की छोटी बहन की शादी की पूरी जिम्मेदारी उठाने और परिवार को पक्का मकान दिलाने का भरोसा दिया। मंगलवार, तीन नवंबर को सुबह करीब 10 बजे विधायक पीडित परिवार के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उनका दुख-दर्द सुना। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत परिवार को आवास उपलब्ध कराने तथा



जिला आपूर्ति अधिकारी को तत्काल अंत्योदय राशन कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने और बिजली बिल चुकाने में असमथज़्ता की जानकारी मिलने पर उसके समाधान का भी भरोसा दिया। विधायक ने अर्पित की छोटी बहन की शादी की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि बिटिया की शादी धूमधाम से कराई जाएगी। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि परिवार को किसी भी परिस्थिति में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और आगे भी हर संभव मदद की जाएगी। गौरतलब है कि केदारपुर शुक्लान निवासी अर्पित इंटरमीडिएट का छात्र था। दीपावली पर घर की रंगाई-पुताई के बाद लोहे की सीढ़ी वापस ले जाते समय वह 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया था। हादसे में उसकी मौत हो गई थी। माता-पिता की इकलौती संतान होने के कारण परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वहीं, विद्युत हादसे के मामले में इलेक्ट्रिकल सेफ्टी डायरेक्टर के निर्देश पर विभागीय इंस्पेक्टर घटनास्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट भेजेंगे। रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता मिलने का प्रावधान है। विधायक ने कहा कि हादसे के दिन भी वह परिवार के साथ खड़े थे और आगे भी हर मुश्किल में साथ निभाएंगे। बेटे को खोने के गम के बीच परिवार को अब सरकारी योजनाओं और आर्थिक सहायता से कुछ राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

धान की फसल में नुकसान की शिकायतों का होगा सर्वे

ज्ञानपुर। जिले में बेमौसम बारिश और चक्रवाती वर्षा से धान की फसल को हुए नुकसान के बाद प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों की शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। उप कृषि निदेशक डॉ. राम प्रवेश ने बताया कि अब तक टोल फ्री नंबर पर 2,655 खेतों में धान की फसल खराब होने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन शिकायतों के आधार पर प्रभावित खेतों का सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे पूरा होने के बाद पात्र किसानों के खातों में बीमा क्षतिपूर्ति की धनराशि भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि खरीफमौसम 2026 में जिले के कुल 18,500 किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराया है। इनमें 17,785 किसानों ने धान और 140 किसानों ने बाजरा की फसल का बीमा कराया है।

गंगा का जलस्तर सामान्य, फिर भी शुरू नहीं हुआ पीपा पुल निर्माण

कटरा। ज्ञानपुर तहसील क्षेत्र के धनतुलसी-डेंगुरपुर कोनिया घाट पर गंगा का जलस्तर सामान्य होने के बावजूद पीपा पुल का निर्माण अब तक शुरू नहीं हो सका



है। इससे गंगा पार आवागमन करने वाले हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि 21 अक्तूबर विजयदशमी के दिन निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए पूजा-पाठ किया गया था, लेकिन इसके बाद ठेकेदार मौके से नदारद हो गया। नवंबर माह शुरू होने के बावजूद घाट पर अब तक एक भी पीपा नहीं पहुंचा है। ऐसे में स्कूली बच्चों, किसानों, व्यापारियों और रोजाना आवागमन करने वाले लोगों को नाव के सहारे गंगा पार करनी पड़ रही है। लोगों को जान जोखिम में डालकर नदी पार करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि घाट पर पक्के पुल की बड़ी परियोजना का काम शुरू हो चुका है, लेकिन लोगों की तत्काल सुविधा के लिए बनाए जाने वाले अस्थायी पीपा पुल का निर्माण लटका हुआ है। इससे क्षेत्र के लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले में हस्तक्षेप कर ठेकेदार के खिलाफकारज़्वाई करने और जल्द पीपा पुल का निमाज़्ण शुरू कराने की मांग की है।

गृहकर दस गुना बढ़ाने के प्रस्ताव का विरोध

गोपीगंज। नगर पालिका परिषद गोपीगंज में स्वकर निर्धारण नियमावली 2024 के तहत गृहकर में लगभग दस गुना वृद्धि किए जाने के प्रस्ताव का विरोध शुरू हो गया है। इस संबंध में नामित सभासद ज्योति नारायण ने दो नवंबर को नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को पत्र सौंपकर प्रस्ताव पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। सभासद ने पत्र के माध्यम से कहा कि नई स्वकर निर्धारण नियमावली 2024 लागू होने से नगरवासियों को वर्तमान की तुलना में लगभग दस गुना अधिक गृहकर देना पड़ सकता है। इससे आम नागरिकों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन द्वारा मनमाने तरीके से प्रस्ताव पारित कर नियमावली लागू करने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

एटीएम कार्ड से जुड़ी दुर्घटना बीमा योजना से मृतक के परिवार को मिली दो लाख की सहायता

डीएम, यूनियन बैंक के क्षेत्र प्रमुख ने मृतक की पत्नी को सौंपा प्रतीकात्मक चेक

ज्ञानपुर। एटीएम कार्ड से संबद्ध दुर्घटना बीमा योजना संकट की घड़ी में एक परिवार के लिए आर्थिक सहारा बनी। दुर्घटना में जान गंवाने वाले खाताधारक के परिजनों को योजना के तहत दो लाख रुपये की बीमा सहायता प्रदान की गई। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की कौलापुर शाखा के खाताधारक स्व. विजय कुमार शर्मा निवासी ग्राम कौलापुर की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद बीमा योजना के तहत उनकी नामिनी पत्नी सोनी देवी को दो लाख रुपये की सहायता स्वीकृत की गई। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी शैलेष कुमार और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रयागराज के क्षेत्र प्रमुख शशिकांत प्रसाद ने संयुक्त रूप से सोनी देवी को दो लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक सौंपा। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकिंग सेवाओं के साथ मिलने वाली बीमा और



सामाजिक सुरक्षा योजनाएं विपरीत परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करती हैं। उन्होंने लोगों से अपने बैंक खातों से जुड़ी बीमा सुविधाओं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी लेने तथा पात्रता के अनुसार उनका लाभ उठाने की अपील की। गौरतलब है कि भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देश पर 28 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक वित्तीय समावेशन महाअभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार गुप्ता, यूनियन बैंक कौलापुर शाखा प्रबंधक अभिषेक वाजपेयी सहित बैंक के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

१६ से ३० नवंबर तक घर बैठे कर सकेंगे जनगणना-२०२७ के लिए स्व-गणना

ज्ञानपुर। जनगणना-2027 के तहत जिले में 16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना की प्रक्रिया संचालित होगी। इस दौरान नागरिक घर बैठे ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार के सभी सदस्यों का विवरण स्वयं दर्ज कर सकेंगे। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी शैलेष कुमार ने मंगलवार को जनपदवासियों से स्व-गणना में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि सटीक जनगणना देश के समग्र और संतुलित विकास की आधारशिला है। इससे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाएं तैयार की जाती हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक सही और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर जनगणना में अपनी जिम्मेदारी निभाए। उन्होंने बताया कि पहली बार स्व-गणना की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर उत्तर प्रदेश का चयन करेंगे। इसके बाद अपनी सुविधानुसार भाषा चुनकर मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी सत्यापन करना होगा। परिवार के वर्तमान निवास का विवरण दर्ज करने के साथ सभी सदस्यों की जानकारी भरनी होगी। निर्धारित 40 प्रश्नों के माध्यम से पहचान, आयु, वैवाहिक स्थिति, शिक्षा, भाषा, दिव्यांगता, रोजगार और निवास सहित अन्य जानकारियां मांगी जाएंगी। विवरण भरकर अंतिम रूप से सबमिट करने पर 11 अंकों की विशिष्ट एसई आईडी मिलेगी। इसे सुरक्षित रखना होगा, क्योंकि घर-घर जनगणना के दौरान इसकी आवश्यकता पड़ेगी। जिलाधिकारी ने एक परिवार का विवरण केवल एक बार भरने, गलत या अधूरी जानकारी नहीं देने तथा ओटीपी किसी अनधिकृत व्यक्ति से साझा नहीं करने की अपील की। जिलाधिकारी के अनुसार स्व-गणना के बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक घर-घर जाकर जनगणना का कार्य किया जाएगा। इसके बाद पांच से नौ जनवरी तक पुनरीक्षण होगा।

खाद-बीज की उपलब्धता, बंद नलकूपों को चालू कराने की मांग

दरवासी में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक में पांच प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

ऊंज। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक दरवासी स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में जिला अध्यक्ष श्यामधर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसानों की



विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके समाधान के लिए पांच प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में मांग की गई कि सभी सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े। साथ ही सभी राजकीय बीज गोदामों पर रबी फसलों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने की मांग की गई। किसानों ने विद्युत एवं यांत्रिक खराबी के चलते बंद पड़े सभी राजकीय नलकूपों को 48 घंटे के भीतर चालू कराने तथा जले हुए ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलने का प्रस्ताव पारित किया। इसके अलावा धान खरीद केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में बोरे उपलब्ध कराने और अधिक कांटे लगाकर धान की तौल शीघ्र कराने की मांग उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि मौसम खराब होने की आशंका के बीच धान की खरीद में देरी होने से किसानों की तैयार उपज खराब हो सकती है। इसलिए क्रय केंद्रों पर खरीद व्यवस्था तेज करना जरूरी है। बैठक में राजेश सिंह, मंगला प्रसाद सिंह, घनश्याम सिंह, घनश्याम बिंद, गोलू सिंह, रामदेव बिंद, रामप्रताप यादव, सूरज बली यादव, रामधीरज गुप्ता, एके चौबे सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

धनुष टूटते ही गूंजा जय श्रीराम का जयघोष

बाबूसराय। सारीपुर ग्रामसभा में श्री बजरंग रामलीला समिति की ओर से मंगलवार को धनुष यज्ञ लीला का भव्य मंचन किया गया। भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग करने का दृश्य देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। धनुष टूटते ही पूरा रामलीला परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। लीला का शुभारंभ राजा जनक द्वारा शतानंद के माध्यम से गुरु विश्वामित्र के साथ भगवान राम और लक्ष्मण को आमंत्रित करने से हुआ। भगवान राम के दर्शन पाकर मिथिला के नर-नारी आनंदित हो उठे। इस अवसर पर भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। रामलीला के आयोजन में पुरुषोत्तम पाठक, संजय पांडेय, सुरेंद्र मौर्य, आशुतोष विश्वकर्मा, बृजेश कुमार दुबे, सुरेश दुबे, धीरज दुबे, सत्यम पाठक, पीयूष पाठक गोलू, टीकू और विवेक पाठक सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

एक नज़र इधर भी

एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

ज्ञानपुर। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों को शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनसुनवाई के दौरान फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र एसपी के समक्ष प्रस्तुत किए। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण महज कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसका असर धरातल पर भी दिखाई देना चाहिए। पीडित पक्ष को न्याय मिलने के साथ ही वह कार्रवाई से संतुष्ट भी होना चाहिए। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ मानवीय और संवेदनशील व्यवहार किया जाए। उनकी शिकायतों को प्राथमिकता से सुनकर नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज करने सहित आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी।

सिद्धिविनायक अस्पताल के डाक्टरों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश

ज्ञानपुर। गोपीगंज स्थित सिद्धिविनायक अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अस्पताल में मरीज के उपचार में कथित लापरवाही, अल्ट्रासाउंड जांच में अनियमितता और इलाज के अभिलेख उपलब्ध नहीं कराने के आरोपों के बाद मरीज के परिजन से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। अपर सिविल जज (जू0डि0) प्रथम/न्यायिक मजिस्ट्रेट भदोही-ज्ञानपुर अंशुमान की अदालत ने 31 अक्टूबर 2026 को धीरेन्द्र तिवारी की ओर से धारा 173(4) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत दाखिल प्रार्थनापत्र स्वीकार करते हुए थानाध्यक्ष गोपीगंज को सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार विवेचना करने का निर्देश दिया। प्रार्थी धीरेन्द्र तिवारी निवासी लालानगर के अनुसार उनकी भाभी माया तिवारी को 15 मार्च 2026 को पेट में लगातार दर्द होने पर सिद्धिविनायक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि बार-बार ब्लीडिंग होने के बावजूद अस्पताल में संक्रमण बताकर उपचार किया जाता रहा और वास्तविक बीमारी का समय से पता नहीं चल सका। 20 मई को हालत गंभीर होने पर ब्लड टेस्ट और अल्ट्रासाउंड कराया गया। प्रार्थी ने अल्ट्रासाउंड कक्ष में प्रदर्शित चिकित्सक के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा जांच किए जाने का भी आरोप लगाया है। बाद में मरीज को वाराणसी के हेरिटेज अस्पताल ले जाया गया, जहां करीब दस दिन उपचार के बाद उसकी जान बच सकी। आरोप है कि पूर्व उपचार का पूरा मेडिकल रिकॉर्ड भी उपलब्ध नहीं कराया गया। प्रार्थी का आरोप है कि इस संबंध में अधिकारियों से शिकायत करने के बाद 30 मई को रात करीब 10:15 बजे विपक्षियों ने रास्ते में रोककर गाली-गलौज और मारपीट की। मोबाइल फोन पटककर क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे करीब 12 हजार रुपये का नुकसान हुआ। साथ ही शिकायत वापस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी दी गई। न्यायालय ने थाना गोपीगंज और मुख्य चिकित्साधिकारी की आख्या का अवलोकन किया। न्यायालय ने पुलिस विवेचना को आवश्यक मानते हुए मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

धान खरीद को लेकर कार्यशाला, केंद्र प्रभारियों को दिये निर्देश

ज्ञानपुर। खरीफविपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीद को पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार सरपतहां में कार्यशाला आयोजित की गई। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं जिला खरीद अधिकारी शुभांगी शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में क्रय केंद्र प्रभारियों को शासन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 36 धान क्रय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इनमें खाद्य विभाग के 18, पीसीएफके 17 और भारतीय खाद्य निगम का एक केंद्र शामिल है। इन केंद्रों के माध्यम से 28,500 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। खरीद एक नवंबर 2026 से 28 फरवरी 2027 तक होगी। शासन ने सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2441 रुपये और ग्रेड-ए का 2461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 72 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। उन्होंने बताया कि किसान खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट किसान मित्र ऐप या साइबर कैफे के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। धान का भुगतान आधार लिंक्ड एवं एनपीसीआई मैप्ड बैंक खाते में सीधे किया जाएगा।चेतावनी दी कि खरीद में अनियमितता या किसानों की परेशानी संबंधी शिकायत मिलने पर संबंधित केंद्र प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कार्यशाला में एसडीएम औराई, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, सहकारिता विभाग, पीसीएफ एफसीआई, मंडी समिति के अधिकारी, केंद्र प्रभारी और राइस मिलर्स मौजूद रहे।

जेवरात, नकदी चोरी करने का आरोप, एसपी से लगायी गुहार

ज्ञानपुर। कोईरौना थाना क्षेत्र के नगरदह गांव में घर के अंदर रखे बक्से का ताला तोड़कर करीब 25 लाख रुपये के जेवरात और 10 हजार रुपये नकद चोरी होने का मामला सामने आया है। पीडिता रेखा मिश्रा पत्नी अंबरीश मिश्रा ने अपने सगे पर चोरी में शामिल होने का संदेह जताते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। उन्होंने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराकर चोरी गए सामान की बरामदगी कराने की मांग की है। एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में रेखा मिश्रा ने बताया कि वह नगरदह, पोस्ट बेरवां पहाड़पुर की निवासी हैं। उनके पति उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग में कर्मचारी हैं। घर में रखे बक्से के लॉकर में उन्होंने अपने सोने-चांदी के जेवरात और करीब 10 हजार रुपये सुरक्षित रखे थे। आरोप है कि 28 अक्टूबर 2026 को शाम करीब 5:30 बजे उनके पति ने कुछ रुपये रखने के लिए दिए। जब वह बक्से में रुपये रखने पहुंचीं तो उसका ताला टूटा मिला।

शांतिभंग की आशंका में सात गिरफ्तार, १५३ वाहनों का चालान

ज्ञानपुर। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने शांति भंग की आशंका में सात लोगों को गिरफ्तार कर चालान किया। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर 153 वाहनों का चालान किया गया। इससे कुल एक लाख 61 हजार 500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, दो नवंबर को ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के सनकडीह गांव से उपनिरीक्षक सच्चिदानंद राय ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। गोपीगंज थाना क्षेत्र के सुजातपुर खलिया गांव से उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र यादव ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। वहीं दुर्गागंज थाना क्षेत्र के गौरी भोज चौर गांव से उपनिरीक्षक रामलाल राय ने चार लोगों को गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 126 और 135 के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में चालान किया गया। उधर, यातायात पुलिस ने नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान 140 दोपहिया और 13 चारपहिया समेत कुल 153 वाहनों का चालान किया गया।

अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ छह को

कस्तूरीपुर। क्षेत्र के चकिया स्थित एक स्कूल में छह नवंबर शुक्रवार को सुबह नौ बजे से अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का भव्य आयोजन किया जाएगा। क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होगा। आयोजन के दूसरे दिन सात नवंबर शनिवार को हवन-पूजन के साथ पूर्णाहुति दी जाएगी। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। विद्यालय के प्रबंधक दशरथ मिश्रा ने क्षेत्रीय श्रद्धालुओं से धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

बाल वैज्ञानिकों ने विज्ञान और नवाचार से सतत विकास के माडल किये प्रस्तुत

ज्ञानपुर। 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के तहत मंगलवार को काशी नरेश विश्वविद्यालय, ज्ञानपुर में जनपद स्तरीय परियोजना प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार' रही। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए बाल वैज्ञानिकों ने पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा, जल संचयन, खाद्य एवं स्वास्थ्य तथा भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी परियोजनाओं और नवाचारी मॉडलों का प्रदर्शन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पाण्डेय ने कहा कि विज्ञान केवल तथ्यों, सूत्रों और प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव कल्याण की खोज है। नवाचार इसी खोज को व्यावहारिक समाधान में बदलता है। उन्होंने कहा कि जब बच्चे अपने आसपास की समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए प्रयोग करते हैं, तभी विज्ञान वास्तविक जीवन से जुड़ता है। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस बच्चों में तार्किक चिंतन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रचनात्मकता विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच है। प्रो. डॉ. रश्मि सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को विज्ञान को अपने परिवेश और दैनिक जीवन से जोड़कर समझने का अवसर देते हैं। जिला समन्वयक एवं एसआरजी रत्नेश कुमार पाण्डेय ने परियोजनाओं को स्थानीय समस्याओं के व्यावहारिक समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

छठ पूजा को लेकर नगरपालिका ने कसी कमर, ईओ ने परखी व्यवस्था

नदी-घाटों की ओर जाने वाले रास्तों की मरम्मत और उत्तम प्रकाश व्यवस्था का दिया निर्देश

आजमगढ़। आगामी छठ पर्व और दीपावली को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने अभी से कमर कस ली है। पूजा के दिन कहीं किसी श्रद्धालु के सामने कोई समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए खुद नगरपालिका आजमगढ़ के अधिशासी अधिकारी/ उपनगर आयुक्त डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह ने कमान संभाल ली है। मंगलवार को उन्होंने नगर में स्थित महावीर घाट, भोला घाट, गौरीशंकर घाट, कदम घाट सहित सभी घाटों का निरीक्षण किया किया। पर्व को अधिक भव्य रूप देने के मकसद से उन्होंने घाट से लिंक मार्गों की मरम्मत, सभी लिंक मार्ग पर प्रकाश



व्यववस्था, घाटों की सफाई सहित घाटों पर उत्तम प्रकाश का प्रबंध करने का अधीनस्थों को निर्देश दिया। प्लास्टिक मुक्त छठ पर्व मनाने में नगरपालिका जोरशोर से लगी है। इन सभी व्यस्थाओं को चैयरमैंन अपनी देख रेख मे करवा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान वार्ड सभासदगण अतुल सिंह, महेन्दर यादव, आनंद देव उपाध्याय, राजू यादव, विजय दुबे आदि उपस्थित रहे।

निरीक्षण के बाद अधिशासी अधिकारी ने कहा कि पर्व कोई भी हो, उस दौरान व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। छठ पर्व लोक आस्था का महापर्व है। जिनके घरों में यह पूजा नहीं होती उन लोगों की भी आस्था इससे जुड़ी होती है और वह अर्घ्यदान के लिए घाटों पर पहुंचते हैं। उधर दीपावली से लेकर छठ पूजा तक त्योहारों की पूरी अवधि में आमजन को निर्बाध एवं त्वरित चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है। पटाखों से झुलसने, आगजनी अथवा अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं की स्थिति में तत्काल उपचार सुनिश्चित करने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनआर वर्मा ने जनपद के सभी प्रमुख चिकित्सालयों, सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालयों तथा ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के क्रम में झुलसने वाले मरीजों के त्वरित उपचार के लिए विभिन्न चिकित्सालयों में बर्न वार्ड एवं बेड आरक्षित किए गए हैं। मंडलीय जिला चिकित्सालय में 13 बेड का बर्न वार्ड क्रियाशील है, जबकि राजकीय मेडिकल कॉलेज में 12 बेड आरक्षित किए गए हैं। इसी प्रकार सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय लालगंज में 07, अतरौलिया में 03 तथा तरवां में 03 बेड आरक्षित किए गए हैं। सभी ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी दो-दो बेड आकस्मिक बर्न उपचार के लिए आरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बर्न ऑइंटमेंट , आई ड्रॉप्स, ड्रेसिंग सामग्री तथा अन्य आवश्यक एवं जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही त्योहारों की पूरी अवधि में चिकित्सकों, फार्मासिस्टों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की 24 घंटे रोस्टरवार ड्यूटी लगाने तथा आपातकालीन सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं। एंबुलेंस सेवाओं को भी किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल उपलब्ध रहने के लिए अलर्ट किया गया है।

तैयारी

दीपावली को लेकर सीएमओ ने भी जारी किये निर्देश, चिकित्सकों की २४ घंटे लगायी जायेगी ड्यूटी

बाइक सवार बदमाशों ने छीनी महिला सफाईकर्मी की चेन

सगड़ी, आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के जमसर गांव के पास मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे अज्ञात बाइक सवारों ने मोहम्मदपुर लाटघाट निवासी महिला सफाई कर्मचारी के गले से सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए। पुलिस और एसओजी की टीम सीसी फुटेज की जांच में जुटी थी। मंगलवार दोपहर गोरखपुर मुख्य मार्ग पर जमसर गांव के सामने तरौका ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी भानमती देवी अपने बेटे और बेटी के साथ इलाज कराने के लिए आजमगढ़ जा रही थीं कि पीछे से आए एक बाइक पर सवार दो युवकों ने बाइक सटाकर सफाई कर्मचारी भानमती से चेन छीन ली। सूचना मिलने पर लाटघाट चौकी इंचार्ज जाफर खान, जीयनपुर कोतवाल संजय सिंह और क्षेत्राधिकारी देशराज सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। मोहम्मदपुर लाटघाट निवासी भानमती देवी अपने बेटे और बेटी के साथ बाइक से दवा लेने आजमगढ़ जा रही थीं कि लाटघाट से करीब दो किलो मीटर आगे जीयनपुर मार्ग पर जमसर गांव के सामने पीछे से बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने उन्हें धक्का दिया और गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। इस दौरान भानमती बाइक से गिर पड़ीं, जिसमें उसको चोटें आईं वहीं। घटना की जानकारी मिलने पर जीयनपुर थानाध्यक्ष संजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। बदमाशों की पहचान और तलाश के लिए पुलिस आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही थी।

जीयनपुर क्षेत्र के जमसर गांव के पास हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्जदार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

भारत की प्रमुख विविधीकृत वित्तीय सेवा कंपनियों में से एक, आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड (एबीसीएल) के एनबीएफसी कारोबार ने आज वाराणसी में समर्पित शाखा शुरू करने की घोषणा की। यह शुरुआत आदित्य बिड़ला कैपिटल के व्यापक वित्तीय समाधान पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण विस्तार है और ग्राहकों को पारदर्शी, सुरक्षित तथा सुविधाजनक तरीके से संगठित स्वर्ण–आधारित ऋण उपलब्ध कराने की उसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। इस शुरुआत के बारे में आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी–एनबीएफसी, श्री राकेश सिंह ने कहा हमारे गोल्ड लोन कारोबार की शुरुआत आदित्य बिड़ला कैपिटल के व्यापक और ग्राहक–केंद्रित वित्तीय सेवा तंत्र के निर्माण की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वाराणसी में व्यापार, वाणिज्य तथा वस्त्र और हस्तशिल्प उद्योगों की मजबूत मौजूदगी इसे हमारे गोल्ड लोन कारोबार के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बनाती है। हमारी चरणबद्ध विस्तार योजना मजबूत गवर्नेंस, परिचालन उत्कृष्टता और आदित्य बिड़ला कैपिटल से जुड़े विश्वास के आधार पर निर्बाध ओम्नीचैनल अनुभव के माध्यम से विश्वसनीय, पारदर्शी और सुविधाजनक सुरक्षित ऋण समाधानों को अधिक लोगों तक पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

एंजेलवन ने दिवाली के लिए चुने आठ शेयरों में एजीआई इंफ्रा और रत्नवीर प्रिसिजन को शामिल किया

मुंबई, ब्रोकरेज फर्म एंजेल वन ने अपनी वार्षिक दिवाली निवेश सूची में विभिन्न क्षेत्रों के आठ शेयरों को शामिल किया है। इनमें एजीआई इंफ्रा, रत्नवीर प्रिसिजन और अपोलो माइक्रो सिस्टम्स प्रमुख हैं। ब्रोकरेज का कहना है कि भारत की विकास कहानी मजबूत बनी हुई है, हालांकि इसके साथ महंगाई का दबाव भी बढ़ रहा है। एंजेल वन की शगुन के शेयर्स दिवाली पिक्स रिपोर्ट 2026 में एजीआई इंफ्रा , रत्नवीर प्रिसिजन , नॉर्दर्न आर्क कैपिटल, इंजीनियर्स इंडिया, आरती फार्मा लैब्स, शांति गोल्ड, आईसीआईसीआई बैंक और अपोलो माइक्रो सिस्टम्स को शामिल किया गया है। ये शेयर बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं, औद्योगिक क्षेत्र, स्वास्थ्य सेवाओं, उपभोक्ता क्षेत्र, रियल एस्टेट और रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। 30 सितंबर तक के आंकड़ों के अनुसार, आईसीआईसीआई बैंक इस सूची का सबसे बड़ा शेयर था, जिसकी कीमत 1,398 रुपये और बाजार पूंजीकरण 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स 397.15 रुपये, रत्नवीर प्रिसिजन 359 रुपये और आरती फार्मा लैब्स 873 रुपये पर था। शांति गोल्ड, नॉर्दर्न आर्क कैपिटल और इंजीनियर्स इंडिया के शेयर क्रमश: 292.90 रुपये, 251.80 रुपये और 251.80 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। एजीआई इंफ्रा का भाव 238.70 रुपये था।

818 अंक सेंसेक्स चढ़ा, निफ्टी 23,655 के स्तर पर



मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी पूंजी के प्रवाह के बीच मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी जारी रही। बीएसई सेंसेक्स 818.53 अंक उछलकर 76,511.31 अंक पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 212.35 अंक चढ़कर 23,655.70 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से इंटरग्लोब एविएशन, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और इन्फोसिस के शेयर सबसे अधिक बढ़त में रहे। वहीं, सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी और पावर ग्रिड के शेयर में गिरावट दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का एसएसई कम्पोजिट गिरावट में कारोबार कर रहे हैं जबकि हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहा। अमेरिकी शेयर बाजारों में नैस्डैक कम्पोजिट और एसएंडपी 500 सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए जबकि डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज बढ़त के साथ बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का भाव मामूली बढ़त के साथ 104.8 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को शुद्ध रूप से 3,114.68 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। सेंसेक्स सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी के साथ 1,233.25 अंक चढ़कर और निफ्टी 387.70 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ था।

दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। ग्राहकी निकलने तथा हाजिर में माल की कमी के कारण काबली चना 500 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गया। दाल मिलों की मांग से दलहनों में चना–मूंग–उड़द–अरहर की कीमतों में 50/100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मांग बढने़ तथा आपूर्ति कमजोर होने से सरसों व इसके तेल के भाव 50/100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। जबकि अखाद्य तेलों में मांग कमजोर होने से राइसफैटी की कीमतों में 100 रुपये की गिरावट रही। आवक कमजोर होने से गुड़–शक्कर की कीमतों में स्थिरता रही। जबकि मांग कमजोर होने से चीनी में कारोबार ढीला रहा। किराना जिंसों में मांग बढने़ से बड़ी इलायची के भाव 20 रुपये तथा छोटी इलायची के भाव 50 रुपये प्रति किलो तेज हो गए। बिकवाली कमजोर होने से जीरे में भी 200 रुपये की सुर्खी रही। आयातकों की बिकवाली घटने तथा त्योहारी मांग निकलने से पिस्ते के भाव 50/100 रुपये तथा बादाम गिरी के भाव 20/25 रुपये प्रति किलो तेज हो गए। लू मांग बढने़ तथा राइस मिलों की बिकवाली कमजोर होने से बासमती चावल के भाव 100 रुपये बढकर 1509 चावल सेला 8400/8500 तथा स्टीम 8600/8700 रुपये व बासमती 1718 सेला 9400/9500 तथा 1401 स्टीम के भाव 10000/10100 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। ग्राहकी निकलने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से जौ 110 रुपये बढकर 2840/2860 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। दाल मिलों की मांग बढने़ तथा आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से उड़द 100/200 रुपये बढकर देसी 8200/9200 रुपये तथा रंगून एफएक्यू 9525/9550 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। बिकवाली कमजोर होने से मूंग भी 100 रुपये तेज होकर राजस्थान 8400/8700 रुपये प्रति क्विंटल हो गई।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त, लो.नि.वि., बलिया

पत्रांक:- 4670(i)/निविदा (नि.ख.)–बलिया वृत्त/2026 दिनांक:- 27.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के 'ए' भवन श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम 11 के अनुसार निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0–4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली–भाँति अध्ययन कर लें।

2. कार्य का विवरण:–

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
		स्वीकृत कार्य। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)								
1	बलिया	जनपद बलिया में निरीक्षण भवन के पीछे प्रांगण में टाईप–IV के 4 आवास का निर्माण कार्य।	207.05	12.35	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 2590.00	10 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0 वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया	मुख्य अभियन्त, आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ़	ए

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक–13.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक–20.11.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई–टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि–20.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक–20.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्वरत होगा। ऑनलाईन फाईनेंशियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0–1/2018–3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक–03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट – निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया

(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.:– 260127
दिनांक:– 02.11.2026
वेबसाईट:– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई खण्ड, सोनभद्र

पत्रांक:- 1134/ल.सि./लेखा/निविदा सूचना/2026-27 दिनांक:- 28.10.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं.:-08/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, सोनभद्र के अन्तर्गत जनपद/उपखण्ड सोनभद्र में "मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत" शासकीय/अर्द्धशासकीय भवनों पर रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना हेतु ऑनलाइन पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नानुसार रेनवाटर हार्वेस्टिंग के कार्यो हेतु पात्रता रखने वाले ऐसे फर्म/ठेकेदार जो सिंचाई विभाग, उ0प्र0, में पंजीकृत/सूचीबद्ध हों या ऐसे ठेकेदार जो लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 में दो वर्ष का कार्य करने का अनुभव रखते हो एवं उनके विरुद्ध कोई जांच लम्बित न हो, से प्रतिशत दर पर ई0 निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 07.11.2026 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 20.11.2026 को प्रातः 10.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगें। इस अवधि में निविदा अभिलेख http://etender.up.nic.in बेवसाइट से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 25.11.2026 को 12.00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त, प्रयागराज के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता महोदय, की अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के द्वारा डाउनलोड किया जायेगा। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्नीकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदा दाताओं के फाइनेन्सियल बिड दिनांक 27.11.2026 को 12:00 बजे से डाउनलोड किये जायेंगे। कार्यालय बन्द होने या राजकीय अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय डाउनलोड किया जायेगा। विशेष परिस्थितियों में निविदा डाउनलोड की तिथि/समय आदि में यदि कोई परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना ऑनलाइन /नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर उपलब्ध करा दी जायेगी।

रेनवाटर हार्वेस्टिंग कार्य का विवरण

क्र0 सं0	कार्य स्थल का विवरण: कार्य स्थल का नाम	ग्राम का नाम	विकास खण्ड का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रू0. लाख में)	धरोहर धनराशि 10% (रू0 लाख में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	निविदा मूल्य/ स्टेशनरी चार्ज (जी.एस.टी. सहित रुपेय में)
1	राजकीय हाई स्कूल पड़वनिया में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	पड़वनिया	घोरावल	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
2	श्री चन्द्रगुप्त मौर्य इ0का0 मधुपुर मे रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना कार्य	मधुपुर	करमा	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
3	पंचायत भवन पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना कार्य	मधुपुर	करमा	2.30	0.23	60 दिवस	860.00
4	प्राथमिक विद्यालय झपरी में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना कार्य	मधुपुर	करमा	2.30	0.23	60 दिवस	860.00
5	राजकीय हाई स्कूल सुकृत में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना कार्य	सुकृत	करमा	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
6	प्राथमिक विद्यालय बकाही में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना कार्य	बकाही	करमा	2.30	0.23	60 दिवस	860.00
7	रामगढ़ बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	ऐलाई, रैयाँ गोसाई	चतरा	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
8	पंचायत भवन पडरी खुर्द में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	पड़री खुर्द	चतरा	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
9	बहुउद्देशीय पंचायत भवन, सोढ़ा में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	सोढ़ा	चतरा	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
10	राजकीय बालिका हाई स्कूल चननी पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	चननी	कोन	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
11	प्राथमिक विद्यालय, चाँची खुर्द, कोन पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	चाँची खुर्द	कोन	2.48	0.25	60 दिवस	860.00
12	उ0प्रा0वि0 चाँचीकलां पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	चाँचीकलां	कोन	2.48	0.25	60 दिवस	860.00
13	राजकीय इंटर कालेज चपकी में जीव विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	चपकी	बभनी	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
14	पंचायत भवन पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	हथियार	बभनी	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
15	प्रा0वि0 पुनरवास और आंगनवाड़ी केन्द्र पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	हथियार	बभनी	2.98	0.30	60 दिवस	860.00
16	कम्पोजिट विद्यालय जामपानी में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	जामपानी	म्योरपुर	2.65	0.27	60 दिवस	860.00
17	कम्पोजिट विद्यालय बलियरी में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	बलियरी	म्योरपुर	2.65	0.27	60 दिवस	860.00
18	प्राथमिक विद्यालय उतरीटोला बलियरी में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	बलियरी	म्योरपुर	2.32	0.24	60 दिवस	860.00
19	प्राथमिक विद्यालय नवाटोला में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	नवाटोला	म्योरपुर	2.32	0.24	60 दिवस	860.00
20	कम्पोजिट विद्यालय फाटपखना में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना का कार्य।	फाटपखना	म्योरपुर	2.65	0.27	60 दिवस	860.00

उ.प्र.:– 260090
दिनांक:– 02.11.2026

(पवन कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई खण्ड, सोनभद्र

वेबसाईट:– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त, लो.नि.वि., बलिया

पत्रांक:- 4733(i)/निविदा (नि.ख.मऊ)–बलिया वृत्त/2026 दिनांक:- 30.10.2026

ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)
(अल्पकालीन)

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद मऊ में निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के 'ए,बी, मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम 11 के अनुसार निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्रम सं0–4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली–भाँति अध्ययन कर लें।

2. कार्य का विवरण:–

क्र स	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
		ग्रामीण मार्गो के नवनिर्माण/पुनर्निर्माण/मिसिंग लिंक निर्माण के स्वीकृत कार्य (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)								
1	मऊ	ग्रामसभा सौदी में चचाईपार नहर से खजुहा सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण का कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण लागत सहित)	निर्माण (83.00) + अनुरक्षण (2.48) कुल लागत 85.48	6.28	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+ जी. एस.टी. रू0 2590.00	06 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0 वि0, मऊ	बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ़	ए,बी

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक–07.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक–13.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई–टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि– 13.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक–13.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निवदि खोलने का समय तथा वैधता पूर्वरत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खालने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0–1/2018–3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक–03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट–निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

(राकेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,मऊ

(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.:– 260071
दिनांक:– 02.11.2026
वेबसाईट:– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
लिफ्ट सिंचाई निर्माण खण्ड
वरूणापुरम् सिगरा, वाराणसी-221010

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना
संख्या:-01/अअ/एल.आई.सी.डी., वीएनएस/एल.टी. पैनल/बी.पी.सी./2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये पंजीकृत मूल निर्माता फर्मो अथवा उनके अधिकृत डीलर/चैनल पार्टनर जो राज्यों के उद्योग निदेशालय/भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय/राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम में निम्नलिखित कार्य हेतु मूल निर्माता के रूप में पंजीकृत हों, अथवा अनुभव प्राप्त 'ए' श्रेणी (यॉ0) अथवा उच्चतर श्रेणी में, सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से जिन्होंने संबंधित कार्य को पूर्व में कराया हो, मुहरबन्द निविदायें फर्म एवं फिक्सड दरों पर दिनांक 30.11.2026 को अपरान्ह 16.00 बजे तक ऑन–लाईन ई–निविदायें, निर्धारित बिडफार्म यथा (1) तकनीकी बिड एवं (2) फाइनेंसियल बिड में आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 01.12.2026 को 15.30 बजे, जैसा की निम्नांकित है, खोली जायेगी। बिड जमा करने का विस्तृत विवरण ई–निविदा प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेंट की वेब–साइट http:// etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

जो बिडर्स, राज्य उद्योग निदेशालय/राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम में बिडिंग आइटम हेतु पंजीकृत नहीं है, उनको बिड सिक्यूरिटी (EMD) धनराशि, जो निम्नलिखित है, ई–निविदा पोर्टल पर डिजिटल रूप से जमा करना अनिवार्य होगा। जो बिडर्स, बिड सिक्यूरिटी (EMD) से छूट चाहते है, उनको सक्षम अधिकारी से निर्गत संबंधित उद्योग पंजीकरण प्रमाण–पत्र, छूट हेतु प्रार्थना–पत्र के साथ बिड खुलने के समय अथवा तिथि से पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उनकी बिड खोली नहीं जायेगी/विचार नहीं किया जायेगा।

अल्पकालीन ई–निविदा हेतु प्रस्तावित निविदा प्रपत्र का मूल्य भी ई–निविदा पोर्टल पर डिजिटल रूप से जमा करना अनिवार्य होगा। ई–निविदा पोर्टल पर डिजिटल रूप से जमा किये जाने वाली धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य के डिजिटली भुगतान न किये जाने पर पोर्टल पर अग्रेतर कार्यवाही नहीं हो सकेगी।

ए	प्रावाईडिंग, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एण्ड कमिशिनिंग ऑफ स्काडा काम्पीटेबल 800ए एल.टी. पैनल, कम्परीसिंग 2 नर्म्बस् 800ए इनकमिंग एयर सर्किट ब्रेकर्स (एसीबीएस))एण्ड 1 नं0 800ए बस कपलर एसीबी, कम्पलिट विथ ऑल नेशेसरी बसबार, प्रोटेक्शन, कंट्रोल, मीटरिंग, इनडिकेशन, इण्टरलाकिंग एण्ड एसेसरीज़ एण्ड आउट गोईंग फीडर्स कम्परीसिंग 2 नर्म्बस् 25 एचपी स्टार डेल्टा स्टार्टर फार 25 एचपी मण्ड पम्प सेट्स, 5 नर्म्बस 40ए एमसीसीबीएस फॉर 7.5 एचपी एयर वॉशर मोटर्स, 6 नर्म्बस 16ए एमसीसीबीएस फॉर 5 एचपी एग्जास्ट फैनस् 2 नम्बर्स 160 ए एमसीसीबीएस फॉर ईओटी केनस 1 नं0 100ए एमसीसीबी फॉर पैसेन्जर लिफ्ट 1 नं0 100ए एमसीसीबी फॉर पैनल गैलरी लाईटनिंग 1 नं0 16ए एमसीसीबीएस फॉर हीटर्स, 2 नम्बर्स 160ए एमसीसीबीएस एज़ स्पेयर फीडर्स, 2 नम्बर्स 100ए एमसीसीबीएस एज स्पेयर फीडर्स एण्ड 2 नम्बर्स 63ए एमसीसीबीएस एज स्पेयर फीडर्स, कम्पलिट इन ऑल रिस्पेक्ट्स। द पैनल शैल बी सुटेबल फॉर आपरेशन ऑन 415वोल्ट एसी, 50 हर्टज़ 3 फेज 4–वायर + अर्थ सिस्टम एण्ड शैल कंफर्म टू द लेटेस्ट अपलिकेबल आईएस/आईईसी फॉर लो वोल्टेज स्विचगीयर एण्ड कन्ट्रोल गियर एसेम्बली। द पैनल शैल बी फैब्रीकेटेड फ्राम मिनीमम 2.0/1.6एमएम थिक काशी सीआरसीए शीट स्टील सुटेबली ट्रीटेड एण्ड पाउडर कोटेड इन्टरनली एण्ड एक्ट्रनली, कम्पलीट विथ रिवायर्ड हार्डवेयर, केबल टरमिनेशन एरेन्जमेन्ट, अर्थिंग, कन्ट्रोल वॉयरिंग, टेस्टिंग एण्ड कमिशिनिंग एट भुपौली पम्प कैनाल।	01 जॉब
बी	वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि एवं समय	07.11.2026 को 10.00 बजे से
सी	बिड प्रस्तुत/अपलोड करने की अवधि, जिसके साथ बिड डाक्यूमेंट शुल्क, बिड सिक्योरिटी/ इण्डस्ट्रीज रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र ई0एम0डी0 में छूट हेतु एवं अन्य आवश्यक डाक्यूमेंट्स पी0डी0एफ0/एक्स0एल0एस0 फार्मेट में	10.11.2026 को 10.00 बजे से 30.11.2026 को 16.00 बजे तक
डी	निविदा प्रपत्र शुल्क, बिड सिक्योरिटी मूल रूप में/इण्डस्ट्रीज रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र, ई0एम0डी0 में छूट हेतु प्रमाणक एवं अन्य वांछित अभिलेख संबंधित कार्यालय में जमा करने की निर्धारित तिथि व समय	01.12.2026 को दोपहर 14.00 बजे दिन तक
ई	आनलाइन तकनीकी भाग खोले जाने की तिथि एवं समय	01.12.2026 को 15.30 बजे
एफ	आनलाइन वित्तीय भाग खोले जाने की तिथि एवं समय	04.12.2026 को 15.30 बजे
जी	बिड खोले जाने का स्थान	कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लिफ्ट सिंचाई निर्माण खण्ड, सिंचाई विभाग, वरूणापुरम, सिगरा, वाराणसी–221010 दूरभाष–सं0 : 0542–2985196
एच	बिड डाक्यूमेंट फीस	रू. 2,000.00 (स्टेश्नरी चार्ज) + (रू0 300.00 + 54.00 जी.एस.टी.)
आई	बिड सिक्योरिटी (अर्नेस्ट मनी डिपाजिट)	रू. 60,500.00 (रू0 साठ हजार पाँच सौ मात्र)
जे	कार्य अवधि	03 माह

नोट:–(1) निविदा सूचना के हिन्दी व अंग्रेजी प्रकाशन मे किसी भिन्नता की स्थिति मे अंग्रेजी प्रकाशन मान्य होगा।
(2) उपरोक्त सामग्री राजकीय सिंचाई कार्य हेतु है।
(3) उक्त निविदा नोटिस वित्तीय स्वीकृति की प्रत्याशा में जारी की जा रही है। वित्तीय स्वीकृत प्राप्त होने के पश्चात् ही निविदा खोली जाएगी।

उ.प्र.:– 260067
दिनांक:– 02.11.2026

अधिशासी अभियन्ता
लिफ्ट सिंचाई निर्माण खण्ड, वाराणसी

वेबसाईट:– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय जिलाधिकारी गाजीपुर

चेतावनी अपील

दीपावली एवं आगामी त्योहार सन्निकट है। वैवाहिक समारोह, दीपावली व आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अत्यन्त सावधान रहकर जिम्मेदारी के साथ मदिरा का सेवन करें।

अवैध स्थानों/अड्डों से खरीदी गयी या कहीं पर भी मुक्त में बांटी गयी शराब जहरीली हो सकती है तथा इसमें मिथाइल अल्कोहल भी मिला हो सकता है जो घातक जहर है जिसकी बहुल थोड़ी मात्रा पीने से ही व्यक्ति अन्धा हो जाता है और उसकी जान भी जा सकती है। अवैध अड्डों से ताड़ी व शराब खरीद कर न पीयें।

शराब पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है तब भी यदि शराब पीना ही है तो अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केवल अधिकृत शराब दुकान से सुरक्षा क्यू.आर.कोड एवं सुरक्षा सील लगी देखकर निर्धारित प्रिन्टेड मूल्य पर ही शराब खरीदें। जनपद गाजीपुर में देशी शराब की बिक्री केवल टेट्रा पैक में की जा रही है और प्लास्टिक की बोतल में किसी भी प्रकार की मदिरा की बिक्री नहीं की जाती है।

सार्वजनिक स्थान पर मदिरा का सेवन किया जाना मना है। नव वर्ष, विवाह या अन्य समारोह के अवसर पर अकेजनल बार लाइसेंस जिला आबकारी अधिकारी गाजीपुर कार्यालय से प्राप्त कर ही समारोह में मदिरा का उपभोग करे। उक्त नियम का उल्लंघन करने पर सख्त वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

कच्ची शराब के निर्माण/बिक्री में लिप्त व्यक्तियों/ईट भट्टों /अड्डों की दूसरे राज्यों से मदिरा के अवैध परिवहन (तस्करी) /भण्डारण/ रीफिलिंग की शराब दुकानके विक्रेता द्वारा ओवर रेट किये जाने की या खुली शराब बेचे जाने की ओकेजनल बार अनुज्ञापन के बगैर होटल विवाहघर आदि स्थलों पर अवैध रूप से मदिरा पिलाये जाने/पार्टी की या कोई भी अन्य सूचना निम्न मोबाइल नम्बरों पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा।

जिला आबकारी अधिकारी गाजीपुर (9454465612)	आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–5 जखनियां (9454466181)
आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–1 सदर (9454466177)	आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–6 कासिमाबाद (9454465819)
आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–2 सैदपुर (9454466178)	आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–7 सेवराई (9454465820)
आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–3 मुहम्मदाबाद (9454466179)	कार्यालय आबकारी आयुक्त उ.प्र.– 9454466019
आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–4 जमानिया (9454465821)	टोल फ्री नम्बर 14405

(राजेश त्रिपाठी)
जिला आबकारी अधिकारी
गाजीपुर

(अनुपम शुक्ला)
जिलाधिकारी
गाजीपुर

संख्या–911/जि.आ.अ./विज्ञापन/2026–27 दिनांक/गाजीपुर नवम्बर 02 2026

ट्रेन की चपेट में आने से मुन्ना सोनी की मौत

पड़ाव। मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के जलीलपुर गांव में मंगलवार की सुबह रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से 60 वर्षीय मुन्ना सोनी गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन आनन-फानन में उन्हें वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर ले गए,जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी आशा और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जानकारी के अनुसार,जलीलपुर नई बस्ती निवासी मुन्ना सोनी का मकान रेलवे लाइन के किनारे स्थित है। वह घर पर ही पक्षियों के पिंजरे बनाने का काम करते थे। इसके साथ ही करवत स्थित एक निजी विद्यालय की बस में कंडक्टर का कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। मंगलवार की सुबह घर के सामने रेलवे लाइन के किनारे एक टूटी हुई चौकी पड़ी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कूड़ा-करकट बीनने वाला एक युवक चौकी का तख्ता उठाकर ले जा रहा था। उसे देखने के लिए मुन्ना रेलवे ट्रैक के पास पहुंच गए। इसी दौरान पीडीडीयू नगर-वाराणसी रेलखंड के समीप अप लाइन पर आ रही ट्रेन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल वाराणसी ट्रामा सेंटर ले गए, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना पर वाराणसी के लंका थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक के परिवार में तीन बेटे और दो बेटियां हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

चहनियां-धानापुर मार्ग पर झाड़ियों का अंबार, विभागीय अधिकारी लापरवाह

धानापुर । बलुआ,चहनियां-धानापुर से अवही मुख्य सड़क मार्ग के दोनों किनारे पटरियो पर उगी हुई घनी झाड़ियों और जंगली पौधों ने मार्ग को घेर लिया है। हालत यह है कि सड़क पर चलने वाले वाहनों और पैदल यात्रियों को सामने से आ रहा वाहन तक दिखाई नहीं देता। जिससे आये दिनों छोटे-बड़े हादसा होता रहता है। ग्रामीणों ने झाड़ियों के साफ सफाई करवाने की मांग किया है । गौरतलब है कि जनपद से वाराणसी से चंदौली जनपद के चहनिया, धानापुर होते हुए महुजी बार्डर से गाजीपुर जनपद को जोड़ने वालें टू लेन सड़क मार्ग से प्रतिदिन हजारों की संख्या में ट्रक बस व अन्य छोटे-बड़े चार पहिया वाहन, बाइक और पैदल यात्री

लोक निर्माण विभाग से हस्तक्षेप की मांग

गुजरते हैं। साथ ही इस मार्ग से गाजीपुर से वाराणसी और लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, बाबतपुर जाने के लिए भी लोग इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। क्यों कि व्यस्ततम मार्ग होने के बावजूद विभागीय लापरवाही के कारण यहां झाड़ियों का अंबार लगा हुआ है। क्षेत्रीय ग्रामीणो ने बताया कि इस समस्या को लेकर जन प्रतिनिधियों व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब कि जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए बैठे हैं। साथ ही कहा कि बरसात के बाद झाड़ियां और तेजी से बढ़ गई हैं और सड़क सिकुड़ कर आधी रह गई है। रात के समय वाहनों की तेज रौशनी वाली लाइट से खतरा और भी बढ़ जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी निदिलपुर मोड़के पास व स्कूल कॉलेज के स्कूली बच्चों को हो रही है। रोज सैकड़ों छात्र-छात्राएं इसी मार्ग से पैदल और साइकिल से स्कूल आते-जाते हैं। झाड़ियों के कारण उन्हें सड़क पर चलने में डर लगता है। अभिभावक अपने बच्चों को लेकर चिंतित हैं। ग्रामीणों ने इस मामले में जिलाधिकारी, चन्दौली का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि जनहित और छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए चहनियां-धानापुर मार्ग की दोनों तरफ उगी झाड़ियों की तत्काल कटाई-सफाई कराई जाए,ताकि आवागमन सुगम हो सके और किसी बड़ी दुर्घटना को



सड़क किनारे झाड़ियों के अंबार का दृश्य । छाया: आज

जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक

चंदौली। विकास भवन सभागार में प्रभारी जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी आर जगत साई की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिले में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, परिषदीय विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता और कायाकल्प अभियान की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में निर्माण कार्यों से संबंधित टेंडर प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप कराने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि पारदर्शिता एवं गुणवत्ता प्रत्येक निर्माण कार्य की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के छात्रावासों में छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सीडीओ ने पर्याप्त सुरक्षा गार्डए प्रभावी निगरानी व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए,ताकि छात्राओं को सुरक्षित एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। निर्देश दिए कि प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा के स्तर में सुधार लाया जाए और शासन की प्राथमिकताओं का पूरी जिम्मेदारी से पालन हो। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की गुणवत्ता बनाए रखने तथा ऑपरेशन कायाकल्प के तहत शेष बचे मूलभूत अवस्थापना कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। डीबीटी के तहत छात्रवृत्ति व ड्रेस की राशि के हस्तांतरण प्रक्रिया में तेजी लाने के आदेश दिए गए।



मौसम की मार से नेवादा में धान की फसल बर्बाद

चंदौली। मौसम की मार ने किसानों की महीनों की मेहनत और सालभर की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। सैयदराजा क्षेत्र के ग्राम सभा नेवादा में किसानों की धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। अपनी जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार मौर्य ने फसल नुकसान की सूचना संबंधित लेखपाल को दी। इसके बाद लेखपाल राजीव ने मौके पर पहुंचकर खेतों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसान रामाज्ञा पुत्र गौरी और गुलाब प्रसाद पुत्र सुखराम की धान की फसल पूरी तरह नष्ट पाई गई। फसल बर्बाद होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। खेती पर निर्भर परिवारों को अब लागत की भरपाई और परिवार के भरण-पोषण की चिंता सताने लगी है। किसानों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्रार-लेखपाल पर लगाये गंभीर आरोप

सकलडीहा। अधिवक्ताओं ने आरके दफ्तर में तैनात रजिस्ट्रार व लेखपाल नवनीत मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं का आरोप है कि 38(2) के मामलों का निपटारा नहीं किया जा रहा है और रजिस्ट्रार नवनीत मिश्रा पैसे लेकर खतौनी में नाम बदल रहे हैं, जबकि यह कार्य अदालत का है। बार के पूर्व अध्यक्ष नितिन तिवारी और पूर्व महामंत्री पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 38(2) की फाइल में रिपोर्ट आने के बाद भी आदेश जारी नहीं किए जा रहे हैं। इसके अलावा आईजीआरएस, तहसील दिवस और सामान्य प्रार्थना पत्रों पर रिपोर्ट आने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि खतौनी में गलत बदलाव के खिलाफ सबूत और प्रार्थना पत्र देने के बाद भी सुधार नहीं किया जा रहा है, उच्च अधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्रों का निपटारा नहीं होता, और 38(2) तथा नक्शा सुधार सहित अन्य मामलों की फाइलें गायब कर दी जाती हैं। बार महामंत्री रामराज यादव ने आरोप लगाया कि एक ही सर्किल में 10-10 साल से तैनात लेखपालों द्वारा अवैध कब्जों को बढ़ावा दिया जा रहा है और शिकायत के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा। उन्होंने आरोपी लेखपाल रजिस्ट्रार नवनीत मिश्रा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित करने की मांग की तथा एक ही सर्किल में लंबे समय से जमे लेखपालों के तबादले की मांग रखी। ज्ञापन देने के दौरान पूर्व बार अध्यक्ष नितिन कुमार तिवारी, अतुल तिवारी, महामंत्री रामराज सिंह यादव, पूर्व महामंत्री पंकज कुमार सिंह, सुभाष सिंह, सुरेंद्रकांत मिश्रा,श्रीकांत सिंह और दशरथ यादव सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

संक्षिप्त

बाइकों की भिड़ंत, अधेड़ घायल

चकिया। कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर मुख्य मार्ग पर मंगलवार की शाम दो बाइकों के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घायलों में पंडी गांव निवासी गुरुदत्त और सिकंदरपुर गांव निवासी 15 वर्षीय विकास शामिल हैं। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने गुरुदत्त के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान

सकलडीहा । कस्बे के कैंप कार्यालय में मंगलवार को भाजपा के नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष जेपी चौहान के नेतृत्व में हुआ। पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जेपी चौहान ने बताया कि मंडल के चार कार्यकर्ताओं को जिले और मंडल में जिम्मेदारी दी गई है। मुसाफिर चौहान को पिछड़ा मोर्चा का जिला मंत्री और रविंद्र प्रताप सिंह रवि को किसान मोर्चा का जिला मंत्री बनाया गया है। पूनम चौहान को महिला मोर्चा का जिला मंत्री और शारदा देवी को मंडल महिला मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। चौहान ने कहा कि पार्टी महिला सशक्तिकरण और भागीदारी की बात करती है, इसलिए महिलाओं को संगठन में जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि इन पदाधिकारियों को उनके काम के प्रति निष्ठा और ईमानदारी को देखते हुए जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके नए दायित्व से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

शहजादी देवी के निधन पर शोक

सकलडीहा। घरचित ग्राम निवासी ८५ वर्षीय शहजादी देवी पत्नी स्व० शंकर विश्वकर्मा का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बलुआ घाट पर किया गया । शहजादी देवी के चार पुत्र व एक पुत्री है। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र भरत विश्वकर्मा ने दिया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

बंद रेस्टोरेंट में चल रहा था शराब तस्करी का बड़ा खेल


चंदौली। नगर के वार्ड नंबर पांच स्थित बंद पड़े एक रेस्टोरेंट में चल रहे अंतर्राज्यीय शराब तस्करी के खेल का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। कोतवाली पुलिस की छापेमारी में 15 पुरुष और 18 महिलाओं समेत कुल 33 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। मौके से 520.7 लीटर अवैध अंग्रेजी व देशी शराब की 2234 बोतलें, टेट्रा पैक व पाउच बरामद हुए। उक्त मामले का खुलासा सीओ सदर नामेंद्र रावत ने सदर कोतवाली में किया। उन्होंने बताया कि प्रभारी निरीक्षक सदर त्रिवेणी सिंह के नेतृत्व में पुलिस सकलडीहा तिराहे पर चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया, जहाँ एक भाग निकला जबकि दूसरा पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से शराब की बोलत मिली। पूछताछ में उसने बंद रेस्टोरेंट में शराब जमा होने की जानकारी दी। जिसको गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने रेस्टोरेंट में दबिश देकर 33 लोगों को रंगे हाथों शराब की पैकिंग करते गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से बचने के लिए तस्कर शराब की बोतलों को अखबार में लपेटकर पुरुष तस्कर पिट्ठू बैग और कपड़ों के थैलों में रखते थे। जबकि महिलाएं हैंडबैग, सूटकेस, कपड़ों और शरीर से चिपकाकर बोतलें ले जाती थीं। छोटी-छोटी खेपों में ट्रेन, बस, टेंपो और बाइक से शराब बिहार पहुंचाई जाती थी, जहां ऊंचे दामों पर शराब को बेची जाती थी। पुलिस ने मौके से 37,690 रुपये नकद, एक टेंपो, दो बाइक और एक टीवीएस मोपेड भी बरामद की है।

डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान ५.० के तहत कैंप

चंदौली। डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान 5.0 के तहत डीडीयू मंडल द्वारा भभुआ रोड स्टेशन एवं भारतीय स्टेट बैंक की एएमवाई मोहनिया शाखा में कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प में डीडीयू मंडल की टीम के सहयोग से इस दौरान रेलवे सहित अन्य सरकारी विभागों के कुल 16 पेंशनरों का डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जनरेट किया गया। कैंप में उपस्थित पेंशनरों को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट की सुविधा तथा इसके माध्यम से घर बैठे जीवन प्रमाणन कराने की प्रक्रिया के प्रति भी जागरूक किया गया। इस अभियान का उद्देश्य सेवानिवृत्त रेलकर्मियों एवं पारिवारिक पेंशनरों के लिए वार्षिक जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को सरल एवं सुविधाजनक बनाना है। डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के माध्यम से पेंशनभोगी घर बैठे भी अपना जीवन प्रमाण-पत्र ऑनलाइन जनरेट कर सकते हैं। इससे उन्हें प्रत्येक वर्ष जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के लिए व्यक्तिगत रूप से बैंक जाने की आवश्यकता नहीं होती है।

अशोक सोनकर तिलक बने जिला महामंत्री

मुगलसराय। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार ने जिला कार्यसमिति की घोषणा की। इसमें नगर निवासी अशोक सोनकर (तिलक)को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके मनोनयन से समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी है। अशोक सोनकर तिलक ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है,उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और अनुसूचित जाति समाज के लोगों को संगठन से जोड़ने के लिए कार्य करेंगे।



फर्जी मुकदमे वापस ले सरकार-कुसुम

चंदौली। आशा कर्मियों की मांगें पूरी करने व छात्र नेताओं सहित 250 आशा कर्मियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग को लेकर मंगलवार को एपवा और भाकपा (माले) के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। राज्यव्यापी आह्वान पर बिछियां धरनास्थल से जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च निकालकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला संगठन (एपवा) की राज्य सचिव कुसुम वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की 13 सूत्रीय मांगों पर सहमति बनने के बाद 7 फरवरी को आशा कर्मियों की हड़ताल समाप्त हुई थी। इसके बावजूद सहमतियों को लागू नहीं किया गया। इसी क्रम में बीते 23 अक्टूबर को लखनऊ के इको गार्डन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आशा कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल की मिशन निदेशक और अन्य अधिकारियों से सकारात्मक वार्ता हुई थी। इसके बाद कार्यक्रम का शांतिपूर्ण समापन कर दिया गया, लेकिन इसके बावजूद आलमबाग थाने में एक्टू नेताओं, छात्र नेताओं और 250 आशा कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया।

चटपटा खाने के चक्कर में कहीं जहर तो नहीं खा रहे आप

धानापुर। त्योंहारी सीजन में चटपटा, तीखा और मसालेदार खाना आज कल लोगों की जुबान का स्वाद बन चुका है। सड़क किनारे सजी रंग-बिरंगी दुकानों से लेकर छोटे-बड़े खाने के ठिकानों तक-स्वाद के नाम पर तरह-तरह के व्यंजन परोसे जा रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि जो चीज जीभ को स्वाद दे रही है, क्या वह शरीर को भी सुरक्षित रख रही है। गौरतलब है कि क्षेत्र के धानापुर कस्बा से लेकर ग्रामीण अंचलो के चट्टी चौराहो पर सजी दुकाने जगह जगह देखी जा सकती हैं यहां साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों के रखरखाव, खाद्य तेल मसालों की गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे हैं। वही खुले में ठेला खुमचा पर रखा फ़ास्ट फूड, अंडे व नास्ता भोजन, आदि धूल-मिट्टी और गंदगी के बीच तैयार होते खाद्य पदार्थ और बार-बार इस्तेमाल होने वाला तेल-ये सब उपभोक्ता की सेहत के लिए गंभीर चिंता का विषय हो सकते हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि ग्राहक स्वाद देखकर पैसा खर्च कर देता है, लेकिन यह जांचने की कोशिश नहीं करता कि उसकी प्लेट में आखिर परोसा क्या जा रहा है। चटकारे के कुछ मिनटों के लिए कहीं हम अपनी सेहत के साथ वर्षों का समझौता तो नहीं कर रहे। ग्रामीणों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा केवल कागजों में दर्ज नियमों का विषय नहीं होना चाहिए जिम्मेदार विभागों को समय-समय पर खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच,नमूने की जांच और स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित करना चाहिए। जहां साफ-सफाई संदिग्ध हो,भोजन खुला पड़ा हो या खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर संदेह हो, वहां सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। हर चटपटी चीज स्वादिष्ट हो सकती है, लेकिन हर स्वादिष्ट चीज सुरक्षित हो, यह जरूरी नहीं आज सवाल सिर्फ यह नहीं कि खाना कितना स्वादिष्ट है।

सार्वजनिक स्थल की पुलिया बन गयी कूड़ा डम्प

कमालपुर। स्थानीय कस्बा स्थित हेतमपुर रजवाहा पर बनी सकलडीहा-अमड़ा मार्ग पर पूर्वी बस स्टैंड के पास काफी दिनो से कूड़ा डम्प बन गई है। पुलिया के पास गरीब मोची बैठकर अपनी जीविका चलाने का काम करते हैं। वट वृक्ष, आवागमन के साधन होने से दूर दराज के लोग पुलिया पर बैठकर आराम कर लेते हैं। ठेला, खोमचा वाले घूमते फिरते पुलिया के पास खड़ा होकर दो जून की रोटी के लिए कमा लेते हैं। पुलिया से मात्र सौ मीटर दूर कन्या जूनियर हाई स्कूल के पास लाखों रुपए खर्च कर अच्छा खासा कूड़ा डम्प बनाया गया है। प्रतिदिन सफाई कर्मी द्वारा कूड़ा निस्तारण किया जाता है, जो अधिकांश लोग अपने घरों से निकालकर बाहर रख देते हैं और सफाई कर्मी कूड़ा निस्तारण करते हैं। पुलिया पर कूड़ा डम्प करने वालों को अनेकों बार ग्राम विकास अधिकारी सिक्रेटरी मिथिलेश सिंह व सफाई कर्मी डंप करने वालों को मना किया पर मानने को तैयार नहीं है। पुलिया पर फेंके जाने वाले गिले कचरों से निकलने वाले दुर्गंध आस पास के दुकानदार, राहगीर,मोची, ठेला खोमचा वाले को जीना मुश्किल कर दिए हैं। समय रहते हुए सार्वजनिक स्थल पर डंप करने वाले कूड़ा कचरा पर लगाम नहीं लगाए गए तो बहुत बड़ी बीमारी का कारण बन जाएगा। मौके पर बहादुर राय, नरसिंह अग्रहरि, सोनू उपाध्याय, जीत बहादुर अग्रहरि, मनीष, अशोक, शकील, जीउत राम, कन्हैया राम, बड़कू, रामशीष, सोनू कानू, कलाधर प्रसाद आदि रहें।



आंधी-बारिश से गौसपुर में १० बीघा फसल बर्बाद

चंदौली। क्षेत्र के कटोरी गांव के गौसपुर में पिछले दिनों आई तेज आंधी और बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी धान की फसल जमीन पर गिर गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका है। ग्रामीणों के अनुसार करीब 10 बीघा खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह गिरकर बिछ गई है। किसानों का कहना है कि उन्होंने दिन-रात मेहनत कर फसल तैयार की थी। अब फसल के खेतों में गिर जाने से पैदावार प्रभावित होने की चिंता सताने लगी है। खेतों में पानी और गिरी हुई फसल के कारण कटाई में भी परेशानी हो सकती है। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा होने की आशंका है। पीड़ित किसानों ने संबंधित अधिकारियों से फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि पहले ही खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। ऐसे में प्राकृतिक आपदा से फसल बर्बाद होना उनके लिए बड़ा झटका है। प्रभावित किसानों में अलख निरंजन, छोटे लाल बिंद, बाबूलाल बिंद, रामलाल बिंद, जैलोरी बिंद, रामाश्रय बिंद और केशर बाद सहित अन्य किसान शामिल हैं।

'स्किलकाम्मो यूनिवर्सिटी कनेक्ट-करियर फेयर २०२६-२७' का आयोजन

मुगलसराय। द गुरुकुलम स्कूल, फिजिक्स वाला के सहयोग से, 2 नवंबर को 'स्किलकॉम्मो यूनिवर्सिटी कनेक्ट - करियर फेयर 2026-27' का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। प्रात: 9: 00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में देश के 20 विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन आदित्य सिंह के निर्देशन में किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसरो, पाठ्यक्रमों एवं भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों से सीधे संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रियाओं, पात्रता मानदंडों, छात्रवृत्तियों एवं आर्थिक सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. शिल्पा शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए करियर फेयर के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि सही समय पर सही मार्गदर्शन एवं अपने लक्ष्य के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि, प्रतिभा एवं क्षमताओं के अनुरूप उच्च शिक्षा के विकल्पों का चयन करने और अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सोच-समझकर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस करियर फेयर के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध उच्च शिक्षा के अवसरों को समझने, विभिन्न विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक विशेषताओं को जानने तथा अपने भविष्य के लिए उपयुक्त अकादमिक एवं व्यावसायिक मार्ग चुनने का अवसर मिला। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के मन में भविष्य को लेकर नई संभावनाओं और आत्मविश्वास का संचार किया।



जुआ खेलते सात गिरफ्तार

मुगलसराय। उच्चाधिकारीगण के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष मुगलसराय अर्जुन सिंह के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा 03 नवम्बर को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम गश्त एवं चेकिंग के दौरान पड़ाव चौराहे पर मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जलीलपुर में पूरन चंद्र विश्वकर्मा के घर के पीछे रास्ते के किनारे कुछ व्यक्ति हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दबिश दी गई। पुलिस बल को देखकर जुआ खेल रहे व्यक्ति ताश के पत्ते फेंककर भागने का प्रयास करने लगे, जिनमें से पुलिस टीम द्वारा 07 अभियुक्तों को मौके पर ही पकड़ लिया गया,जबकि कुछ व्यक्ति मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए।

शिक्षकों का काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन दूसरे दिन भी

सकलडीहा । पीजी कॉलेज में शिक्षकों का काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। शिक्षक महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी से संबद्ध कॉलेजों के शिक्षकों की 30 सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षकों ने बांहों पर काली पट्टी बांधकर शासन और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। उन्होंने लंबित मांगें जल्द पूरी करने की मांग की। आंदोलन का नेतृत्व महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ के संयुक्त मंत्री प्रो.दयाशंकर सिंह यादव ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मांगें लंबे समय से लंबित हैं और इन्हें पूरा करने में हो रही देरी शिक्षकों के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने अधिकारों और सम्मान के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष कर रहे हैं। प्रदर्शन में चंदौली के जिलाध्यक्ष प्रो. दयानिधि सिंह यादव, प्रोफेसर इन्द्रदेव सिंह, प्रोफेसर उदय शंकर झा, प्रोफेसर महेंद्र सिंह, डॉ. शमीम, डॉ. राजेश यादव, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. सीता मिश्रा,समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षकों की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना बहाल करना,सेवानिवृत्ति की उम्र 65 साल करना और चिकित्सा अवकाश व उचित चिकित्सा सुविधाएं देना शामिल है। उन्होंने सेवा से जुड़ी अन्य लंबित मांगें जल्द पूरी करने और 30 सूत्रीय मांगपत्र पर सकारात्मक फैसला लेने की भी मांग की। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि मांगें शिक्षकों के सम्मान, सामाजिक सुरक्षा और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़ी हैं।



उज्ज्वला के लाभार्थियों को मिलेगी मुफ्त गैस रिफिलिंग की सौगात

चंदौली। दीपावली पर्व पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रदेश सरकार ने बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ लोकभवन से उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिलिंग के लिए चेक वितरित किए और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम का जनपद चंदौली के कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को देखा और सुना। इस अवसर पर लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक भी वितरित किए गए। जिला प्रशासन के अनुसार, जनपद चंदौली में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत कुल 1,97,521 लाभार्थी इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। नि:शुल्क गैस रिफिलिंग की सुविधा से दीपावली के अवसर पर पात्र परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी और त्योहार की खुशियां बढ़ेंगी। कार्यक्रम में मुगलसराय एवं चकिया के विधायक प्रतिनिधि, चकिया चेयरमैन, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं संबंधित लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ दीपावली पर मिलने पर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है।

बीमार रहता है भोगवार स्वास्थ्य केंद्र, मरीजों को नहीं मिल रहा लाभ

मुगलसराय। भोगवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली बंद होने से मरीजों को जांच रिपोर्ट लेने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। अस्पताल का सोलर पैनल कई दिन से खराब है और शिकायत के बाद भी उसकी मरम्मत नहीं हुई है। अस्पताल में जनरेटर भी है, लेकिन उसे चलाया नहीं जा रहा। अस्पताल प्रभारी डाक्टर पंकज यादव ने बताया कि जनरेटर की क्षमता ज्यादा है। परंतु डीजल की व्यवस्था नहीं है, इसलिए उसे चलाना संभव नहीं है। बिजली जाने पर अस्पताल में कोई दूसरी व्यवस्था काम नहीं कर रही। अस्पताल आए एक मरीज ने बताया कि वह अपनी मां के साथ करीब दो घंटे से जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। कर्मचारियों ने उनसे कहा कि बिजली आने के बाद ही काम होगा। मरीजों का कहना है कि अस्पताल में बिजली की दूसरी व्यवस्था होनी चाहिए,ताकि उन्हें इंतजार न करना पड़े। नगर के करीब व ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ा एकमात्र भोगवार गांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आम जन को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए बनाया गया है। लेकिन यह अस्पताल मरीजों को क्या ठीक करे यह खुद बीमार है। लोगों ने जिला स्वास्थ केंद्र के मुखिया से यहां कि व्यवस्थाएं ठीक करने कि मांग की है।



ट्रैक्टर की चपेट में आये साइकिल सवार की मौत

तेजीबाजार। हैदरपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने साईकिल सवार रामलाल सरोज पुत्र भूडे उम्र



लगभग 45वर्ष को रौंदते हुए सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई वही मौके पर ही साईकिल सवार अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गयी, वही पैदल जा रहे स्थानीय निवासी रजनीश यादव पुत्र देवराज ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल हो गये थानाध्यक्ष सतेंद्र भाई पटेल ने घायल का बयान लेकर उसे हॉस्पिटल भेजवा दिया। मौके पर उपस्थित प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो ट्रैक्टर की रफ्तार बहुत तेज थी साईकिल सवार व्यक्ति को कुचलते हुए पेड़ से टकराकर खड़ी हो गई, स्थानीय विशाल गौड़ ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना, लिखापढ़ी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष सतेंद्र भाई पटेल ने बताया कि लिखापढ़ी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है मृतक की साईकिल थाने पर ले आया गया और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया हैं। मृतक के भाई बसंत लाल ने थाने पर ट्रैक्टर ड्राइवर और मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी हैं।

उज्ज्वला लाभार्थियों को मिलेगी गैस रिफिल पर सब्सिडी

जौनपुर में ५०० से अधिक लाभार्थियों को दी गयी योजना की जानकारी, १५ महिलाओं को सौंपे गये प्रतीकात्मक चेक



जौनपुर। शासन के निर्देश पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को नि:शुल्क गैस रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चन्द्र यादव तथा नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद विद्यासागर सोनकर और भाजपा मछलीशहर जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं लाभार्थियों ने सुना। इसके पश्चात अतिथियों ने 500 से अधिक उज्ज्वला लाभार्थियों को योजना की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. ने 15 चिन्हित उज्ज्वला लाभार्थियों को गैस सिलेंडर रिफिल पर दी जाने वाली सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए।

एक नज़र इधर भी

चाकू संग युवक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

सुइथाकला। सरपतहां थाना पुलिस ने अपराधियों एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार की रात एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक की पहचान बाधगांव निवासी पवन राजभर (20) पुत्र जग्गू राजभर के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। थाना क्षेत्र के बाधगांव में चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस ने धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार युवक के विरुद्ध पूर्व में भी बीएनएस की धारा 137(2), 65(1), 87 तथा एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)(वी) में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, उपनिरीक्षक मंजीत यादव, कांस्टेबल बृजेश कुमार और कांस्टेबल विनस यादव शामिल रहे।

मिशन शक्ति की टीम ने पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद का कराया निस्तारण

पवांरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-6 अभियान के तहत थाना पवारा की मिशन शक्ति की टीम ने पति-पत्नी के मध्य चल रहे पारिवारिक विवाद का सफलतापूर्वक निस्तारण कराया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने थानाक्षेत्र के सोंगरा निवासी रणजीत कुमार यादव व उनकी पत्नी सीमा यादव के बीच उत्पन्न वैवाहिक मतभेद के संबंध में दोनों पक्षों को मिशन शक्ति केंद्र पर बुलाकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। टीम द्वारा दोनों पक्षों को आपसी संवाद, समझदारी एवं पारिवारिक सौहार्द बनाए रखने के लिए काउंसलिंग प्रदान की गई। इस दौरान दोनो आपसी सहमति से अपने मतभेद समाप्त करते हुए सुलह-समझौता कर लिया तथा भविष्य में सौहार्दपूर्ण वातावरण में साथ रहने की सहमति व्यक्त की। मिशन शक्ति टीम में उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह ,हेड कान्सटेबल परमानंद यादव महिला कॉन्सटेबल रूबी शर्मा, महिला कान्सटेबल डॉली वर्मा व महिला कान्सटेबल शिवानी शामिल रहीं। टीम के प्रयासों की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

जब होगी कार्बनिक क्रांति तभी बचेगा खेत कृषि विभाग की पहल

बरसठी। कृषि विभाग बरसठी की ओर से संचालित खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम के तहत मंगलवार को दो ग्रामपंचायत सरांवा एवं गोपालपुर में कृषि की तकनिकी एवं विभागीय जानकारी दी गई कार्यक्रम प्रथम पाली में गोपालपुर एवं द्वितीय पाली में सरांवा में हुआ सर्वेश कुमार पाल सहायक विकास अधिकारी कृषि ने मृदा नमूना, मृदा स्वास्थ्य,कार्ड के उपयोग के साथ खेत में जीवांश कार्बन बनाने के उपाय विस्तार से बताया मृदा में लगातार जीवांश कार्बन का ग्राफ गिर रहा है जिससे कृषि के उत्पादित उत्पादों की गुणवत्ता गिर रहा है मृदा का स्वास्थ्य लगातार गिर रहा है, मनुष्य में इम्युन प्रतिरोधक क्षमता एलर्जी के साथ-साथ तमाम स्वास्थ्य विक्रीतिया देखने को मिल रही है। डॉ. सुनील कुमार व. प्रा.स. कृषि रक्षा ने समन्वित पोषण प्रबंधन, समन्वित कीट प्रबंधन के साथ उर्वरकों की संतुलित उपयोग पर विशेष बल दिया। धर्मराज वर्मा बीटीएम ने फसल अवशेष प्रबंध पराली जलाने के दुष्परिणाम प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना इत्यादि के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में दोनों गांव के प्रधानों ने कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवाहन किया कृषि विभाग के राजकुमार पटेल, श्वेता यादव,सुनील गुप्ता सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

डंफर की चपेट में आने से युवक की मौत, चाचा घायल

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के शास्त्री ब्रिज पर आज मंगलवार सुबह डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसके चाचा घायल हो गए। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार वाजिदपुर दक्षिणी, थाना लाइन बाजार निवासी सुधांशु शर्मा (28) पुत्र रतन शर्मा मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे अपने चाचा शरद कुमार शर्मा को बाइक पर बैठाकर उनकी बेटी की शादी का कार्ड बांटने खासनपुर मोहल्ले गए थे। कार्ड बांटकर दोनों घर लौट रहे थे। इसी दौरान शास्त्री ब्रिज पर सामने से आ रहे डंपर की चपेट में आने से बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में ऑटो की व्यवस्था कर दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सुधांशु शर्मा को देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं उनके चाचा शरद कुमार शर्मा घायल हो गए। बताया जाता है कि शरद कुमार शर्मा की बेटी की शादी आगामी 21 नवंबर को होनी थी। इसी शादी का निमंत्रण कार्ड बांटकर सुधांशु घर लौट रहे थे, लेकिन रास्ते में हुए हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। घटना की सूचना मिलते ही लाइन बाजार थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस ने चौबीस घंटे में किया दिनदहाड़े चोरी का खुलासा, मामा-भांजे गिरफ्तार

चार सोने की चेन, हार और चांदी की पायल समेत आभूषण बरामद

बक्शा। पुलिस ने बीते सोमवार को परशुरामपुर गांव में दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना का खुलासा महज 24 घंटे के भीतर करतें हुए आरोपी मामा-भांजे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी के शत प्रतिशत आभूषण के साथ गिरफ्तार कर मंगलवार को चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव निवासी मंजू देवी पत्नी स्वर्गीय अमित कुमार उपाध्याय बीते सोमवार को ड्यूटी पर स्कूल गई थीं। इसी दौरान चोरों ने उनके घर में रखे बक्से का ताला और कब्जा तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण व नकदी पार कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि घटना को रिश्ते में मामा-भांजे लगने वाले निकेत पाण्डेय उर्फ भोलू और एक बाल अपचारी ने मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस पूछताछ के मुताबिक वारदात के दिन दोपहर करीब एक बजे बाल अपचारी ने मंजू देवी की बेटी शिवांगी को मोबाइल में एप्लीकेशन डाउनलोड कराने के बहाने उलझाए रखा। इसी दौरान निकेत घर में घुस गया और बक्से का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी लेकर छतों के रास्ते फरार हो गया। बाद में दोनों ने सुनसान स्थान पर चोरी के आभूषण आपस में बांट लिए।पुलिस के अनुसार मामा भांजे चोरी के जेवरात बेचने के लिए वाराणसी जाने की फिराक में थे। इसी बीच जरिये मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने अल सुबह शम्भूगंज हाईवे पुलिया के पास सर्विस रोड पर घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान निकेत पाण्डेय उर्फ भोलू पुत्र दिलीप कुमार पाण्डेय निवासी भुलनिया थाना सरपतहा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, निकेत का वाराणसी के शिवपुर थाने में भी चोरी का आपराधिक इतिहास है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार सोने की चेन, एक हार, दो जोड़ी कान के आभूषण, दो सहारा, दो पुरुष एक महिला अंगूठी, चार लॉकेट वाला टूटा मंगलसूत्र, चार गुरिया, दो नाक की फोफी तथा चांदी की तीन जोड़ी पायल बरामद की। इसके अलावा 400 रुपये नकद मिले। पुलिस के अनुसार, चोरी की गई शेष 600 रुपये की नकदी आरोपियों ने मौज-मस्ती में खर्च कर दी थी। मौके पर पहुंचीं पीड़िता मंजू देवी और उनके पुत्र सुमित उपाध्याय ने बरामद आभूषणों की पहचान की। घटना के सफल अनावरण में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह के अलावा विवेचक उपनिरीक्षक रामभवन यादव, उपनिरीक्षक मुन्नीलाल कन्नौजिया, हेड कांस्टेबल शिवप्रकाश यादव तथा आरक्षी अम्बिकेश दीक्षित, हिमांशु सिंह और गौतम साहनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बाइकों की भिड़ंत, दो लोग घायल

स्थानीय लोगों की मदद से भेजा अस्पताल

जंघई। मीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मोलनापुर मे मंगलवार की सुबह दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए नजदीकी जंघई के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे मोलनानापुर निवासी भोलानाथ चौहान पुत्र लालमन चौहान अपनी बाइक से सड़क पार कर मोलनापुर गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर मुड़ रहे थे। इसी दौरान सिकरारा थाना क्षेत्र के सिउरा मेहदी मंसिल निवासी मुकेश गौतम पुत्र हीरालाल, जो अपनी बाइक से जंघई जा रहे थे, से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए। हादसे में भोलानाथ के कान में गंभीर चोट आई है, वहीं मुकेश गौतम के बाएं हाथ की कोहनी तथा बाएं पैर की जांघ पर चोटें आई हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दे दी गई है। मौके पर उपनिरीक्षक मैयादीन व कास्टेबल अरविंद सिंह मौके पर पहुच गये।

सड़क हादसे में एक की मौत, एक गंभीर

शाहगंज। एक बाइक पर सवार होकर अपने एक दोस्त के साथ जा रहे थे की एक भीषण सड़क हादसे के शिकार हो गए। जानकारी के अनुसार कोतवाली शाहगंज के ग्राम चिरैयामोड़ ताखा पश्चिम निवासी 35 वर्षीय सुरेंद्र कुमार पुत्र स्व. राजेन्द्र कुमार शाहगंज के मजडीहा स्थित एक होटल में कैटरिंग का काम करता था। मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे वह गाँव निवासी 25 वर्षीय सेराज पुत्र हबीबुल्ला के साथ अपनी पर सवार होकर ससुराल जाने के लिए निकला था। अभी वह नगर के खुटहन मार्ग स्थित पूरे आज़म तक ही पहुंचा था। पीछे से आरही तेज़ रफ़्तार डीसीएम वाहन साइड के चक्कर मे बाइक पर सवार दोनों को अपने चपेट में ले लिया। जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। आनन-फानन में दोनों युवकों को उपचार हेतू सामुदायिक स्वस्थ केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्रथम दृष्ट्या सुरेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि सेराज का प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहीं सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया। जबकि ड्राइवर को फरार होने की खबर है। दूसरी मौत की खबर सुनकर मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतू मोर्चरी हाउस भेज दिया।

पांच सितम्बर को लिखा जाएगा विकास का नया अध्याय-कपिल मुनि

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे बहुप्रतीक्षित बाईपास का शिलान्यास

मुंगराबादशाहपुर। क्षेत्रवासियों की बरसों पुरानी और बहुप्रतीक्षित मांग अब 5 सितम्बर को केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी शिलान्यास कर पूरी करने की प्रक्रिया का शुभारम्भ करेंगे। उक्त जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि उमर वैश्य ने दी। उन्होंने बताया कि मुंगराबादशाहपुर में लगने वाले भीषण जाम से निजात दिलाने के लिए बनने जा रहे बाईपास रोड का शिलान्यास करने हेतु केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 5 सितम्बर को आ रहे हैं। इस



शिलान्यास समारोह का भव्य आयोजन स्थानीय सार्वजनिक इंटर कालेज परिसर में किया गया सौगात को लेकर पूरे क्षेत्र में भारी उत्साह और जश्न का माहौल है। चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि इस ऐतिहासिक है। तय कार्यक्रम के अनुसार, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 5 सितम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे सीधे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे और क्षेत्र के इस मेगा प्रोजेक्ट की आधारशिला रखेंगे। चेयरमैन कपिल मुनि ने क्षेत्र के सभी नागरिकों, युवाओं, किसानों, व्यापारियों और प्रबुद्ध जनों से इस ऐतिहासिक समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर समारोह को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह बाईपास सड़क मुंगराबादशाहपुर के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगी। इसके बन जाने से न केवल लोगों को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी, बल्कि भारी वाहनों के शहर के बाहर से गुजरने पर जाम की समस्या से भी मुक्ति मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए जाने हेतु जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन एवं पुलिस अधीक्षक डा यशपाल सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा स्थलीय सत्यापन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं ताकि कार्यक्रम में आने वाले गणमान्य अतिथियों और आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य ने बताया कि केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी जोश देखा जा रहा है और सभी इस महान विकास कार्य के साक्षी बनने के लिए उत्सुक हैं।

दुष्कर्म के आरोपी किशोर अपचारी को २० वर्ष की कैद

२५००० लगा अर्थदंड

जौनपुर। विशेष सत्र न्यायाधीश (पोक्सो) उमेश कुमार की अदालत ने 3 वर्ष पूर्व बालिका से दुष्कर्म करने के आरोपी किशोर को दोषसिद्ध पाते हुए 20 वर्ष की कैद व 25000 जुर्माने से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार चंदवक थाना क्षेत्र निवासी 13 वर्षीया पीड़िता ने अभियोग पंजीकृत करवाया की दिनांक 19 मई 2023 को शाम 3 बजे वह घर पर अकेली सो रही थी तभी उसके गांव का किशोर अपचारी घर में घुसकर उसका मुंह दबाकर अंदर कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और भाग गया। मां के आने पर उसने सारी बात मां को बताई। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार उपाध्याय व रमेश चंद्र पाल के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने किशोर अपचारी को उक्त दंड से दंडित किया।

हत्यारोपी पति, पत्नी, पुत्र को आजीवन कारावास

फावड़ा से मारकर की थी हत्या

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ रूपाली सक्सेना की अदालत ने 5 वर्ष पूर्व पुरानी रंजिश को लेकर फावड़ा से मार कर हत्या करने के आरोपी पति-पत्नी व उसके पुत्र को आजीवन कारावास व 30-30 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार महराजगंज थाना क्षेत्र के बेदौली गांव निवासी बेबी सिंह ने अभियोग पंजीकृत करवाया कि 11 अक्टूबर 2021 को सुबह 7 बजे उसके पति जितेंद्र कुमार सिंह घर के बाहर समरसेबल पर झाड़ू लगा रहे थे कि अचानक उसके पड़ोसी नितेश सिंह उर्फ भोलू पुत्र कृपा शंकर व कृपा शंकर पुत्र कल्पनाथ सिंह तथा पुष्पा देवी पत्नी कृपा शंकर सिंह वहां आए और विवाद करते हुए नीतेश सिंह ने फावड़ा से जितेंद्र सिंह के सिर पर मार दिया जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। आवाज सुनकर पहुंचे विकास सिंह व अजीत सिंह को भी नितेश, कृपा शंकर और पुष्पा ने मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आशीष कुमार सिंह के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने तीनों आरोपियों को दोष सिद्ध पाते हुए उक्त दंड से दंडित किया।

धनुष टूटते ही लगे जय श्रीराम के नारे, गुंजायमान हो उठा पंडाल

जंघई। विकास खंड मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत असवां में आदर्श रामलीला एवं राघव सेवा ट्रस्ट के बैनर तले चल रही रामलीला में शुक्रवार रात धनुषभंग लीला का मंचन हुआ। राजा जनक द्वारा सीता विवाह के लिए जुटे दूर-दराज के राजा जब धनुष पर प्रत्यंचा नहीं चढ़ा सके, तो लंकापति रावण ने सिंहनाद करते हुए धनुष के पास पहुंचा। तभी आकाशवाणी हुई - ऐ रावण, तुम्हारी बहन को एक राक्षस लिए जा रहा है। रावण प्रतिज्ञा कर चला - एक बार सीता को लंका अवश्य दिखाऊंगा, और लंका रवाना हो गया। अंत में भगवान श्रीराम ने धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाकर धनुष को तोड़ दिया और धनुष टूटते ही जय श्रीराम के नारों से रामलीला परिसर गुंजायमान हो उठा। जब सीता ने भगवान श्रीराम के गले में जयमाला पहनाई तो विवाह गीत के साथ लोगों की आंखों में आंसू भर आए। शिव धनुष टूटते ही भगवान परशुराम-लक्ष्मण संवाद ने दर्शकों का मन मोह लिया।

हैंडबाल टीम बीएचयू में पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता के लिए रवाना

वाइसचांसलर प्रो. राकेश कुमार सिंह ने दिखायी हरी झंडी

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पुरुष हैंडबॉल टीम काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय हैंडबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर से रवाना हुई। विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक सुदृढ़ता प्रदान करते हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की टीम



अपनी कड़ी मेहनत के बल पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी और प्रतियोगिता जीतकर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाएगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। टीम का नेतृत्व टीम कैप्टन कार्तिक यादव कर रहे हैं। उनके साथ टीम कोच के रूप में रंजन श्रीवास्तव एवं टीम मैनेजर के रूप में डॉ. अखिलेश गौतम गए हैं। खिलाड़ियों की रवानगी के अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अविनाश पाथर्डिकर, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, जय सिंह सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

फोन पर जान से मारने की दी धमकी, मुकदमा दर्ज

पवांरा। फोन पर गाली देने व जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के पवांरा गांव निवासी अजीत कुमार यादव पुत्र रामलाल ने थाने पर लिखित तहरीर दिया कि 28 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे शादी की बात को लेकर उसके पिता रामलाल यादव के मोबाइल फोन पर रविन्दर यादव पुत्र शोभनाथ यादव निवासी- करनौली थाना-मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर ने फोन कर मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा और मना करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। इस प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया की मुकदमा दर्जकर लिया गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने गैर-जमानती वारंटी को दबोचा, भेजा न्यायालय

जंघई। अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मीरगंज पुलिस ने मंगलवार को एक गैर-जमानती वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत मीरगंज पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने गोपालापुर गांव निवासी सुरेन्द्र सरोज (38 वर्ष) पुत्र मेवालाल को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध थाने में मारपीट व धमकी की संबंधित धाराओं में मुकदमा (मु0नं0 1124/15 धारा 323, 504, 506 भादवि) दर्ज था। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ जौनपुर के न्यायालय से उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्त को कोर्ट में पेश किया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्रा और मुख्य आरक्षी नरेश वर्मा शामिल रहे।

सीडीओ ने कल्याणपुर गांव में कराया धान की क्राप्ट कटिंग

जफराबाद। सिरकोनी विकास खण्ड क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में मंगलवार को सीडीओ ने धान की फसल के क्राफ्ट कटिंग करवाया। मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि क्राफ्ट कटिंग के लिए जिले में तैनात सभी अधिकारियों के लिए अनिवार्य होता है। इस तरह से ही जनपद में फसल की पैदावार का अनुमान लगाया जाता है। क्राफ्ट कटिंग के लिए शासन द्वारा फसल के उत्पादन के लिए एक डिसमिल यानी 43.33 वर्ग मीटर में धान की फसल का सीमांकन समबाहु त्रिभुज के आकार में कर फसल की कटाई किया जाता है। उसके बाद फसल से बीज निकाल कर वजन कर पोर्टल पर डाल दिया जाता है। इस तरह से जनपद के धान की फसल के उत्पादन की गणना होती है। इस अवसर पर सांख्यिकी अधिकारी शोभनाथ,लेखपाल कृष्णानंद, ग्राम प्रधान रमेश चंद्र जायसवाल सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

पत्रकार के पिता का निधन

जफराबाद। सेवानिवृत्त एडीओ पंचायत प्रेमजीत सिंह ग्राम सुल्तानपुर, पोस्ट अहमदपुर निवासी का लंबी बीमारी के बाद सोमवार की रात 11:30 बजे उनके आवास पर निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन से परिजनों, शुभचिंतकों और परिचितों में गहरा दुख व्याप्त है। स्वर्गीय प्रेमजीत सिंह पिछले कई महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके पुत्र एवं पत्रकार शिवेंद्र सिंह उर्फ काजू ने निधन की जानकारी देते हुए बताया कि पिता जी का स्वास्थ्य काफी समय से ठीक नहीं चल रहा था। उनके निधन से परिवार को अपूरणीय क्षति पहुंची है। वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

सात आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कारवाई को गैंगचार्ट मंजूर

जौनपुर। थाना खेतासराय पुलिस द्वारा तैयार किए गए गैंगचार्ट को संयुक्त बैठक में विचार-विमर्श के बाद अनुमोदित कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक जौनपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/नोडल अधिकारी गैंगचार्ट की संयुक्त बैठक में प्रस्तुत अभिलेखों और आपराधिक इतिहास का परीक्षण किया गया। इसमें प्रदीप कुमार बिन्द निवासी चिकसांवा थाना बरदह जनपद आजमगढ़, भोले राजभर निवासी जपटापुर थाना सरायख्वाजा, आयुष यादव, अमितेश मिश्रा उर्फ अंकित मिश्रा तथा कुशल मिश्रा निवासी सन्दहा थाना सरायख्वाजा, विकास यादव निवासी मोजीपुर थाना खुटहन और शोले राजभर निवासी जपटापुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर के नाम शामिल हैं। यह गैंगचार्ट मुकदमा अपराध संख्या 90/2026, धारा 103(1), 61(2), 3(5) बीएनएस, थाना खेतासराय से संबंधित है।

जिला कारागार का सचिव ने किया औचक निरीक्षण

जौनपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सिविल जज (सीनियर डिवीजन) सुशील कुमार सिंह ने जिला कारागार जौनपुर का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशील कुमार शशि के निर्देशन में किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने जेल अस्पताल, पाकशाला, कैंटीन, महिला बैरक, बच्चा बैरक सहित सभी बैरकों का जायजा लिया। उन्होंने वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं, साफ-सफाई एवं बंदियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात सचिव ने जेल में निरुद्ध बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। बंदियों द्वारा बताई गई समस्याओं के संबंध में उन्होंने जेल अधीक्षक को



आवश्यक एवं उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि पात्र बंदी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से नि:शुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक पवन कुमार त्रिवेदी, जेलर, डिप्टी जेलर, डॉ. दिलीप कुमार सिंह, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल तथा प्रकाश तिवारी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल जौनपुर उपस्थित रहे।

रेलवे कालोनी में दस कमरों के ताले तोड़कर चोरी

सात रेलकर्मियों के छुट्टी पर होने का चोरो ने उठाया फायदा, तहरीर देने के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं होने का आरोप

पड़री। डगमगपुर रेलवे कॉलोनी में बीती रात चोरों ने एक ही रात में करीब 10 कमरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर एक बाइक, हजारों रुपये के आभूषण और अन्य सामान लेकर फरार हो गए।चोरो द्वारा एक साथ कई रेलकर्मियों के आवासों को निशाना बनाए जाने से कॉलोनी में हड़कंप मचा हुआ है। घटना से रेलवे कर्मचारियों में दहशत है। जानकारी के अनुसार, चोरों ने रेलवे कॉलोनी के विभिन्न ब्लॉकों में स्थित रेलकर्मियों के कमरों के दरवाजों के ताले तोड़ दिए। कुछ दरवाजों की कुंडी काटकर चोर अंदर घुसे और सामान समेटकर फरार हो गए। चोरी की घटना स्टेशन मास्टर शशि शंकर, स्टेशन मास्टर देवदत्त राज, पोर्टर सरजू प्रसाद, पोर्टर रंजन कुमार, ट्रैक मेंटेनर राकेश बिंद, कीमैन छोटेलाल, एएसएम इलेक्ट्रिशियन संजय कुमार यादव, कमलेश कुमार, गौतम कुमार और उपेंद्र कुमार के कमरों में हुई बताई जा रही है। बताया गया कि जिन 10 कर्मचारियों के कमरों के ताले तोड़े गए, उनमें से सात कर्मचारी छुट्टी पर थे। कर्मचारियों के अनुसार, चोरों ने बंद कमरों को निशाना बनाकर वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी होने पर कॉलोनी के कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। स्टेशन मास्टर शशि शंकर ने बताया कि जिन कमरों के ताले तोड़े गए थे, उन्हें दोबारा बनवा दिया गया है। चोरी की घटना के संबंध में स्टेशन मास्टर शशि शंकर और ट्रैक मेंटेनर राकेश कुमार बिंद पड़री थाने पहुंचे। रेलकर्मियों का आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। हालांकि, इस संबंध में पुलिस का आधिकारिक पक्ष नहीं मिल सका है।



चोरी के बाद बिखरा सामान। छाया:आज

किसान की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

मड़िहान। मरचा गांव निवासी 58 वर्षीय राजाराम गौड़ की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। अचानक तबीयत बिगड़ने से परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल अधीक्षक डाक्टर आरएस वर्मा ने देखते ही बताया कि इनकी सांसें थम गईं है। घटना से परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जिस घर में कुछ समय पहले तक सामान्य दिनचर्या चल रही थी, वहां अचानक मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।इस संबंध में अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरएस वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया दिल का दौरा पड़ने से मौत होने की आशंका है।

हाईकोर्ट के दो स्टेनो भाइयों के बंद मकान में भीषण चोरी

मीरजापुर। चील्ह थाना क्षेत्र के चकसारी पोस्ट मुजेहरा कला क्षेत्र में बंद पड़े मकान में भीषण चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने मकान के मुख्य गेट का दरवाजा और ताला तोड़कर घर में रखे लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार मूल रूप से चेकसारी का निवासी है, लेकिन दोनों भाई हाईकोर्ट में स्टेनो पद पर कार्यरत होने के कारण बाहर रहते हैं। इनके पिता भी इलाहाबाद हाईकोर्ट में रजिस्टर पद पर थे। जानकारी के अनुसार, यह मकान दो भाइयों का है। बड़े भाई विनोद कुमार पांडे उर्फ पिंटू जो पटना हाईकोर्ट बिहार में स्टेनो के पद पर कार्यरत हैं और छोटे भाई पंकज पांडे पुत्र चक्कर पांडे इंदौर हाईकोर्ट में स्टेनो पद पर कार्यरत हैं। विगत कई वर्षों से दोनों भाई नौकरी के कारण बाहर ही रहते हैं। मकान अधिकांश समय बंद रहता है। बताया जा रहा है कि लगभग 20 दिन पहले उनकी माताजी घर पर आई हुई थीं। उस समय घर में सब कुछ ठीक-ठाक था और ताला बंद कर वे वापस चली गई थीं। माता के जाने के करीब 20 दिन बाद चोरों ने सुनसान देखकर वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने मुख्य गेट का दरवाजा और ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया और अलमारी, बक्सा आदि तोड़कर लाखों के जेवरात, कपड़े और कीमती सामान चोरी कर ले गए। इस घटना की सूचना पड़ोस में रहने वाली एक महिला और उनके चचेरे भाई दीपक पांडे ने टेलीफोन के माध्यम से दी। चचेरे भाई दीपक पांडे ने बताया कि जब पड़ोस की महिला ने देखा कि लंबे समय से बंद मकान का गेट टूटा हुआ है तो उसने मुझे फोन किया। मैं मौके पर पहुंचा तो देखा कि ताला टूटा है और अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। ऐसा लग रहा है कि चोरों ने पूरे घर को खंगाल डाला है। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना विनोद पांडे और पंकज पांडे को फोन पर दी।

लोक अदालत, पेमेंट सेतु ऐप के प्रति किया जागरूक

मीरजापुर। जिला बार एसोसिएशन के सभागार में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में स्थायी लोक अदालत और पेमेंट सेतु ऐप के प्रचार-प्रसार को लेकर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने इसकी कार्यप्रणाली, अधिकारिता और उपयोगिता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े विवादों का निस्तारण स्थायी लोक अदालत के माध्यम से सरल, सुलभ और कम खर्च में कराया जा सकता है। उन्होंने लोगों से इसका अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल कुमार सिंह ने पेमेंट सेतु ऐप के उद्देश्य, उपयोग और आमजन के लिए इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

सीओ ने की शांतिपूर्वक तरीके से त्योहार मनाने की अपील

चील्ह। आगामी त्योहार दीपावली, छठ पूजा और भरत मिलाप कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर आज मंगलवार को चील्ह थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी ब्रह्मदीन पांडेय, सीओ सदर जटा शंकर मिश्रा और नायब तहसीलदार सुरेंद्र सिंह ने की। बैठक में सीओ सदर जटा शंकर मिश्रा ने उपस्थित डीजे संचालकों, भरत मिलाप आयोजन समिति के पदाधिकारियों, क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों और जिला पंचायत सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी त्योहार और कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में आयोजित किए जाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और आपसी भाईचारा बनाए रखें। सीओ सदर ने कहा कि पुलिस प्रशासन त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है और आपकी मदद के लिए हमेशा आपके साथ रहेगी। कहीं भी कोई समस्या हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने डीजे संचालकों को निर्धारित ध्वनि सीमा और समय का पालन करने का निर्देश दिया। वहीं, भरत मिलाप कार्यक्रम के आयोजकों को विशेष रूप से निर्देश दिया गया कि वे कार्यक्रम से पहले शासन से अनुमति (परमिशन) अवश्य ले लें, जिससे कि कार्यक्रम के आयोजन में किसी प्रकार की बाधा न आए और प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

डैफोडिल्स के वार्षिकोत्सव में दिखा समर्पण का रंग

मीरजापुर। लोहिया तालाब स्थित डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल का तीन दिवसीय वार्षिक समारोह समर्पण मंगलवार को धूमधाम से शुरू हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए विद्यार्थियों ने माता-पिता, गुरु, देश, संस्कृति और पर्यावरण के प्रति समर्पण का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय की संस्था शेयर एंड केयर की ओर से बालिका सशक्तीकरण के तहत वंचित वर्ग की 10 बालिकाओं को साइकिल वितरित की गईं। तीन दिवसीय आयोजन में कुल 19 साइकिलें बांटी जाएंगी। मुख्य अतिथि डीआईजी पूनम ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बीएचयू में एआई कार्यशाला का आयोजन

छह विद्यार्थी बने एआई चैंपियन, तकनीकी कौशल विकसित करने के लिए आयोजित हुई कार्यशाला

मीरजापुर। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के दक्षिण परिसर स्थित मुख्य सभागार में मंगलवार को दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, कला संकाय, रोटरी क्लब ऑफ वाराणसी कबीर एवं टेकब्रेनस् के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एआई की नवीनतम तकनीकों से परिचित कराकर व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी कौशल विकसित करना रहा। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि रोटेरियन डॉ. अजय दुबे सहित प्रशिक्षकों एवं अतिथियों ने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला की थीम परिसर से वास्तविक प्रभाव तक रही। इस दौरान चैटजीपीटी, गूगल जेमिनी, माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट और कैनवा एआई सहित विभिन्न टूल का लाइव प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुसंधान, व्यवसाय और कंटेंट निर्माण में इनके उपयोग की जानकारी दी गई। एआई कार्निवल 2026-27 के लिए छह विद्यार्थियों सपना भारती, रोहन यादव, अश्लिषा राज, उन्नति शाही, वंश पांडेय और स्पंदन सरकार का एआई चैंपियन के रूप में चयन हुआ। चयनित विद्यार्थियों को 20 दिसंबर को वाराणसी में आयोजित एआई कार्निवल में अपने नवाचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। यहां दो हजार से अधिक व्यवसायियों और उद्यमियों के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा। कार्यशाला में डॉ. आरएस मिश्रा, डॉ. राघवेंद्र रमन, डॉ. इरफान अंसारी, डॉ. श्रुति सिंह सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। संचालन आश्लेषा और रोहन ने किया।



अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

मड़िहान। सड़क पर दौड़ते वाहनों के बीच एक छोटी सी लापरवाही किसी परिवार की खुशियां छीन सकती है। मड़िहान तहसील से आगे धर्मकांटा के पास एक बार फिर सड़क हादसे ने लोगों को झकझोर दिया। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार छत्तीसगढ़ निवासी दो युवक घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस टीम ने आशीष यादव के नेतृत्व में दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार कराया गया। घायलों की पहचान छत्तीसगढ़ निवासी सुरेश यादव (28) पुत्र अनिल यादव तथा रायबहादुर सिंह (30) के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों युवक मिर्जापुर में रहकर आर्केस्ट्रा पार्टियों के लिए डांसर उपलब्ध कराने का काम करते हैं। दोनों बाइक से अपने घर से मिर्जापुर के लिए निकले थे। मड़िहान तहसील से आगे बढ़ते ही धर्मकांटा के पास वाहनों की भीड़ के बीच हादसे का शिकार हो गए। अचानक हुई दुर्घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। धर्मकांटा के आसपास सड़क पर वाहनों की लंबी कतार और अव्यवस्थित आवागमन लंबे समय से हादसों की आशंका बढ़ा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पिछले दो वर्षों में यहां कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इन हादसों में तीन परिवारों के चिराग हमेशा के लिए बुझ चुके हैं। किसी ने अपना बेटा खोया तो किसी के घर का सहारा छिन गया। हर हादसे के बाद कुछ दिनों तक चिंता और कार्रवाई की चर्चा होती है, लेकिन समय बीतते ही सब कुछ पहले जैसा हो जाता है। पूर्व में लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बाद पुलिस प्रशासन की ओर से धर्मकांटा हटवाने के लिए सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। लोगों को उम्मीद जगी थी कि अब इस समस्या का स्थायी समाधान होगा और सड़क पर चलने वाले राहगीरों की जिंदगी सुरक्षित रहेगी। लेकिन कुछ समय बीतने के बाद मामला फिर ठंडे बस्ते में चला गया। हालात जस के तस बने हुए हैं।

खाद के लिए किसानों की उमड़ी भीड़, मजबूर हुए अन्नदाता

शिकायत मिलने पर चेयरमैन डाक्टर जगदीश सिंह ने किया औचक निरीक्षण

मड़िहान। खरीफ फसल की कटाई-मड़ाई के बीच अब रबी की बुआई का दौर शुरू हो गया है। ऐसे में खेतों में समय से बुआई और अच्छी पैदावार की उम्मीद लगाए किसान खाद के लिए परेशान हैं। मड़िहान कस्बा स्थित इफको बाजार गोदाम पर उर्वरक लेने के लिए किसानों की भारी भीड़ जुट रही है। निर्धारित मात्रा में खाद मिलने के बावजूद किसानों को बार-बार गोदाम का चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे उनकी परेशानी बढ़ती जा रही है। किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए चेयरमैन डाक्टर जगदीश सिंह ने इफको बाजार पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद वितरण की व्यवस्था देखी और मौजूद किसानों से उनकी समस्याएं जानीं। किसानों ने बताया कि प्रति एकड़ एक बोरी उर्वरक दिया जा रहा है, लेकिन खाद लेने के लिए कई बार आना पड़ता है। खेती के महत्वपूर्ण समय में खाद के लिए घंटों इंतजार करना किसानों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहा है। इस पर चेयरमैन ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगा। उन्होंने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर इफको बाजार में अतिरिक्त स्टाफ तैनात कराने की बात कही, ताकि खाद वितरण में तेजी आए और किसानों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। खेती-किसानी का समय किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। मौसम के साथ तालमेल बैठाकर समय से बुआई करना उनकी मजबूरी भी है और उम्मीद भी। ऐसे में खाद के लिए बार-बार चक्कर लगाना उनकी मेहनत और समय दोनों पर भारी पड़ रहा है। किसानों को उम्मीद है कि निरीक्षण के बाद व्यवस्था में सुधार होगा और उन्हें समय से उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा।



निरीक्षण करते सभापति। छाया:आज

सपा के २८ हजार नामों में गड़बड़ी के आरोप को प्रशासन ने नकारा

मीरजापुर। विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची को लेकर जिले में सियासी हलचल तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी ने जिले की पांचों विधानसभा सीटों की मतदाता सूची में करीब 28 हजार नामों में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। सपा का दावा है कि जांच में कई मतदाताओं के नाम एक से अधिक बार दर्ज मिले हैं। कुछ मतदाताओं के नाम दो नहीं, बल्कि तीन से चार बार तक अलग-अलग बूथों पर दर्ज होने की बात कही गई है। वहीं, जिला प्रशासन ने समाजवादी पार्टी के आरोपों का खंडन करते हुए मतदाता सूची में इस तरह की किसी गड़बड़ी से इनकार किया है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन नामावलियों का कार्य पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ कराया जा रहा है। अभी तक जनपद में इस तरह की कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है। डीएम ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) से पहले विशेष अभियान चलाया गया था। इस दौरान सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ मौजूद रहे और प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण किया गया। 12 नवंबर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद भी अभियान चलाकर दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। उनका नियमानुसार निस्तारण करते हुए जनवरी में अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में छूट गया है, वे नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 भर सकते हैं, जबकि गलत नाम पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए फार्म-7 का इस्तेमाल किया जा सकता है। प्रशासन सभी को समान अवसर दे रहा है।

कछवां थाने में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

कछवां। स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार को सीओ सदर जटाशंकर मिश्रा के नेतृत्व में आगामी दीपावली, धनतेरस व भैया दूज पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, व्यापारी, जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ सदर जटाशंकर मिश्रा ने कहा कि दीपावली रोशनी और खुशियों का पर्व है। सभी लोग आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ त्योहार मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान बाजारों में भीड़ बढ़ेगी, इसलिए दुकानदार अपनी दुकानों के सामने अतिक्रमण न करें और पटाखों की बिक्री निर्धारित स्थानों पर ही करें। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और सख्त कार्रवाई की जाएगी।थाना प्रभारी की ओर से मौजूद एसएसआई भरत सुमन ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। बाजार, भीड़भाड़ वाले इलाकों और मंदिरों के आसपास पुलिस की गश्त बढ़ाई जाएगी इस अवसर पर एसआई राज नारायण सिंह, एसआई शाहिद यादव, उमाशंकर प्रधान, कैलाश यादव, सतीश राय, परमेश्वर सिंह, भानु प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी ने त्योहार को शांति, प्रेम और सद्भाव के साथ मनाने का संकल्प लिया।

बीमारी ने बुझाया घर का चिराग

छानबे। क्षेत्र के सुपंथा गांव में मंगलवार की सुबह उस समय मातम छा गया, जब बीमारी से जूझ रहे 27 वर्षीय शंकर शरण उपाध्याय का वाराणसी के निजी अस्पताल में निधन हो गया। घर के इकलौते बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शंकर शरण भाजपा नेता एवं नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा के करीबी और उनके अभिन्न समर्थक थे। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे शव घर पहुंचते ही चीख-पुकार मच गई।



बैठक में मौजूद लोग। छाया:आज

संक्षेप

मार्च तक प्राचार्य की जिम्मेदारी संभालेंगे सेवानिवृत्त डा. सुरेंद्र प्रसाद त्रिपाठी

नवोदय विद्यालय पटेहरा में पांच माह के लिए बढ़ाया गया कार्यकाल, विद्यालय के प्रति समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को मिला सम्मान

पटेहरा। कर्तव्य के प्रति समर्पण, शिक्षा के प्रति निष्ठा और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किए गए अथक प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाते। इसका एक उदाहरण जवाहर नवोदय विद्यालय मीरजापुर, पटेहरा के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र प्रसाद त्रिपाठी के रूप में सामने आया है। 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो चुके डॉ. त्रिपाठी को उनके कार्यों, विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पण को देखते हुए मार्च 2027 तक सेवा विस्तार दिया गया है। प्राप्त आदेश के अनुसार, माननीय आयुक्त, संयुक्त आयुक्त मुख्यालय, नवोदय विद्यालय समिति एवं उपायुक्त क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के निर्देश पर उन्हें पुन: प्राचार्य पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शाम को आदेश प्राप्त होने के बाद उनके लिए यह सुखद और भावुक क्षण बन गया। डॉ. त्रिपाठी के अनुसार, वे 31 अक्टूबर को विद्यालय से सेवानिवृत्त होकर अवमुक्त हो चुके थे और अपने गृह जनपद भदोही जाने की तैयारी में थे। इसी बीच कार्यकाल बढ़ाए जाने का आदेश मिलने से उन्हें एक बार फिर विद्यालय और विद्यार्थियों के बीच सेवा करने का अवसर मिल गया। अब वे मार्च 2027 तक लगभग पांच माह अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने इस उपलब्धि को मां विंध्यवासिनी देवी की कृपा और शुभचिंतकों के आशीर्वाद का प्रतिफल बताते हुए कहा कि वे पुन: मनसा, वाचा और कर्मणा पूरी निष्ठा के साथ राष्ट्रसेवा में जुटे रहेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार देकर एक बेहतर इंसान बनाया जाए, जो भविष्य में देश और समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

२७ अंकों से हराकर सहारा कप पर जमाया कब्जा

इमिलियाचट्टी। क्षेत्र के भगौती देई गांव स्थित पंचायत भवन के मैदान में सहारा कप कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 45 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला सिकरी और तियरी की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें सिकरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 38 अंक हासिल किए, जबकि तियरी की टीम 11 अंक ही बना सकी। इस तरह सिकरी ने 27 अंकों से जीत दर्ज कर कप पर कब्जा जमा लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अपना दल (एस) के प्रदेश सचिव अरुणेश सिंह पटेल रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। हार-जीत लगी रहती है, इसलिए कभी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। लगातार प्रयास करने से एक दिन सफलता जरूर मिलती है। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार उत्तर शुक्ला को दिया गया। इस अवसर पर संरक्षक राजबहादुर सिंह, अध्यक्ष अक्षय पटेल, उपाध्यक्ष राहुल कुमार, इंद्रजीत सिंह पटेल, तरुण सिंह, अनुराग सिंह, संदेश सिंह, रोशन सिंह, अमित यादव, अनिल प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए ई-लाटरी, १३ किसानों का चयन

मीरजापुर। जिले में किसानों को कृषि यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध कराने के लिए मंगलवार को द्वितीय चरण की ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न हुई। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देशन में आयोजित इस प्रक्रिया के माध्यम से 13 किसानों का चयन किया गया। वित्तीय वर्ष 2026-27 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत 10 हजार रुपये से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों और कृषि रक्षा उपकरणों के लाभार्थियों का चयन किया गया। ई-लॉटरी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति (डीएलईसी) की मौजूदगी में कृषि विभाग के पोर्टल पर कराई गई। चयनित किसानों के मोबाइल पर तत्काल एसएमएस के माध्यम से सूचना भेजी गई। ई-लॉटरी में ऑयल मिल विथ फिल्टर प्रेस, कल्टीवेटर, क्लीनर कम ग्रेडर, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर, पावर टिलर, मिनी राइस मिल, सेल्फ प्रोपेल्ड राइस ट्रांसप्लांटर, सोलर ड्रायर और स्ट्रा रिपर के लिए एक-एक किसान का चयन हुआ। वहीं, शक्ति चालित चारा कटर के लिए दो किसानों का चयन किया गया। कृषि विभाग के अनुसार सभी 13 किसानों का चयन सफलतापूर्वक ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया। प्रक्रिया में उपस्थित किसानों ने भी चयन प्रक्रिया पर संतोष जताया।



चयन समिति में मौजूद लोग। छाया:आज

बाइकों की जोरदार टक्कर में दो घायल, एक गंभीर

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज संपर्क मार्ग पर बरी गांव में मंगलवार की सुबह दो बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस से दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लाया गया, जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद एक व्यक्ति को ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार हलिया कस्बा निवासी पवन त्रिपाठी 45 बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान बरी गांव के पास उनकी बाइक हथेड़ा गांव निवासी प्रदीप 20 की बाइक से टक्कर हो गई। जोरदार टक्कर में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. आलोक और डॉ. रीना ने उनका उपचार करते हुए पवन त्रिपाठी के सिर में गंभीर चोट को देख कर बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया। वहीं, दूसरे घायल प्रदीप का उपचार स्वास्थ्य केन्द्र पर चल रहा है। इस संबंध में डॉक्टर आलोक सिंह डॉक्टर रीना ने बताया कि एम्बुलेंस से स्वास्थ्य केन्द्र पवन त्रिपाठी 45 तथा प्रदीप 20 को घायल अवस्था में लाया गया था। उपचार किया गया है। पवन त्रिपाठी के सर में गंभीर चोट होने के कारण ट्रामा सेन्टर रेफर किया गया है।

बिहार समाचार

एटीएम कटिंग मामले का उद्भेदन, रोहतास पुलिस ने हरियाणा के दो शातिरों को दबोचा

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। पुलिस ने कोचस और सासाराम नगर थाना क्षेत्र में हुए एटीएम मशीन कटिंग मामले का सफल उद्भेदन किया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने बताया कि इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 35 वर्षीय मुकीम पिता गफूर खां, वैसी, थाना नुह सदर और 32 वर्षीय मुनफेद पिता हबीब, पटुका साहसला, थाना सदर ताबहू, जिला नुह मेवात, हरियाणा के रूप में हुई है। कोचस थाना कांड संख्या 152/26 और सासाराम नगर थाना कांड संख्या 744/26 के अनुसंधान के क्रम में दोनों को पकड़ा गया। घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी संख्या बी6-टी0126एच आर3958बीए भी बरामद की गई है।पूछताछ में अभियुक्तों ने बक्सर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में भी एटीएम कटिंग की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने अभियुक्त के घर पर चिपकाया इश्तिहार

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। डालमियानगर थाना कांड संख्या 190/2026 के फरार चल रहे अभियुक्तों के घर पर पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया और तत्काल आत्मसमर्पण करने की सलाह दी। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि अभियुक्तों ने तत्काल न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो कुर्की जप्ति की कारवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि विगत 6 सितंबर 2026 को कोल डिपो, भेड़िया स्थित गलैक्सि सिनेप्लेक्स में मारपीट एवं जानलेवा हमले के नामजद अभियुक्त शुभम कुमार एवं मनु रंजन दोनों पिता सुमंत्र सिंह तथा जॉनी सिंह पिता बबलू सिंह सभी ग्राम भेड़िया ,थाना डालमियानगर पिछले दो माह से फरार चल रहे हैं। पुलिस ने कई बार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की लेकिन अभियुक्त गण पुलिस को चकमा देने सफल रहे हैं। अब पुलिस ने अदालती कार्यवाही करते हुए इश्तेहार लेकर अभियुक्तों के घर पर चिपका दिया है ।

गृहभेदन के आरोप में सात गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। जिले में चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाते हुए रोहतास पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए गृहभेदन के मामले में सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कारवाई रोहतास थाना कांड संख्या 305/26 ,1नवंबर.26 के आधार पर की गई।पुलिस मुख्यालय के अनुसार सूचना के आधार पर छापेमारी कर सभी आरोपियों को चोरी के सामान के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान गोविंद कुमार पिता कमलेश पासवान, गोविंद कुमार पिता स्व. गंगा दयाल शाह, नौशाद अली पिता नाजीर मंसूरी, अभिषेक कुमार पिता अनिल सिंह, गुड्डू कुमार पिता सुनील साह, सनोज कुमार पिता लक्ष्मण सिंह और जयराम सिंह पिता राम इकबाल सिंह के रूप में हुई है। सभी सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के निवासी हैं।इनके पास से बड़ा गैस सिलेंडर 1, छोटा सिलेंडर 1, सिंगल गैस चूल्हा 1, स्टील थाली 21, कुकर 1, मिक्सी मशीन 1, 25 किलो चावल, फैन, स्टैंड फैन, गिलास, चम्मच, कटोरा, टिफिन, केन पीस सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस अग्रतर कारवाई में जुटी है।

पूर्णमासी जी की योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता बबन सिंह

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। कुशवाहा सभा भवन, डेहरी के पूर्व सचिव स्वर्गीय पूर्णमासी सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय पूर्णमासी सिंह के ज्येष्ठ पुत्र प्रो. प्रमोद कुमार द्वारा उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद कुशवाहा सभा भवन के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज: 3**,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ: 1**,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022470
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे
शुद्धि पत्र
'ई-निविदा सूचना सं०- DYCE-CON-GD-06-2026 Closing date 18.11.2026 के सम्बन्ध में Reply of 1st Pre Bid Meeting एवं Corrected Tender Document को वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इस सूचना का शुद्धि पत्र http://ireps.gov.in वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।'
उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/गोण्डा
मुजाधि/डब्लू - 400
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पहले रामभक्तोंपर चलती थीं गोलियां, आज पुष्पवर्षा से होता है स्वागत

पीलीभीत (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में प्रज्वलित होने वाला एक-एक दीप पूरे उत्तर प्रदेश की समृद्धि और विकास का कारण बनता है। दीपोत्सव में जलने वाले दीप केवल भगवान श्रीराम के आगमन की स्मृति को जीवंत नहीं करते, बल्कि प्रदेश की प्रगति, खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य का भी प्रतीक हैं। आस्था भारत की सबसे बड़ी ताकत है। इसी आस्था ने विविधताओं से भरे देश को एकता के सूत्र में बांध रखा है। उन्होंने कहा कि पहले रामभक्तों पर लाठियां और गोलियां चलती थीं, आज उन पर पुष्पवर्षा होती है। पहले सवाल था कि रामलला टेंट से कब निकलेंगे, आज भव्य मंदिर में लाखों श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को जनपद पीलीभीत के निरानपुर गांव में ब्रह्मलीन महंत योगी शांतिनाथ की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने परिसर में स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण



किया। साथ ही उन्होंने पवित्र व्यास पीठ पर विराजमान श्री राम कथा के व्यास पूज्य संत अंजनी शरण जी को वस्त्र और फल भेंटकर सम्मानित किया और श्रद्धापूर्वक रामकथा का श्रवण किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में करीब 200 देश हैं। सबकी अपनी विशेषताएं, पहचान, चुनौतियां और उपलब्धियां हैं। कहीं हजारों की आबादी है तो कहीं लाखों और करोड़ों में जनसंख्या है। 50 करोड़ से अधिक आबादी वाले देशों में भारत और चीन शामिल हैं। यूरोप एक दिखाई देता है लेकिन वहां भी अलग-अलग राजनीतिक इकाइयों वाले अनेक देश हैं। इसके विपरीत भारत में उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक रूप-रंग, बोली और भाषा की विविधता होने के बावजूद पूरा देश एक भाव और एक भंगिमा के साथ एकता के सूत्र में बंधा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच सौ वर्षों तक रामजन्मभूमि की मुक्ति के लिए आस्था बिना रुके, बिना डिगे और बिना पीछे हटे संघर्ष करती रही। अंतत: जब पूरा भारत एक स्वर में खड़ा हुआ तो अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने दो नवंबर 1990 की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दिन अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलाई गई थीं और सैकड़ों रामभक्त घायल हुए थे। उस समय अयोध्या में जय श्रीराम बोलने और रामभक्तों के आने तक पर प्रतिबंध था।

रेजॉन सोलर दिसंबर 2026 में शुरू करेगी 5.1 गीगावाट टॉपकॉन सेल फैक्टरी

नयी दिल्ली (आससे)। रेजॉन सोलर लिमिटेड दिसंबर 2026 में 5.1 गीगावाट क्षमता वाली टॉपकॉन सोलर सेल निर्माण इकाई शुरू करने जा रही है। कंपनी का लक्ष्य इस परियोजना के जरिए अपनी विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के साथ भारत में घरेलू सोलर सप्लाई चेन को मजबूत करना है। कंपनी के अनुसार, गुजरात में स्थापित होने वाली इस सुविधा में सोलर सेल का उत्पादन किया जाएगा। इसके बाद 2027 की पहली तिमाही में पहली खेप बाजार में उतारने की योजना है। कंपनी भविष्य में 5.1 गीगावाट की शॉट-कार्टिंग और वेफर स्लाइसिंग सुविधा भी विकसित करेगी, जिसे 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है। रेजॉन सोलर के सह-संस्थापक हार्दिक कोठिया ने कहा कि कंपनी अत्याधुनिक तकनीक के जरिए घरेलू विनिर्माण क्षमता बढ़ाने, आयात पर निर्भरता कम करने और वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

जयपुर में 35 हजार लीटर संदिग्ध घी मिलने पर फैक्टरी सीज

जयपुर (एजेंसी)। त्योहारी सीजन में मिलावटखोरी के खिलाफ चलाये जा रहे 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जयपुर में बड़ी कारवाई को अंजाम दिया। खाद्य सुरक्षा टीम ने हिमालय डेयरी प्रोडक्ट्स की घी निर्माण एवं पैकेजिंग फैक्टरी पर औचक निरीक्षण करते हुए छापा मारा। निरीक्षण के दौरान फैक्टरी परिसर में करीब 35 हजार लीटर संदिग्ध घी पाया गया। इस गंभीर अनियमितता और खामियों को देखते हुए अधिकारियों ने पूरी फैक्टरी को तुरंत प्रभाव से सीज कर दिया। कार्रवाई के समय फैक्टरी में खाद्य लाइसेंस भी प्रदर्शित किया हुआ नहीं मिला।

आजम खां के बाद अब परिजन पर कसेगा ईडी का शिकंजा

आगरा (एजेंसी)। मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में सपा नेता आजम खां की गिरफ्तारी के बाद अब ईडी जौहर ट्रस्ट से जुड़े अन्य सदस्यों की कुंडली खंगालने में लगी है। ट्रस्ट में सपा नेता आजम खां की पत्नी, दोनों बेटे और बहन भी शामिल हैं। ऐसे में ईडी की कार्रवाई आगे बढ़ने पर आजम परिवार की मुसीबत और बढ़ सकती है। ईडी की ओर से 13 अक्तूबर को अजीम नगर थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में जौहर ट्रस्ट को शामिल किया गया है जिसके माध्यम से यूनिवर्सिटी का निर्माण कराया गया है। निजी विश्वविद्यालय में सरकारी धन का उपयोग हो या फर्जी फर्मों से चंदा लेने की बात, सब कुछ इसी ट्रस्ट के जरिये किया गया है। ऐसे में ट्रस्ट में शामिल सभी सदस्यों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। आजम खां ने 1990 में मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट गठित किया था। वह खुद ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष बने थे जबकि पत्नी तजीन फातिमा सचिव, बहन निकहत अफलाक कोषाध्यक्ष और दोनों बेटे अदीब व अब्दुल्ला को सदस्य बनाया था। इनके अलावा मुश्ताक अहमद सिद्दीकी उपाध्यक्ष, चमरौवा के सपा विधायक



नसीर अहमद खां संयुक्त सचिव और सलीम कासिम को सदस्य के रूप में रखा गया। ट्रस्ट के कुल नौ लोगों में पांच आजम खां के घर के ही सदस्य हैं। ईडी का आरोप है कि शेष चार लोग डमी के रूप में ही ट्रस्ट में शामिल किए गए थे। आजम खां और अब्दुल्ला कई मामलों में अभियुक्त बनाए गए हैं। फिलहाल वह जमानत पर जेल से बाहर हैं। आजम के परिवार में सिर्फ उनके बड़े बेटे अदीब और बहन निकहत अफलाक ही बचे हैं जो अब तक किसी मामले में दोषी नहीं ठहराए गए हैं। दो जन्म प्रमाणपत्र मामले में सजा सुनाए जाने के बाद आजम खां ने जौहर ट्रस्ट से अपना, पत्नी और छोटे बेटे का नाम हटा लिया है। नई कार्यकारिणी में उनकी बहन निकहत अध्यक्ष हैं जबकि, बेटा अदीब सचिव हैं। इनके अलावा मुश्ताक अहमद सिद्दीकी, नसीर अहमद खां, जावेद उर रहमान खान, मुमताज बी व शहरेयार सलीम भी शामिल हैं। ईडी की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी में विश्वविद्यालय के निर्माण में सरकारी धन के दुरुपयोग, कमीशनखोरी और बिना हिसाब के चार सौ करोड़ खर्च करने के जो आरोप लगे हैं, उनके संबंध में दस्तावेजी साक्ष्य भी मौजूद हैं।

शेष

विधानसभा...

चुनावी जीत-हार पर निर्भर नहीं करता। सपा सभी सीटें जीत भी जाए, तब भी ईवीएम के खिलाफ रहेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनता के मताधिकार की सुरक्षा बेहद जरूरी है।अखिलेश ने दालमंडी के उजाड़े गए व्यापारियों और मणिकर्णिका घाट की विरासत का मुद्दा उठाते हुए इसे विधानसभा चुनाव में प्रमुख मुद्दा बताया। दावा किया कि भाजपा 2027 में अपने 200 विधायकों के टिकट काटने जा रही है। उन्होंने योगी सरकार पर प्रशासन के जरिए सपा प्रत्याशी को हराने की कोशिश का आरोप भी लगाया। प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि मां गंगा ने जिसे बुलाया था, उन्होंने ही मां गंगा को भुला दिया। बोले, भाजपा जाएगी तो बनारस मुस्कुराएगा।

सफल परीक्षण.

में तबाह करना। पहले एक लॉन्चर (एक टारगेट, अब एक लॉन्चर) दो टारगेट। तकनीकी रूप से साल्वो टेस्ट सबसे मुश्किल माना जाता है। दो मिसाइलों की एग्जॉस्ट प्लम एक-दूसरे को डिस्टर्ब करती है। छत्रछह ने इसे कर दिखाया, इसका मतलब सिस्टम अब यूजर-रेडी है, सिर्फ लैब-रेडी नहीं। लागत और असर के रूप से एक प्रलय मिसाइल की कीमत ब्रह्मोस से 60ब कम, लेकिन रनवे तबाह करने की क्षमता लगभग बराबर। इसलिए सेना इसे बड़ी संख्या में बॉर्डर पर तैनात कर सकती है- क्वांटिटी और क्वालिटी दोनों। सेना ने इसे खास तौर पर पश्चिमी और उत्तरी बॉर्डर के लिए मांगा था। डीएसी ने 120 मिसाइलों की खरीद को हरी झंडी दे दी है।

प्रदर्शन स्थलपर...

कि जुलाई में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) को एक दिन के प्रदर्शन की अनुमति दी गई थी, लेकिन संगठन 17 दिनों तक वहां डटा रहा। इसके बाद बिना अनुमति संसद की ओर मार्च किया गया। उन्होंने कहा कि संसद देश की संप्रभुता का प्रतीक है और बिना अनुमति संसद या सुप्रीम कोर्ट तक मार्च कर प्रदर्शन करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

नदियोंकी गाद...

उपयोग का अवसर मिलता है। उन्होंने गंगा के दोनों किनारों पर फोरलेन सड़क बनाने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री के अनुसार, गाद निकासी से लगभग एक लाख एकड़ नई भूमि उपलब्ध होने की संभावना है। इसका उपयोग गंगा किनारे आवासीय कॉलोनियां विकसित करने में किया जा सकता है। राज्य में 80 हजार एकड़ भूमि पर 12 नए टाउनशिप, 10 हवाई अड्डे और 32 मेडिकल कॉलेज विकसित किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं में भी गाद का उपयोग किया जाएगा। बिहार में एनएचएआई की 58,340 करोड़ रुपये की लागत वाली 39 परियोजनाएं (1,561 किलोमीटर) निर्माणाधीन हैं, जबकि 1,85,200 करोड़ रुपये की लागत से 11 नई परियोजनाएं (1,982 किलोमीटर) प्रस्तावित हैं।

दवाओं...

मंजूरी दी जाएगी। इस विस्तार से आयातकों को अपने विनिर्माण और वितरण केंद्रों के नजदीक ही सामान प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। इससे न केवल देश के भीतर परिवहन की दूरी और समय घटेगा, बल्कि लॉजिस्टिक्स का खर्च भी कम होगा। मंत्रालय ने इस ड्राफ्ट अधिसूचना पर आम जनता और हितधारकों से आपत्तियां व सुझाव मांगे हैं।

नेपाल...

पुलिस निरीक्षक मौसम तामांग ने बताया कि दुर्घटना के बाद हेलीकॉप्टरों में आग नहीं लगी। घायल यात्री को लुकला के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस की टीम घटनास्थल से जानकारी जुटा रही है और मामले की जांच कर रही है।

दीपावलीपर....

की। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भावुक होकर बोले थे कि मां- बेटियां लकड़ी से खाना बनाने से कई प्रकार की बीमारियों से परेशान हैं, लेकिन निःशुल्क सिलेंडर कनेक्शन मिलने से उन्हें स्वस्थ रहने व जीवन स्तर सुधारने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने इस योजना में निशुल्क गैस कनेक्शन दिए हैं । एक सिलेंडर की रिफलिंग के लिए 938 रुपये 45 पैसे देने होते हैं और इसमें केंद्र सरकार 333 रुपये सब्सिडी देती है। इस प्रकार उपभोक्ता को 648 रुपये 55 पैसे अपनी जेब से देने पड़ते हैं, लेकिन उप्र सरकार द्वारा दीपावली पर्व पर प्रत्येक उपभोक्ता के लिए गैस सिलेंडर के लिए 648 रुपये 55 पैसे गैस कंपनियों को दिया जा चुका है। अब उपभोक्ता गैस एजेंसी से गैस लें और खुशी- खुशी त्योहार मनाएं और बचे हुए 650 रुपये से मिठाई व दिया खरीदें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर थे। उन्हें न तो समय से खाद मिलती थी और न बिजली। उपज का भी सही दाम नहीं मिलता था और वे कर्ज में डूबे रहते थे। आत्महत्या करने के लिए मजबूर थे लेकिन जबसे डबल इंजन की सरकार बनी है तब से किसान सम्मान निधि से लेकर कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उप्र में हाल ही में ओलावृष्टि, तूफान, बारिश व अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त फसलों का किसानों को मुआवजा तो मिलेगा ही, राज्य सरकार उन्हें विशेष पैकेज देगी, जिससे लगभग 4 करोड परिवार लाभान्वित होंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस के शासनकाल में रिश्वतखोरी व भ्रष्टाचार के कारण लोग परेशान थे। उन्हें बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलती थीं, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद सभी वर्गों के कल्याण की योजनाएं शुरू की गयीं।

दिल्ली मुख्यालय...

का आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक, निलंबन की अवधि के दौरान वशिष्ठ का मुख्यालय दिल्ली रहेगा और उन्हें सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। यह मामला शाहदरा थाने में पुलिस और वकीलों के बीच विवाद से जुड़ा है। वकीलों के अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान करने के बाद, गांधीनगर उपमंडल के एसीपी वशिष्ठ और शाहदरा थाने के प्रभारी (एसएचओ) अरूण कुमार का तबादला कर दिया गया था। इसके बाद वकीलों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली थी। दिल्ली की सभी जिला अदालतों के बार एसोसिएशन की समन्वय समिति के अनुसार, यह टकराव एक घटना के बाद शुरू हुआ था जिसमें वकील ललित बंसल को कथित हमले में सिर पर गंभीर चोट लगी थी, जिसके लिए शाहदरा थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में नामज़द लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर कई वकील 23 अक्टूबर की शाम थाने गए। समिति ने दावा किया कि एसीपी और एसएचओ ने उन्हें आश्वासन दिया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा जो उस वक्त थाने में ही मौजूद था। इसने कहा कि हालांकि, अगले दिन अधिवक्ताओं को पता चला कि आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है और उसे कथित तौर पर रिहा कर दिया गया है । जिससे बार के सदस्यों के बीच गंभीर चिंता पैदा हो गई।

राजीव गाँधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय
RAJIV GANDHI NATIONAL AVIATION UNIVERSITY
(A Central University under Ministry of Civil Aviation, Govt. of India)
Established by an Act of Parliament in 2013

विभिन्न पदों के लिए भर्ती सूचना

राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय (आरजीएनएयू), फुरसतगंज, अमेठी, उत्तर प्रदेश जैसा कि नीचे विस्तृत है में निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं ।

नियमित पद

Sl. No.	पदों के नाम	पदों की संख्या ('बैकलाग पदों)	ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक & आवेदन की अंतिम तिथि
1.	प्रोफेसर	यूआर: 03,ओबीसी (एनसीएल:01',कुल: 04	https://rgnaurcc.samarth.edu.in/ अंतिम तिथि: 22 दिसंबर 2026
2	एसोसिएट प्रोफेसर	यूआर:09, एससी:01', सटी:01'ओबीसी (एनसीएल): 04', ईडब्ल्यूएः 01', कुल: 16	
3	सहायक प्रोफेसर	यूआर: 07,एसटी: 01', ओबीसी(एनसीएल): 02', ईडब्ल्यूएस: 02', कुल: 12	

संविदात्मक पद

Sl. No.	अनुबंध की स्थितियों का नाम	पदों की संख्या	समेकित पारिश्रमिक (रु.)	ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक &आवेदन की अंतिम तिथि
1.	पैशेवर प्रशिक्षु (प्रबंधन)	08 nos.	रु. 20,000/- प्रति माह	https://rgnaunt.samarth.edu.in/ अंतिम तिथि: 06 दिसंबर 2026
2	पैशेवर प्रशिक्षु(इलेक्ट्रिकल / सिविल इंजीनियरिंग)	01 no.		
3	पैशेवर प्रशिक्षु (फार्मेसी)	01 no.		

Sl. No.	अनुबंध की स्थितियों का नाम	पदों की संख्या	समेकित पारिश्रमिक (रु.)	ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक & आवेदनकी अंतिम तिथि
1	डिजाइनर-सह-सामग्री डेवलपर	01 no.	रु.50,000- रु.60,000 प्रति माह अनुभव के आधार पर	https://rgnaunt.samarth.edu.in/ अंतिम तिथि: 06 दिसंबर 2026

विस्तृत विज्ञापन https://www.rgnau.ac.in/en/careers.html यहां उपलब्ध हैं।
कुलसचिव/ रजिस्ट्रार
cbc 03110/11/0031/2627

Utkarsh Small Finance Bank
Aapki Ummeed Ka Khaata
(A Scheduled Commercial Bank)
CIN: L65992UP2016PLC082804
Registered office address: Utkarsh Tower, NH-31 (Airport Road), Sehmalpur, Kazi Sarai, Harhua, Varanasi, Uttar Pradesh, PIN - 221105.

Unaudited Financial Results for Quarter / Half year ended Sep 30, 2026

Long Term Credit Rating | ICRA A - (Stable) | CARE A - (Stable) | Rating for Certificate of Deposit Programme | ICRA A1



Year on Year
- Gross Loan Portfolio (₹ cr): 7.5% ↑ 20,062
- Secured Advances (₹ cr): 18.5% ↑ 10,420
- Total Deposits (₹ cr): 6.6% ↑ 23,869
- CASA + RTD (₹ cr): 12.4% ↑ 19,560
- Net Interest Margin: 6.2%*
- CRAR: 17.0%
- Gross NPA**: 5.9%
- Net NPA**: 2.7%

*H1 FY27
** Advances for the purpose of GNPA / NNPA calculation includes IBPC

(₹ in lakhs)

Particulars	Quarter Ended		Half year ended	Year Ended
	September 30, 2026 Unaudited	September 30, 2025 Unaudited	September 30, 2026 Unaudited	March 31, 2026 Audited
1. Total income from operations	1,00,228.06	93,731.76	2,00,465.28	3,80,974.69
2. Net Profit/(Loss) for the year/period (before tax, exceptional and/or extraordinary items)	(8,064.46)	(46,497.19)	(12,605.93)	(1,50,661.36)
3. Net Profit/(Loss) for the year/period before tax (after exceptional and/or extraordinary items)	(8,064.46)	(46,497.19)	(12,605.93)	(1,50,661.36)
4. Net Profit/(Loss) for the year/period after tax (after exceptional and/or extraordinary items)	(6,985.22)	(34,846.47)	(10,377.19)	(1,15,097.84)
5. Total Comprehensive Income for the year/period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] (Refer Note 2)	-	-	-	-
6. Paid up Equity Share Capital (of ₹ 10 each)	1,77,952.37	1,10,160.99	1,77,952.37	1,77,952.37
7. Reserves (Excluding Revaluation Reserve)				99,607.82
8. Securities Premium Account	82,102.60	56,092.84	82,102.60	82,083.40
9. Net worth*	1,93,314.44	1,98,153.54	1,93,314.44	2,24,718.04
10. Paid up Debt Capital / Outstanding Debt	1,93,850.40	1,95,791.20	1,93,850.40	2,82,943.91
11. Outstanding Redeemable Preference Shares	-	-	-	-
12. Debt Equity Ratio**	0.74	0.83	0.74	1.02
13. EPS Basic (₹) (not annualised for quarters/half year)	(0.39)	(3.16)	(0.58)	(8.37)
EPS Diluted (₹) (not annualised for quarters/half year)	(0.39)	(3.16)	(0.58)	(8.37)
14. Total Debt** to Total Assets ratio	6.66%	7.15%	6.66%	9.80%
15. Capital Adequacy Ratio	17.05%	17.21%	17.05%	17.71%
16. % of Gross NPA to Gross Advances	5.96%	12.42%	5.96%	7.71%
17. % of Net NPA to Net Advances	2.74%	5.02%	2.74%	3.29%
18. Return on Assets (not annualised for quarters/half year)	(0.24%)	(1.28%)	(0.36%)	(4.16%)

* as per RBI guidelines.
** Debt represents total borrowings of the Bank & Equity consist of Share Capital plus Reserves

Notes to the financial results:
1. The above is an extract of the format of quarter and half year ended September 30, 2026, financial results reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Bank at its respective meeting held on November 03, 2026. The financial results have been reviewed by the Joint Statutory Auditors as required under Regulation 33 and Regulation 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations"). The Joint Statutory Auditors have issued unmodified conclusion. The Full Format of the quarter and half year ended Financial Results are available on the website of the Stock Exchanges, www.nseindia.com & www.bseindia.com & of the Bank- www.utkarsh.bank.in
2. Information related to the total comprehensive income & other comprehensive income are not furnished as Ind AS is not yet made applicable to Bank.
3. As per regulation 33 and regulation 52(4) of SEBI (Listing Obligation & Disclosure Requirements) Regulations 2015, the equity and debt listed entities are required to disclose certain ratios and accordingly ratios relevant to Banking sector have been disclosed above.

Scan to Download

For and on behalf of the Board of Directors of
Utkarsh Small Finance Bank Limited
Sd/-
Govind Singh
Managing Director & CEO
DIN : 02470880

Place : Mumbai
Date : November 03, 2026



रोहित, कोहली पर होगी नजर, गेंदबाजी चिंता का विषय

मोहम्मद सिराज पर अतिरिक्त जिम्मेदारी, न्यूजीलैण्ड के साथ पहला एकदिनी आज

आकलैंड (एजेन्सियां)। रोहित शर्मा और विराट कोहली पर एक बार फिर से सभी की निगाहें टिकी रहेंगी लेकिन भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के कारण न्यूजीलैण्ड बुधवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की एकदिनी शृंखला में बेहतर स्थिति में नजर आ रहा है। एकदिनी शृंखला के बाद होने वाली टेस्ट शृंखला को ध्यान में रखकर जसप्रीत बुमराह को विश्राम दिया गया है जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं। ऐसे में अनुभवी मोहम्मद सिराज को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी होगी। सिराज के अलावा भारतीय टीम में शामिल अन्य चार विशेषज्ञ गेंदबाजों अर्शदीप सिंह (१८), गुरनूर बराड़ (नौ), अंशुल कंबोज और औकिब नबी (एक-एक) के पास कुल मिलाकर २९ एकदिनी मैचों का अनुभव है। टौरंगा में पांचवें और अंतिम एकदिनी के तुरंत बाद शुरू होने वाली टेस्ट शृंखला को ध्यान में रखते हुए अंतिम दो एकदिनी में भारत के कुछ स्टार खिलाड़ी नहीं खेलेंगे। एकदिनी शृंखला १५ नवम्बर को समाप्त होगी और पहला टेस्ट मैच १९ नवम्बर को वेलिंगटन में खेला जायेगा। यहां तक कि कप्तान शुभमन गिल भी टेस्ट मैचों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आखिरी दो एकदिनी मैचों में नहीं खेलेंगे। गिल ने पहले एकदिनी की पूर्व संध्या पर कहा अगर एकदिनी शृंखला और टेस्ट शृंखला के बीच कुछ अधिक अंतराल होता तो हम सभी पांच मैच में खेलते लेकिन एकदिनी और टेस्ट मैचों के बीच बहुत कम अंतराल होने के कारण हमें कार्यभार का प्रबंधन करना होगा। इसलिए टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी



आखिरी दो एकदिनी नहीं खेल पायेंगे। दक्षिण अफ्रीका की आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट शृंखला में जीत के बाद विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की तालिका में चौथे नंबर पर काबिज भारत के लिए फाइनल में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। उसे अब बाकी बचे सात टेस्ट मैचों में से कम से कम छह जीतने होंगे और साथ ही यह भी उम्मीद करनी होगी कि कुछ अन्य मैचों के परिणाम उसके अनुकूल रहें। यही वजह है कि भारत टेस्ट शृंखला को ज्यादा प्राथमिकता दे रहा है। एकदिनी में भारत के शीर्ष पांच बल्लेबाज लगभग तय हैं। रोहित और कप्तान गिल पारी की शुरुआत करेंगे। उनके बाद कोहली और उप कप्तान श्रेयस अय्यर का नंबर आता है। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे, जबकि ऑलराउंडर अक्षर पटेल और नितीश कुमार रेड्डी (जो केवल पहले वनडे के लिए उपलब्ध हैं) को छठे और सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जा सकता है। हर्षित राणा के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम प्रबंधन आठवें नंबर पर अंशुल कंबोज को आजमा सकता है जो आक्रामक बल्लेबाजी करने में भी सक्षम हैं। ईडन पार्क की सीधी बाउंड्री बेहद छोटी हैं और उसकी दूरी केवल ५५ मीटर है। ऐसे में भारत सिराज, अर्शदीप सिंह और लंबे कद के गुरनूर बराड़ को अंतिम एकादश में रख सकता है। हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति के कारण कुलदीप यादव के लिए अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो रहा है भले ही उन्होंने भारत के वर्तमान गेंदबाजी आक्रमण में सर्वाधिक २०१ विकेट लिए हैं लेकिन ११ से ४० ओवर के बीच सर्कल के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षकों को ही अनुमति दी जाती है और ऐसे में बीच के ओवर अधिक महत्वपूर्ण हो गये हैं। इसलिए कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। गिल ने कहा बीच के ओवरों में विकेट लेने के लिए अच्छा विकल्प होना बहुत जरूरी है। भारत अगर तेज गेंदबाजी विभाग में कमजोर है तो न्यूजीलैण्ड की टीम में अधिकतर खिलाड़ी उम्रदराज हैं। उसकी एकदिनी टीम की औसत आयु ३४ से ३५ के बीच है। ऐसे में कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा हमारे अधिकतर खिलाड़ियों की उम्र लगभग ३४ या ३५ के आसपास है। एकदिनी विश्वकप के बाद सारा ध्यान फिर से टी-२० क्रिकेट पर केंद्रित हो जायेगा। मुझे अभी तक किसी खिलाड़ी ने अपनी भावी योजना के बारे में नहीं बताया है लेकिन ऐसा हो सकता है। **भारत**-शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, अंशुल कंबोज, औकिब नबी, गुरनूर बराड़, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, इशान किशन, कुलदीप यादव, नमन धीर। **न्यूजीलैण्ड**-मिचेल सैंटनर (कप्तान), टिम सीफर्ट, हेनरी निकोल्स, टाम लैथम (विकेटकीपर), विल यंग, ग्लेन फिलिप्स, डैरिल मिचेल, माइकल ब्रैसवेल, जैकब डफी, काइल जैमीसन, मैथ्यू फिशर, मैट हेनरी, ब्लेयर टिकनर, नाथन स्मिथ।

समय-सुबह ७.३० बजेसे।

मैक्सवेल का संन्यास

सिडनी (एजेन्सियां)। आस्ट्रेलिया के विस्फोटक आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। इसके साथ ही एक दशक से ज्यादा लंबे समय के उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत हो गया। ३८ वर्षीय मैक्सवेल ने आस्ट्रेलिया के लिए तीनों फार्मेट में कुल २८६ मुकाबले खेले। इस दौरान उन्होंने ७२२६ रन बनाने के साथ १३६ विकेट भी हासिल किए। द बिग शो के नाम से मशहूर मैक्सवेल आस्ट्रेलिया की २०२५ और २०२३ एकदिनी विश्वकप विजेता टीम के अहम सदस्य रहे। इसके अलावा वह २०२१ में टी-२० विश्वकप जीतने वाली आस्ट्रेलियाई टीम का भी हिस्सा थे। मैक्सवेल ने संन्यास को लेकर कहा यह फैसला थोड़ा दुखद है, लेकिन कहीं न कहीं इसकी उम्मीद भी थी। मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ-साथ विक्टोरिया के लिए ५० ओवर और चार दिवसीय घरेलू क्रिकेटसे भी संन्यास का एलान कर रहा हूं।

मुम्बई ने रेलवे पर कसा शिकंजा

रणजी ट्राफी

मुम्बई (एजेन्सियां)। मुंबई ने मंगलवार को यहां रणजी ट्राफी के एलीट ग्रुप डी मुकाबले के दूसरे दिन अंतिम सत्र में दो विकेट झटककर रेलवे को दबाव में ला दिया जिसने स्टंप तक पहली पारी में दो विकेट पर ११६ रन बना लिए। रेलवे की टीम मुम्बई से अब भी २८० रन पिछड़ रही है। पिच पर अनियमित उछाल का असर रेलवे के सलामी बल्लेबाज विवेक सिंह पर भी पड़ा। वह शार्ट गेंद से बचने की कोशिश में पीठ पर चोट लगने के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गये तब तक उन्होंने आठ चौकों की मदद से ३८ रन बना लिए थे। कोटियान ने साहब सिंह (३३) को विकेट के पीछे कैच कराकर मुम्बई को पहली सफलता दिलाई। इसके कुछ ही देर बाद मुलानी ने ईशान गोयल की पारी समाप्त की। दिन का खेल समाप्त होने तक कप्तान भार्गव मेराई सात रन और मोहम्मद सैफ २९ रन बनाकर नाबाद थे। इससे पहले मुम्बई की टीम ने सुबह छह विकेट पर २४७ रन से आगे खेलते हुए अपनी पहली पारी में १४९ रन और जोड़े। इसमें बाएं हाथ के बल्लेबाज और आठवें नंबर पर उतरे शम्स मुलानी का अहम योगदान रहा। मुलानी ने सात चौकों की मदद से ७१ रन बनाये। उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज आकाश आनंद के साथ सातवें विकेट के लिए ८२ रन की साझेदारी की। आकाश ने ५२ रन बनाये।ग्रुप के एक अन्य मुकाबले में प्रदोष पाल (२०८ रन) के दोहरे शतक और अजित राम (नाबाद ११५) के शतक की मदद से तमिलनाडु ने चंडीगढ़ के खिलाफ पहली पारी सात विकेट पर ५१७ रन बनाकर घोषित कर दी। जवाब में चंडीगढ़ ने स्टंप तक तीन विकेट ४९ रन पर गंवाकर संकट में फंस गयी। धर्मशाला में एक अन्य मुकाबले में राजस्थान ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में महज ७८ रन पर सिमटने के बाद दूसरी पारी में शानदार वापसी करते हुए स्टंप तक चार विकेट पर २९७ रन बना लिए। इस तरह राजस्थान की कुल बढ़त २२२ रन हो गयी है। देहरादून में उत्तराखंड ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर २९६ रन बनाकर हरियाणा पर १४३ रन की बढ़त हासिल कर ली। हरियाणा ने पहली पारी में १५३ रन बनाये थे। दिल्ली में आयुष दोसेजा और सुमित माथुर के अर्द्धशतकों की मदद से दिल्ली ने ग्रुप सी के मैच में सेना के खिलाफ पहली पारी में ३३ रन की बढ़त बना ली। दूसरे दिन का खेल



समाप्त होने पर दिल्ली ने छह विकेट पर २९९ रन बना लिये थे। दोसेजा ने ७८ और माथुर ने नाबाद ८० रन बनाये और दोनों ने छठे विकेट के लिये १४४ रन की साझेदारी की। सेना ने पहली पारी में २६६ रन बनाये । स्टंप के समय माथुर के साथ देव लाकड़ा ११ रन बनाकर क्रीज पर थे । तीन मैचों में दो अंक ही ले सकी दिल्ली की नजरें इस मैच में पूरे अंक बनाने पर लगी हैं। सेना के लिये आफ स्पिनर पुलकित नारंग ने गेंदबाजी की शुरूआत की और सनत सांगवान (११) का विकेट जल्दी हासिल कर लिया । प्रियांश आर्य (५८ रन) ने यश ढुल (३३) के साथ ७९ रन की साझेदारी की । इसके बाद दोसेजा और माथुर ने मोर्चा संभाला। भुवनेश्वर में वर्षाबाधित मैच में झारखंड ने दूसरे दिन पांच विकेट पर २५८ रन बना लिये थे। आदित्य सिंह ९४ रन बनाकर खेल रहे थे जबकि अनुकूल राय ने ८९ रन बनाये। पहले दिन झारखंड ने तीन विकेट ३७ रन पर गंवा दिये थे। अनुकूल और आदित्य ने १५५ रन की साझेदारी की। आदित्य ने अपनी पारी में आठ चौके लगाये जबकि अनुकूल ने सात चौके और दो छक्के जड़े। अहमदाबाद में एक अन्य मैच में उर्विल पटेल के २२७ गेंद में नाबाद २१० रन की मदद से गुजरात ने केरलम के खिलाफ पहली पारी नौ विकेट पर ५३४ रन पर घोषित की। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर केरलमने तीन विकेट ७४ रनपर गंवा दिये थे। कोलकातामें युवा आलराउंडर तन्मय सांघवीके पहले अर्द्धशतक और आखिरी विकेटके लिए प्रदीप दाधेके साथ उनकी अटूट साझेदारी की बदौलत महाराष्ट्रने वापसी करते हुए मेजबान बंगाल पर पहली पारी में ६४ रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। महाराष्ट्रने सुबह दो विकेट पर २१ रन के स्कोर से खेलना शुरू किया और खराब रोशनीके कारण खेल रोके जाने तक ७९ ओवर में नौ विकेट पर २०७ रन बना लिए। सांघवी ५७ रन और दाधे २२रन बना कर खेल रहे हैं।

यशस्वी का शतक, भारत ए ने कराया ड्रा

अनौपचारिक टेस्ट

क्राइस्टचर्च (एजेन्सियां)। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भारत ए और न्यूजीलैण्ड ए के बीच मंगलवार को यहां ड्रा समाप्त हुए दूसरे अनौपचारिक टेस्ट क्रिकेट मैच में शतक जड़कर दो मैचों की टेस्ट शृंखला से पहले अपनी फार्म को लेकर भारतीय टीम प्रबंधन को आश्वस्त किया। जायसवाल ने मैच के चौथे और अंतिम दिन न्यूजीलैण्ड ए के आक्रमण की जमकर धुनाई करते हुए केवल १६२ गेंदों में नाबाद १५५ रन बनाये जिसमें १५ चौके और पांच छक्के शामिल रहे। विदर्भ के बाएं हाथ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने भी नाबाद १०० रन बनाये जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर २८२ रन बनाये। राठौड़ के शतक पूरा करने के तुरंत बाद मैच ड्रा समाप्त घोषित कर दिया गया। राठौड़ और जायसवाल ने तीसरे विकेट के लिए २४७ रन की अटूट साझेदारी की। राठौड़ ने अपनी १२२ गेंदों की पारी में नौ चौके लगाए। भारत ए ने अपनी पहली पारी में ३४६ रन जबकि न्यूजीलैण्ड की टीम ने ४२४ रन बनाये थे। हैगली ओवल की पिच काफी हद तक सपाट हो गयी थी जिससे बल्लेबाजों के लिए अपने शाट खेलना बहुत आसान हो गया था। इसका अंदाजा भारत ए के दूसरी पारी में ३.३५ के रन-रेट से रन बनाने से लगाया जा सकता है। मैच के अंतिम दिन लगभग ४४ ओवर का खेल हुआ और इस बीच जायसवाल आकर्षण का केंद्र रहे। जायसवाल इस पारी से पहले रन बनाने के लिए जूझ रहे थे जो निश्चित तौर पर मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए न्यूजीलैण्ड के खिलाफ १९ नवम्बर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की शृंखला से पहले चिंता का विषय रही होगी। जायसवाल ने इससे पहले तीन पारियों में १७, पांच और शून्य बनाये थे। भारत ए ने चौथे दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के ३२ रन से की लेकिन उसने दूसरे सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (११) का विकेट जल्द गंवा दिया जो अपने कल के स्कोर में एक भी रन नहीं जोड़ पाये। बेहतरीन फार्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल दूसरी पारी में खाता भी नहीं खोल सके। उन्हें तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल ने पहली गेंद पर बोल्ड कर दिया। जायसवाल ने हालांकि दूसरे छोर पर आक्रामक रवैया अपनाया और उन्हें राठौड़ के रूप में अच्छा साथी भी मिला। इन दोनों ने शाट लगाने में किसी तरह की कोताही नहीं बरती। जायसवाल ने रैंडेल की गेंद पर डीप मिड-विकेट के ऊपर से छक्का मारकर अपने इरादे स्पष्ट



कर दिए। उन्होंने क्रिस्टियन क्लार्क और जैरोड मैकाय पर भी शानदार ड्राइव लगाए। जायसवाल ने हालांकि डीन फाक्सक्राफ्ट को विशेष निशाने पर रखा। उन्होंने अपने पांच छक्कों में से चार फाक्सक्राफ्ट की गेंदों पर लगाए। जायसवाल ने स्लाग स्वीप शाट से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना १७वां शतक पूरा किया। इसके बाद वह अधिक आक्रामक हो गये और उन्होंने आगे बढ़कर कई दर्शनीय शाट लगाये। पहले मैच में ४४ और ६६ रन बनाने वाले राठौड़ ने अपनी शानदार फार्म जारी रखी और दिखा दिया कि घरेलू क्रिकेट में उन्हें सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में क्यों गिना जाता है।

भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट के लिए ८४ लाख आवेदन

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। एकदिनी विश्वकप में भारत-पाकिस्तान के मैच को लेकर प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है। १० अक्तूबर के इस मैच के टिकटों के लिए ८४ लाख रजिस्ट्रेशन हुए हैं जबकि जोहान्सबर्ग के स्टेडियम की दर्शक क्षमता सिर्फ ३४ हजार है। यानी उपलब्ध सीटों के मुकाबले करीब २४७ गुना ज्यादा आवेदन आये हैं। टिकटों की मांग के मामले में भारत-पाकिस्तान मुकाबला पहले नंबर पर है। आईसीसी के मुताबिक भारत-पाकिस्तान मैच के लिए कुल ८३,९७,२४९ टिकट आवेदन मिले हैं। २१ नवम्बर को इसी स्टेडियम में होने वाले विश्वकप फाइनल के लिए ७९००९४४ रजिस्ट्रेशन हुए हैं। विश्वकप के टिकटों के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया २१ नवम्बर २०२६ तक जारी रहेगी। इसमें पहले रजिस्ट्रेशन होगा और मांग ज्यादा होने पर कंप्यूटराइज्ड रैंडम लाटरी से टिकट खरीदने के लिए आवेदकों का चयन किया जायेगा। यह पहले आओ-पहले पाओ वाला सिस्टम नहीं है। आईसीसी को अब तक टूर्नामेंट के लिए १९३ देशों से १२ करोड़ से ज्यादा टिकट आवेदन मिले हैं।

शायद बंद हो गया है भुवनेश्वर का अध्याय


-रविचन्द्रन अश्विन

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। टीम इंडिया के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के लिए भारतीय टीम में वापसी की राह अब मुश्किल हो सकती है। पूर्व भारतीय आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि न्यूजीलैण्ड के खिलाफ टी-२० शृंखला में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भुवनेश्वर के लिए टीम में दोबारा जगह बनाना आसान नहीं होगा। उन्होंने यहां तक कहा कि भुवनेश्वर का भारतीय टीम में अध्याय शायद बंद हो चुका है। इसके साथ ही अश्विन ने अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी की भी वकालत की। भुवनेश्वर कुमार ने चार साल बाद भारतीय टी-२० टीम में वापसी की थी। आईपीएल २०२६ में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा था। उन्होंने टूर्नामेंट के १६ मुकाबलों में २८ विकेट लेकर अपनी गेंदबाजी का लोहा मनवाया था। हालांकि न्यूजीलैण्ड के खिलाफ चार मैचों की टी-२० शृंखला में उनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। ३६ वर्षीय गेंदबाज केवल एक विकेट ले सके और उन्होंने ११.५० की इकोनामी से रन खर्च किए। अश्विन ने कहा भुवनेश्वर कुमार ने अच्छी गेंदबाजी नहीं की। वह अपनी फार्म साबित नहीं कर सके। आईपीएल में उनकी फार्म और यहां न्यूजीलैण्ड शृंखला में उनके प्रदर्शन के बीच जमीन-आसमान का अंतर था। मुझे लगता है कि शायद यह अध्याय बंद हो चुका है। उनके लिए वापसी करना बहुत मुश्किल होगा। अश्विन ने भुवनेश्वर के प्रदर्शन के साथ उनकी गेंदबाजी की गति और रनअप की तीव्रता पर भी सवाल उठाये। उनका मानना है कि आईपीएल के मुकाबले न्यूजीलैण्ड शृंखला में भुवनेस्वर की गेंदबाजी में वह धार और तेजी नजर नहीं आई। इससे मुझे लगता है कि शायद वह इस शृंखला के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ ट्रेनिंग फार्म में नहीं आये थे। अश्विन ने मोहम्मद शमी की वापसी की भी पैरवी की। शमी डेढ़ साल से अधिक समय से भारतीय टीम से बाहर हैं लेकिन रणजी ट्राफी में बंगाल की ओर से खेलते हुए अच्छी लय में नजर आए हैं। अश्विन ने कहा अभी मुझे लगता है कि रणजी ट्राफी में शमी जिस तरह गेंदबाजी कर रहे हैं उनकी लय भुवनेश्वर से कहीं बेहतर है। भारतीय टीम को अब दिसम्बर में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैचों की टी-२० शृंखला खेलनी है। ऐसे में चयनकर्ताओं के सामने तेज गेंदबाजी आक्रमण को लेकर अहम फैसला लेने की चुनौती होगी।



जापान की चुनौती तोड़ फाइनल में पहुंचना चाहेगा भारत

एशियाई चैम्पियंस ट्राफी हाकी



मोहाली(एजेन्सियां)। अभी तक बेहतरीन प्रदर्शन करके अजेय रही पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम शानदार फार्म में चल रहे स्ट्राइकर अभिषेक की चोट के बावजूद दक्षिण कोरिया के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले एशियाई चैम्पियंस ट्राफी (एसीटी) हाकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। एशियाई खेलों के चैम्पियन भारत ने सोमवार को जालंधर में खेले गये छह टीमों के टूर्नामेंट के अपने आखिरी राउंड-राबिन मैच में दक्षिण कोरिया को ८-० से करारी शिकस्त दी थी और वह इसे दोहराने के लिए प्रतिबद्ध होगा। भारत ने राउंड-राबिन चरण में कोरिया से पहले बांगलादेश को १३-०, चीन को ५-२, जापान को ४-१ से हराया था, लेकिन जापान के खिलाफ मैच से ठीक पहले अभिषेक के टखने में चोट लग गयी जिससे भारतीय टीम प्रबंधन चिंतित होगा क्योंकि उन्होंने न केवल गोल किए हैं बल्कि अच्छे मौके भी बनाए हैं। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने भी स्वीकार किया कि अभिषेक ने अभी तक शानदार भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा हमें अभी पक्का पता नहीं है कि अभिषेक खेल पायेंगे या नहीं। वह चोटिल हैं और वह वापसी करेंगे या नहीं इसके लिए हमें इंतजार करना होगा लेकिन समय बहुत कम है। अभिषेक की अनुपस्थिति में अनुभवी स्ट्राइकर मनदीप सिंह, सुखजीत सिंह और शिलानंद लाकड़ा को अग्रिम पंक्ति में अधिक जिम्मेदारी निभानी होगी। मनदीप सिंह ने बांगलादेश के खिलाफ पहले मैच में हैटट्रिक लगाकर शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाये। यदि अभिषेक नहीं खेल पाते हैं, तो आदित्य अर्जुन लालागे और अंगद बीर सिंह जैसे खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी संभालनी होगी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह को हालांकि उम्मीद है कि अभिषेक इस मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा वह अच्छी स्थिति में है। हमने उसे दो मैचों के लिए आराम दिया था। मुझे उम्मीद है कि वह सेमीफाइनल में खेलने के लिए पूरी तरह से फिट होगा। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने विवेक सागर प्रसाद और नीलकांत शर्मा के साथ मिलकर मध्य पंक्ति में अच्छी भूमिका निभाई है। नीलकांत का यह भारत की तरफ से अंतिम टूर्नामेंट है। हरमनप्रीत भी शानदार फार्म में हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में अभी तक नौ गोल किये हैं। इनमें से उन्होंने आठ गोल पेनल्टी कार्नर से और एक पेनल्टी स्ट्रोक से किया है। हरमनप्रीत ने जुगराज सिंह और अमित रोहिदास के साथ मिलकर भारतीय रक्षापंक्ति में भी अच्छी भूमिका निभाई है। युवा फारवर्ड विष्णुकांत सिंह को भी टूर्नामेंट में जितने मौके मिले हैं उनमें वह खरे उतरे हैं। वह जरूरत पड़ने पर टीम के लिए मध्य पंक्ति में खेलने के लिए तैयार हैं। विष्णुकांत ने कहा मैं लंबे समय से मौके का इंतजार कर रहा था। मैंने इसके लिए कड़ी मेहनत की और जापान के खिलाफ गोल करने से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। मैं मध्य पंक्ति में खेलने के लिए भी तैयार हूं। भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा और कृष्ण बहादुर पाठक को टूर्नामेंट में अभी तक खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा है और यह देखना दिलचस्प होगा कि अगर विरोधी टीम आक्रामक रवैया अपनाती है तो वह उससे कैसे निबटते हैं। पहला सेमीफाइनल जापान और एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता मलयेशिया के बीच खेला जायेगा।

सिंधू, मीराबाई सहित १० खिलाड़ी निर्विरोध सदस्य चुने गये

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। ओलम्पिक पदक विजेता पीवी सिंधू और मीराबाई चानू सहित १० खिलाड़ियों को मंगलवार को निर्विरोध भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) के अथलीट आयोग का सदस्य चुन लिया गया। पूर्व ट्रैक एवं फील्ड एथलीट सुधा सिंह के सोमवार देर रात चुनावी दौड़ से हटने के बाद मतदान कराने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि १० सीट के लिए केवल १० उम्मीदवार ही रह गये थे। निर्वाचन अधिकारी संजय के श्रीवास्तव ने मंगलवार को पांच पुरुष और पांच महिला सहित सभी १० उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इससे पहले सोमवार को स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांतने भी अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी। आईओए अथलीट आयोग के निर्विरोध निर्वाचित सदस्य-पीवी सिंधू, मीराबाई चानू, हरमनप्रीत सिंह, सलीमा टेटे, स्वप्निल कुसाले, भवानी देवी, तजिंदरपाल सिंह तूर, बोम्बाल्या देवी, साजन प्रकाश और मंजीत सिंह।

पुरुष ले आये स्वर्ण, महिलाओं को रजत

दोहा (एजेन्सियां)। भारतने मंगलवारको यहां चल रही आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिपमें पुरुषोंकी ५० मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक और महिलाओं की १० मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा का रजत पदक जीत लिया। भारतके रविंदर सिंह, सौरभ चौधरी और अमनप्रीत सिंह की तिकड़ी ने कुल १६५९ अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद इलावेनिल वलारिवान, सोनम उत्तम मास्कर और शांभवी श्रवण क्षीरसागर की तिकड़ी ने १८९४.४ अंक से दूसरा स्थान हासिल किया। भारतीय टीम चीन (१८९९.८ अंक) से पीछे रही जबकि जापान (१८९२.६ अंक) से कांस्य पदक जीता। इलावेनिल ६३४.२ अंक से भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहीं जबकि सोनम ने ६३०.२ अंक और शांभवी ने ६२९.७ अंक जुटाए। इलावेनिल ने क्वालीफिकेशन दौरमें तीसरा स्थान हासिल कर व्यक्तिगत फाइनलमें जगह बना ली। उनके पास पदक जीतने और भारत के लिए पहला ओलम्पिक कोटा हासिल करने का मौका है। इससे पहले रविंदर ने इस स्पर्धा का व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया। यह स्पर्धा ओलम्पिक प्रतियोगिताओं की सूची में शामिल नहीं है। रविंदर भारत के सबसे अधिक अंक हासिल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने कुल ५५९ अंक प्राप्त किए। कई बार विश्वकप में स्वर्ण पदक जीत चुके सौरभ ने ५५१ अंक हासिल किए जबकि अमनप्रीत सिंह ने ५४९ अंक बनाए। इस तरह भारतीय टीम ने कुल १६५९ अंक हासिल किए। चीन के झांग बिंगचेन, ल्यू जुनयी और फेंग लिनलांग ने कुल १६४८ अंक हासिल कर रजत पदक जीता। वहीं दक्षिण कोरिया की होंग सुह्योन, चोए बोरम और सो सेउंग सेओब की टीम ने १६४३ अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। व्यक्तिगत स्पर्धा में रूस के एंटोन अरिस्तारखोव ने ५६१ अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। रोमानिया के लुका जोल्डिया ने ५५८ अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक-4644(i)/निविदा (नि0ख0)-बलिया वृत्त/2026 दिनांक-24.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (ठक इवकम) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरण:-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)									
1	बलिया	एस0एच0-1 बी गायघाट रेवती नौवाबारा चौबे छपरा महाबीर मंदिर (अ0जि0मा0) मार्ग (रेवती बाईपास मार्ग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (लं0-4.300 कि0मी0) (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (699.16) + अनुरक्षण (17.65) कुल लागत 716.83	14.34	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी एस.टी. रू0 5590.00	10 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0वि0, आजमगढ़

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-13.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-20.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि- 20.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-20.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया

(राजेश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.-259912, दिनांक-29.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय सहायक अभियन्ता-द्वितीय
देवकली पम्प नहर खण्ड-द्वितीय गाजीपुर

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-06/स.अ.द्वि./2026-27

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहर बंद निविदायें वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 18.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिनांक-18.11.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा की प्री-बिड बैठक दिनांक-12.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पादित की जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक-10.11.2026 से दिनांक 17.11.2026 तक कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 5.00 बजे तक सहायक अभियन्ता-द्वितीय, देवकली पम्प नहर खण्ड-द्वितीय, गाजीपुर के कार्यालय में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है। धरोहर धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति (जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो) के रूप मे अधिशासी अभियंता देवकली पम्प नहर खण्ड-द्वितीय, गाजीपुर के पक्ष में बन्धक होंगी, जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में)	धरोहर धनराशि (रू. में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) +18%GST	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	लक्ष्मनपुर माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 2.000 के मध्य सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग एवं जंगल सफाई का कार्य।	0.31	3100.00	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
2	टोडरपुर माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 2.000 के मध्य सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग एवं जंगल सफाई का कार्य।	0.31	3100.00	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
3	विद्यापुर माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 3.725 के मध्य सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग एवं जंगल सफाई का कार्य।	0.95	9500.00	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
4	रामपुर माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 2.000 के मध्य सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग एवं जंगल सफाई का कार्य।	0.31	3100.00	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
5	भिटौरा माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 5.300 के मध्य सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग एवं जंगल सफाई का कार्य।	1.40	14000.00	15 दिवस	75+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
6	भरौलीकला माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 2.700 तथा बारीचक के कि.मी. 0.000 से 0.140 के मध्य सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग एवं जंगल सफाई का कार्य।	0.87	8700.00	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
7	दुर्गापुर माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 3.000 के मध्य सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य।	0.85	8500.00	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
8	शक्कापुर माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 2.000 के मध्य सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य।	0.33	3300.00	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
9	अमाव माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 1.560 के मध्य सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य।	0.26	2000.00	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
10	रामदासपुर माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 1.700 के मध्य सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य।	0.28	2800.00	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
11	बीरभानपुर माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 1.600 के मध्य सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य।	0.42	4200.00	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
12	गौराखुर्द माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 1.800 के मध्य सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य।	0.30	3000.00	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
13	होरिलपुर माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 2.000 के मध्य सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य।	0.32	3200.00	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
14	सकलपुर माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी.1.200 के मध्य सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य।	0.21	2100.00	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
15	शकरपुरकला माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 2.200 के मध्य सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य।	0.36	3600.00	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
16	सिपाही माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 3.000 के मध्य सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य।	0.70	7000.00	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
17	दाण्डीकला माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 3.750 तक नहर के सिल्ट सफाई का कार्य।	0.69	0.07	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
18	मदनपुर माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 4.000 तक नहर के सिल्ट सफाई का कार्य।	0.54	0.06	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
19	मलेठी माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 4.400 तक नहर के सिल्ट सफाई का कार्य।	1.17	0.12	15 दिवस	75+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
20	बदुपुर माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 1.500 तक नहर के सिल्ट सफाई का कार्य।	0.29	0.03	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
21	बलुआ माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 3.000 तक नहर के सिल्ट सफाई का कार्य।	0.54	0.06	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
22	सरवनडीह माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 2.200 तक नहर के सिल्ट सफाई का कार्य।	0.33	0.04	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी
23	गोविन्दपुर माइनर के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 3.200 तक नहर के सिल्ट सफाई का कार्य।	0.57	0.06	15 दिवस	50+18%GST	"डी" या इससे उच्च श्रेणी

नोट:- जी.एस.टी. का भुगतान नियमानुसार किया जायेगा। यह निविदा सूचना उ.प्र. सरकार सिंचाई विभाग के वेबसाइट http//idup.gov.in पर उपलब्ध है। नियम व शर्तें सिंचाई विभाग की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

(ब्रजेश कुमार)
सहायक अभियन्ता- प्रथम
देवकली पम्प नहर खण्ड-द्वितीय गाजीपुर

उ.प्र.-260132

दिनांक-02.11.2026 वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

पेट में ही अनाथ हो गया अनाम शिशु

घोसी(मऊ)। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल 27 वर्षीय युवक की सोमवार की रात्रि 11 बजे आजमगढ़ के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। महज एक साल पहले शादी हुई थी और पत्नी गर्भवती है। पति की मौत की खबर से पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। घोसी नगर के बड़ागांव भरौटी निवासी गोविंदा राजभर उम्र 27 वर्ष पुत्र रामनाथ राजभर 21 अक्टूबर की शाम करीब 4.30 बजे घोसी से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान बड़ागांव स्थित इमामबाड़ा के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गोविंदा गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से

सड़क हादसे में घायल पति ने तोड़ा दम

उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोसी पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन बेहतर इलाज की उम्मीद में उन्हें आजमगढ़ के एक निजी अस्पताल ले गए थे। वहां कई दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद सोमवार की रात्रि करीब 11 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। गोविंदा तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके निधन से पत्नी सुभावती, मां अनुराजी और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एक ओर पत्नी के जीवन में नए मेहमान के आने की खुशियां थीं वहीं दूसरी ओर पति की असमय मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। गर्भवती पत्नी के सामने अब जीवन की सबसे बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।



शांति समिति की बैठक को संबोधित करते डीएम-एसपी:छाया/आज

लोक तंत्र बचाओ पदयात्रा की तैयारी

घोसी(मऊ)। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चार नवंबर को गोरखपुर में विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी। 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के नारे के साथ आयोजित इस पदयात्रा को सफल बनाने के लिए सोमवार देर रात घोसी नगर के मझवारा मोड़ के समीप भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। मंडल अध्यक्ष नागेंद्र मद्धेशिया 'जीतू' की अध्यक्षता में हुई बैठक में पदयात्रा की तैयारियों और अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ने कहा कि लोकतंत्र देश की सबसे बड़ी ताकत है। इसकी मजबूती के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता जरूरी है। प्रतीक जायसवाल, अतुल राय, मंडल महामंत्री अतुल शर्मा, डा. ब्रजेश यादव, मनोनीत सभासद रुपेंद्र भारती, राजेश मौर्य, अनुपम विश्वकर्मा, राजीव चौबे, मुकुल श्रीवास्तव, उद्देश्य पांडेय, अंबिका यादव, चंद्रशेखर, सुनील कुमार और फिरोज अंसारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सड़क हादसे में एक घायल

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोलोरा निवासी अरुण कुमार पुत्र जियालाल उम्र 40 वर्ष एवं विपिन पुत्र राम केवल उम्र 35 वर्ष सोमवार की रात्रि लगभग 10.00 बजे बाइक से बैठकर मुहम्मदाबाद से किसी कार्य के बाद वापस अपने घर जा रहे थे कि मड़ैया चट्टी के पास अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में टक्कर मार दी । जिससे दोनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना दूरभाष पर 108 नंबर एंबुलेंस को दी । मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए।

शान्ति-सद्भाव के लिए प्रशासन ने कसी कमर

मऊ। आगामी दीपावली, लक्ष्मी पूजा, मूर्ति विसर्जन एवं छठ पूजा आदि त्योहारों के दृष्टिगत जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान जनप्रति. निधियों एवं शांति समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव रखे तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार ने बताया कि दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद में कुल 836 स्थानों पर मूर्ति स्थापना/पूजा की व्यवस्था प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि धनतेरस 6 नवंबर, नरक चतुर्दशी एवं छोटी दीपावली 7 नवंबर, दीपावली 8 नवंबर, गोवर्धन पूजा 10 नवंबर, भैया दूज एवं चित्रगुप्त जयंती 11 नवंबर तथा डाला छठ 14 एवं 15 नवंबर को मनाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा ने कहा कि आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तत्पर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि घाटों पर छठ पूजा एवं मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे बजाने पर प्रति. बंध रहेगा। निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध एफआईआर सहित नियमानुसार कारवाई की जाएगी। उन्होंने

धड़ल्ले से न जारी करें पटाखा बेचने का लाइसेंस,डीजे पर प्रतिबन्ध-डीएम

सभी पूजा समितियों से पंडालों के आस-पास अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा समितियों एवं थाना प्रभारियों को पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवक (वालंटियर) तैनात करने की अपील की। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि मूर्ति विसर्जन एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के विरुद्ध प्रभावी कारवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी पूजा स्थलों एवं घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर रखने के निर्देश दिए। साथ ही भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी करने तथा खोया-पाया हेल्प सेंटर स्थापित करने को कहा। जिला. धिकारी ने जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डाक्टरों एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटाखों की बिक्री के लिए निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा सीमित संख्या में ही नियमानुसार लाइसेंस जारी किए जाएं। त्योहारों के दौरान नियमित पुलिस पेट्रोलिंग एवं डायल-112 की गाड़ियों को लगातार भ्रमणशील रखने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पूर्व में सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने में सहयोग देने के लिए शांति समिति के सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों को बधाई दी तथा आगामी त्योहारों में भी इसी प्रकार आपसी सहयोग, भाईचारे एवं सौहार्द की भावना बनाए रखने की अपील की। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट रमेश बाबू, जिला पंचायत राज अधिकारी किरण वर्मा, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्रधिकारी, समस्त थाना प्रभारी एवं जिला शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

कोठिया धाम में उमड़े श्रद्धालु

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना के कोठिया स्थित ब्रह्मर्षि धाम में श्री ब्रह्मर्षि रामकृष्ण जी के जन्मोत्सव पर मंगलवार को भव्य ब्रह्म गायत्री जप यज्ञ एवं मेले का आयोजन किया गया। करीब सौ वर्षों से चली आ रही इस परंपरा के तहत गायत्री मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में पूर्णाहुति दी गई। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर यज्ञ भगवान, राधा-कृष्ण एवं कोठिया धाम के महाराज जी का दर्शन-पूजन किया।













उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में रोहित तिवारी को थप्पड़ मारने की निन्दा

मऊ। ब्राह्मण विकास परिषद जनपद मऊ के कार्यालय चंद्रभानपुर आजाद नगर कालोनी पर एक आवश्यक बैठक ऋषिकेश पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रयागराज में उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम में यूजीसी पर रोहित तिवारी द्वारा प्रश्न पूछे जाने पर पुलिस प्रशासन और सरकार के लोगों के द्वारा थप्पड़ मार कर अपमानित किया। लोकतंत्र के ऊपर एक बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा हो जाता है। क्या जनता अपनी आवाज नहीं उठा सकती। प्रयागराज के मेयर विनय मिश्रा के द्वारा यह जो कृत्य किया गया है, बहुत ही निंदनीय है। यह केवल शुद्ध रूप से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को खुश करने के लिए किया गया था। परंतु परिणाम इसका बड़ा भयानक होगा ,पंकज उपाध्याय ने बताया कि सरकार के विदाई में यह घटनाक्रम तावूत की आखिरी कील साबित होगी। डाक्टर सर्वानंद पांडेय ब्राह्मण विकास परिषद के संरक्षक अमरनाथ मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किये दूरभाष पर अपने पीड़ा को व्यक्त करने वाले श्रीराम उपाध्यक्ष, संजय कुमार त्रिपाठी, मुन्ना दुबे,मृत्युंजय तिवारी, रहे। परिषद के अध्यक्ष ऋषिकेश पांडेय ने बताया कि, यूजीसी के काले कानून पर अगर सवर्ण समाज आज जागरूक नहीं हुआ तो आने वाली पीढ़ियां उनको माफ नहीं करेंगी। किसी भी सजातीय बंधु को किसी भी दल द्वारा अगर अपमानित करने का प्रयास किया गया तो निश्चित रूप से उसका विरोध होगा। इस अवसर पर नित्यानंद पांडेय, पंकज कुमार तिवारी, ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा , प्रमोद कुमार मिश्रा,शिवेंदु तिवारी ,नागेश्वर मिश्र उपस्थित रहे।

राशन वितरण छह से तीस नवम्बर तक

मऊ। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधि. नियम-2013 के तहत नवंबर 2026 में राशन कार्डधारकों को मिलने वाले निःशुल्क खाद्यान्न (गेहूं एवं चावल) के वितरण की तिथि निर्धारित कर दी गई है। शासन के आदेश के अनुसार 6 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक उचित दर की दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

भरत मिलाप के साथ रामलीला का समापन

मऊ। भातकोल बाजार में श्री महावीर क्लब रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित रामल. ीला का सोमवार को भरत मिलाप के भावपूर्ण मंचन के साथ समापन हुआ। अंतिम दिन रामलीला मंच पर कलाकारों ने विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रसंगों का मनमो. हक मंचन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। भरत मिलाप के प्रसंग के दौरान भगवान श्रीराम के वनवास से लौटने और भरत से उनके मिलन का दृश्य देखकर दर्शक भावविभोर हो गए। मंचन के दौरान कलाकारों ने अपने अभिनय से धार्मिक भावनाओं और मर्यादा का सुंदर संदेश प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में देर रात तक दर्शकों की भीड़ जुटी रही। रामलीला के समापन अवसर पर समिति की ओर से मंचन में हिस्सा लेने वाले सभी कलाकारों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि रामलीला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम के आदर्शों, त्याग, मर्यादा और भाईचारे का संदेश समाज तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। रामलीला के सफल आयोजन में समिति के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान रामलीला अध्यक्ष सुबास सैनी, मनोज प्रजापति, वीरेंद्र भारती, अरविंद शर्मा, सोनू कुमार, अभिषेक सैनी, जोगेंद्र शर्मा, पप्पू उपाध्याय, शिशु पांडेय, बिकानू शर्मा, विद्या चौहान, मंगल चौहान समेत रामलीला समिति के दर्जनों सदस्य मौजूद रहे।

गंगा समग्र यात्रा निकली

रतनपुरा (मऊ)। गंगा समग्र, गोरक्ष प्रांत के तत्वावधान में 'अविरल गंगा, निर्मल गंगा' के संकल्प के साथ निकाली जा रही गंगा समग्र यात्रा का रतनपुरा रेलवे स्टेशन परिसर में अवस्थित काली माता मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यात्रा के माध्यम से गंगा नदी की अविरलता, निर्मलता, संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनजागरण का संदेश दिया जा रहा है। एक नवंबर को आजमगढ़ से प्रारंभ हुई यह यात्रा दुर्गा मंदिर क्षेत्र से होते हुए विभिन्न जनपदों और गंगा नदी के निकटवर्ती क्षेत्रों से गुजरकर बलिया पहुंचेगी। यात्रा का समापन चार नवंबर को बलिया में गंगा महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के साथ होगा। इस दौरान विभिन्न जिलों में गंगा महोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।गंगा समग्र यात्रा टोली में प्रांत संयोजक मा. राजकिशोर मित्र, सह प्रांत संयोजक अजय कुमार राय, कोपागंज के खंड संघचालक जामवंत रामजी, प्रांत वृक्षारोपण प्रमुख श्रीनिवास रामजी, मऊ जिला संयोजक सच्चिदानंद शर्मा, जिला युवा प्रमुख अभय सिंह तथा श्यामबरन जी गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं। बलिया में आयोजित समापन कार्यक्रम में गंगा समग्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह,श्रीनिवास सिंह सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारियों के शामिल होने की जानकारी दी गई है। यात्रा के माध्यम से गंगा को स्वच्छ, निर्मल और अविरल बनाए रखने के लिए समाज के सभी वर्गों से सहभागिता का आह्वान किया जा रहा है। गंगा समग्र का संदेश है कि गंगा की निर्मलता और अविरलता केवल नदी का विषय नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंगद साहू प्रेम कुमार गौड़ विवेक कुमार गुप्त उर्फ सोनू अमरजीत गोड़ उर्फ ठाकुर ने अपनी सहभागिता दी।

काम पर लौटे सचिव

मऊ। बी-पैक्स समितियों के सचिव एवं कर्मचारी कार्य बहिष्कार स्थगित कर पुनः काम पर लौट आए हैं। इससे जनपद में सहकारी समितियों के माध्यम से उर्वरक वितरण व्यवस्था सुचारु होने लगी है। किसानों को अब खाद प्राप्त करने में किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं होगी। इस संबंध में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता मऊ विजय प्रकाश वर्मा ने अवगत कराया कि जनपद में कुल 93 बी-पैक्स समितियां संचालित हैं, जिनमें उर्वरक बिक्री केंद्र भी स्थापित हैं। प्रदेश की बी-पैक्स समितियों के सचिव एवं अन्य कर्मचारी नियमित वेतन सहित विभिन्न मांगों को लेकर 22 अक्टूबर, 2026 से कार्य बहिष्कार कर लखनऊ में धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। इसके कारण जनपद की कतिपय बी-पैक्स समितियों में उर्वरक वितरण प्रभावित हुआ था।

नहीं रहे सीएचसी के पूर्व अधीक्षक डा.अजय यादव

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पूर्व अधीक्षक डा. अजय यादव का मंगलवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों में शोक व्याप्त हो गया। सहकर्मियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुखद अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. फैयाज अहमद के नेतृत्व में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत डा. अजय यादव के व्यक्तित्व एवं उनके कार्यकाल को याद करते हुए उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस दौरान चिकित्सकों ने कहा कि डा. अजय यादव का आकस्मिक निधन स्वास्थ्य विभाग के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके साथ कार्य कर चुके सहकर्मियों ने उनके योगदान को याद किया और उनके प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की। शोकसभा में डा. संतोष यादव, डा. जावेद, डा. उत्तम, डा. मोहम्मद शारिक, सर्वेश सिंह, प्रवीण कुमार यादव, रितेश राय, शिवम पांडेय, सरोज यादव, बी. प्रसाद एवं जेपी मौर्य सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

पीएनबी में ग्राहक गोष्ठी

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना के कैलेंडर तिराहा निकट पंजाब नेशनल बैंक में मंगलवार को एक ग्राहक गोष्ठी का आयोजन किया गया । इस ग्राहक गोष्ठी में बैंक के शाखा प्रबंधक वरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे होम लोन ,कार लोन एवं व्यापार को और आगे बढ़ाने हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। जिसके माध्यम से आप अपने व्यापार को काफी कम ब्याज दर पर लोन लेकर कार्यों को कर सकते हैं । जिसके लिए बैंक सदैव आपके प्रति समर्पित है । शाखा प्रबंधक ने खाता धारकों से अपील किया कि इसके अलावा भी बैंक तमाम योजनाएं संचालित की हैं जिससे आप आगे को बढ़ते रहेंगे । वहीं पर पेंशन योजना के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी सम्मानित खाता धारकों को दी गई ।

सरकारी डोंगल की सुरक्षा पर सवाल

नदवासराय(मऊ)। तहसील मुहम्मदाबाद गोहना सरकारी कार्यालयों में विभागीय कार्यों के संचालन और महत्वपूर्ण अभिलेखों की सुरक्षा को लेकर शासन के स्पष्ट निर्देश हैं, लेकिन मुहम्मदाबाद गोहना तहसील के आपूर्ति कार्यालय में इन व्यवस्थाओं की अनदेखी का मामला सामने आया है। यहां एक निजी व्यक्ति के सरकारी कंप्यूटर पर बैठकर विभागीय पोर्टल संचालित करने और सरकारी डोंगल का इस्तेमाल कर राशन कार्ड से जुड़ी पत्रावलियां अपलोड करने का मामला चर्चा में है। इससे विभागीय व्यवस्था के साथ ही सरकारी लागिन और डिजिटल सुरक्षा की जिम्मेदारी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लंबे अरसे से मृत्युंजय उर्फ बबलू कंप्यूटर पर बैठकर राशन कार्ड से संबंधित पत्रावलियों को विभागीय पोर्टल पर अपलोड करता है। इस दौरान वह आपूर्ति निरीक्षक के सरकारी डोंगल का

गैरकर्मचारी के हाथ में विभागीय पोर्टल की कमान

इस्तेमाल ज्यादा दिनों से कर रहा था। बताया जाता है कि वह पिछले कई वर्षों से कार्यालय में बैठकर इस तरह के विभागीय कार्य करता आ रहा है। वहीं, राशन कार्ड बनवाने के नाम पर गरीब और जरूरतमंद आवेदकों से अवैध धन वसूली किए जाने के आरोप भी सामने आए हैं।मामले की गंभीरता इसलिए और बढ़ जाती है कि सरकारी डोंगल और विभागीय पोर्टल का इस्तेमाल सामान्य प्रक्रिया नहीं, बल्कि अधिकृत कर्मचारियों की जिम्मेदारी से जुड़ा विषय है। ऐसे में किसी निजी व्यक्ति के हाथों विभागीय कार्य कराए जाने से आवेदकों के दस्तावेजों और सरकारी अभिलेखों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। इस संबंध में आपूर्ति निरीक्षक विनोद कुमार अग्रहरी से पूछे जाने पर उन्होंने मृत्युंजय उर्फ बबलू को अपना कर्मचारी मानने से इंकार किया। ऐसे में सवाल है कि यदि वह विभाग का कर्मचारी नहीं है तो उसे सरकारी डोंगल उपलब्ध कराने और विभागीय पोर्टल पर काम करने की अनुमति किस स्तर से मिली? क्या कार्यालय में लंबे समय से चल रही इस व्यवस्था की जानकारी जिम्मेदार अधिका. रियों को नहीं थी? फिलहाल मामला विभागीय कार्यप्रणाली और अधिकारियों की जवाबदेही के घेरे में है। अब देखना होगा कि संबंधित अधिकारी इस पूरे प्रकरण की जांच कराते हैं या कार्यालय में निजी व्यक्तियों के जरिए सरकारी कामकाज संचा. लित होने का सिलसिला इसी तरह जारी रहता है।



कहीं मिठाइके नाम पर जहर तो नहीं खा रहे आप

त्योहारों की खुशी दोगुनी करने के लिए हम सभी बर्फी, लड्डू और रसगुल्ले जैसी तरह-तरह की मिठाइयां घर लाते हैं। मगर क्या आप जानते हैं कि इन खास मौकों पर बाजारों में भारी पैमाने पर मिलावटी मिठाइयां बेची जाती हैं, जिन्हें बनाने में साफ-सफाई का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा जाता? मुनाफे के चक्कर में दुकानदार मावा का वजन बढ़ाने के लिए उसमें स्टार्च, चावल या गेहूं का आटा, डिटर्जेंट और यहां तक कि यूरिया भी मिला देते हैं। असली घी की जगह वनस्पति, पाम ऑयल, उबले आलू या जानवरों की चर्बी धड़ल्ले से इस्तेमाल होती है। इतना ही नहीं, मिठाइयों पर लगा 99.9प्रतिशत शुद्ध चांदी का वर्क असल में जहरीला एल्युमिनियम फॉयल हो सकता है। इन्हें सुंदर दिखाने के लिए मेटानिल येलो और मैलाकाइट ग्रीन जैसे रंग मिलाए जाते हैं। ये असल में कपड़े रंगने वाले खतरनाक केमिकल हैं जिनसे कैंसर का खतरा रहता है। फूड सेफ्टी विभाग ने मशहूर दुकानों पर छापे मारे। वहां मिठाइयों के पास खुले कूड़ेदान, कीड़े-मकोड़े, बिना हाथ धोए काम करते कर्मचारी मिले और पानी की शुद्धता की जांच रिपोर्ट भी गायब थी। बहुत ज्यादा चमकीले या आंखों को चुभने वाले रंग की मिठाइयां लेने से बचें, क्योंकि इनमें केमिकल वाले रंग हो सकते हैं। चांदी के वर्क की असलियत जानने के लिए उसे उंगलियों के बीच रगड़ें या आग दिखाएं। असली चांदी टूटकर घुल जाती है, जबकि एल्युमिनियम का वर्क वैसा ही रहता है या काला पड़ जाता है। अगर मिठाई से खट्टी, अजीब महक आ रही हो या उसमें फफूंद नजर आए, तो उसे बिल्कुल न खाएं। हमेशा एफएसएसएआईका लाइसेंस देखकर ही मिठाइयां खरीदें और पैकिंग पर बनने व खराब होने की तारीख जरूर पढ़ें। अगर आपको कोई मिठाई मिलावटी लगती है, तो आप नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन या एफएसएसएआई के फूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप पर सीधे शिकायत कर सकते हैं। गंदी या मिलावटी मिठाई खाने से साल्मोनेला, ई. कोलाई या नोरोवायरस जैसे कीटाणु पेट में जा सकते हैं। इसके लक्षण मिठाई खाने के कुछ घंटों से लेकर कुछ दिनों के भीतर शुरू हो सकते हैं। मरीज को पानी जैसे दस्त, पेट में ऐंठन, जी मिचलाना, बार-बार उल्टी आना, बुखार, बदन दर्द, ठंड लगना और भारी कमजोरी जैसी दिक्कतें होती हैं। हालांकि, पर्याप्त आराम करने और शरीर में पानी की कमी न होने देने से हल्के मामले 1 से 3 दिनों के अंदर अपने आप ठीक हो जाते हैं। डॉक्टर के पास जाना कब जरूरी है? अगर आपको या किसी अपने को नीचे दिए गए गंभीर लक्षण दिखें, तो तुरंत डॉक्टर से मिलें, उल्टी या मल में खून आना। तेज बुखार होना,लगातार इतनी उल्टियां होना कि पेट में पानी भी न टिक पाए। डिहाइड्रेशन या पानी की भारी कमी होना (जैसे पेशाब न आना, भयंकर प्यास लगना, मुंह सूखना या खड़े होने पर चक्कर आना)। नसों से जुड़ी दिक्कतें (जैसे धुंधला या दो-दो दिखना, मांसपेशियों में कमजोरी, झुनझुनी होना, बोलने या निगलने में परेशानी)। अगर दस्त 3 दिनों से ज्यादा समय तक जारी रहें और कोई सुधार न हो।

गंदी या मिलावटी मिठाई खाने से साल्मोनेला, ई. कोलाई या नोरोवायरस जैसे कीटाणु पेट में जा सकते हैं। इसके लक्षण मिठाई खाने के कुछ घंटों से लेकर कुछ दिनों के भीतर शुरू हो सकते हैं। मरीज को पानी जैसे दस्त, पेट में ऐंठन, जी मिचलाना, बार-बार उल्टी आना, बुखार, बदन दर्द, ठंड लगना और भारी कमजोरी जैसी दिक्कतें होती हैं।







हवा और पानीके बाद अब बिकेगी धूप

क्या आपने कभी सोचा है कि सूरज ढलने के बाद भी आपको दिन जैसी रोशनी मिल सकती है? कैलिफोर्निया स्थित स्टार्टअप रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल कुछ ऐसा ही कर दिखाने की तैयारी में है। कंपनी ने अंतरिक्ष में 50,000 विशालकाय दर्पण (शीशे) भेजने का प्रस्ताव रखा है। कंपनी की योजना रात के अंधेरे में धूप बेचकर कमाई करने की है। स्टार्टअप की योजना के मुताबिक, पृथ्वी की कक्षा में 400 मील ऊपर सैटेलाइट्स पर लगे 50,000 आईनों का एक जाल बिछाया जाएगा। ये आईने रात में सूरज की किरणों को रिफ्लेक्ट कर सौर ऊर्जा फार्मों, शहर की सड़कों या आपातकालीन राहत कार्यों वाले क्षेत्रों में पहुंचाए जाएंगे। कंपनी के सीईओ बेन नोवाक के अनुसार, यह तकनीक सौर ऊर्जा को 24 घंटे उपलब्ध करा सकती है, जिससे जीवाश्म ईंधन की खपत कम होगी। कंपनी अब तक निवेशकों से करीब 235 करोड़ रुपये जुटा चुकी है। हालांकि, रात में धूप मंगाना काफी महंगा सौदा होगा। कंपनी एक शीशे से एक घंटे तक रोशनी देने के लिए 5,000 (करीब 4.2 लाख रुपये) वसूलने की योजना बना रही है। इसके लिए ग्राहक को साल में कम से कम 1,000 घंटे का कॉन्ट्रैक्ट साइन करना होगा। आपातकालीन स्थितियों के लिए यह कीमत और भी अधिक हो सकती है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि रात में कृत्रिम रोशनी से इंसानों और जीव-जंतुओं की सर्केडियन रिदम (सोने-जागने का चक्र) बिगड़ सकती है। असमय रोशनी से पक्षियों का प्रवास और पौधों के फूल खिलने का चक्र प्रभावित हो सकता है। अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के अनुसार, इतने सारे चमकते सैटेलाइट्स से टेलीस्कोप के जरिए अंतरिक्ष का निरीक्षण करना मुश्किल हो जाएगा। स्टार्टअप ने अमेरिकी नियामक एफसीसी को लाइसेंस के लिए आवेदन दिया है। यदि अनुमति मिलती है, तो इस गर्मी में पहला प्रोटोटाइप सैटेलाइट लॉन्च किया जा सकता है।



दुनियाके कोने-कोनेमें भारतकी संस्कृति और परंपराओंकी खूबसूरती

भारत की संस्कृति और परंपराओं की खूबसूरती सिर्फ देश तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के कोने-कोने में इसकी झलक देखने को मिलती है। विदेशों में रहने वाले भारतीय भी अपनी जड़ों और परंपराओं को पूरे उत्साह के साथ संजोकर रखते हैं।



इसका एक शानदार उदाहरण हाल ही में ब्रिटेन की राजधानी लंदन में देखने को मिला। यहां टेम्स नदी पर मां दुर्गा की भव्य परेड निकाली गई, जिसमें भारतीय संस्कृति, बंगाली परंपरा और भक्ति का अनोखा संगम नजर आया. इस आयोजन की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा बटोर रहे हैं। लंदन में पांचवीं वार्षिक दुर्गा परेड का आयोजन हेरिटेज बंगाल ग्लोबल की ओर से किया गया। इस खास कार्यक्रम में ब्रिटिश बंगाली समुदाय के साथ बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय भी शामिल हुए. परेड का सबसे खास आकर्षण मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा रही, जिसे एक विशेष नाव पर सजाकर टेम्स नदी में निकाला गया! इस प्रतिमा को कोलकाता की टेक्नो इंडिया यूनिवर्सिटी के छात्रों ने तैयार किया था। पारंपरिक अंदाज में सजी मां दुर्गा की प्रतिमा ने नदी के किनारे मौजूद लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इस परेड का नजारा इसलिए भी खास रहा, क्योंकि मां दुर्गा की प्रतिमा से सजी नाव लंदन के कई मशहूर ऐतिहासिक स्थलों के पास से गुजरी। इनमें बिग बेन, टॉवर ऑफ लंदन और लंदन आई जैसे प्रमुख आकर्षण शामिल थे। एक तरफ लंदन की पहचान मानी जाने वाली ऐतिहासिक इमारतें थीं, तो दूसरी तरफ नाव पर विराजमान मां दुर्गा और उनके जयकारे. यह दृश्य भारतीय संस्कृति और विदेशी शहर की खूबसूरती का अनोखा मेल पेश कर रहा था। कार्यक्रम में बंगाली संस्कृति की भी शानदार झलक देखने को मिली। पारंपरिक ढाक की गूंज और बंगाली नृत्य ने पूरे माहौल को उत्सव के रंग में रंग दिया। सैकड़ों लोगों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया और मां दुर्गा के जयकारों से लंदन की फिजाओं को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर बिहार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने आयोजन में शामिल लोगों को शुभकामनाएं दीं और विदेश में भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने के प्रयास की सराहना की।

भारत में तूफान का कहर

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक मंगलवार तड़के करीब 1.00 मुरसु नाम का एक भयंकर चक्रवर्ती तूफान आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में ओंगोल के पास तट को पार करना शुरू कर चुका है। बंगाल की खाड़ी के पश्चिम मध्य हिस्से में बना यह चक्रवात राज्य के दक्षिणी तट के करीब पहुंच गया था। जैसे ही इसने तट को पार करना शुरू किया इसके आईवॉल का अगला हिस्सा जमीन के ऊपर आ गया और चक्रवात का केंद्र तट से टकरा गया. यह चक्रवात ओंगोल से लगभग 40 किलोमीटर दक्षिण पूर्व कावली 60 किलोमीटर उत्तर पूर्व और बापटला से 70 किलोमीटर दक्षिण में तट से टकराया. भारत के पूर्वी तटीय राज्य उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु अक्सर चक्रवर्ती तूफानों की चपेट में आते रहते हैं। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक भारत में हर साल औसतन 2 से 4 ट्रॉपिकल साइक्लोन आते हैं। इनमें से ज्यादातर बंगाल की खाड़ी में बनते हैं और पूर्वी तट से टकराते हैं। भारत को प्रभावित करने वाले लगभग 80ब चक्रवात बंगाल की खाड़ी में बनते हैं और पूर्वी तट पर जमीन से टकराते हैं. इस वजह से यह इलाका देश का मुख्य चक्रवात जोखिम क्षेत्र बन जाता है। नवंबर 2026 की शुरुआत में मुरसु ने आंध्र प्रदेश और उड़ीसा के तटीय इलाकों में भारी तबाही मचाई थी. इसमें गंभीर बाढ़ और जल भराव जैसी स्थिति पैदा हो गई। उड़ीसा खासतौर से चक्रवातों और आकाशीय बिजली गिरने के खतरे के प्रति संवेदनशील है। खराब मौसम के दौरान इसके तटीय जिलों को काफी ज्यादा तेज हवाओं और भारी बारिश का सामना करना पड़ता है. आंध्र प्रदेश भी एक उच्च जोखिम वाला राज्य है। नेल्लोर, नरसापुर और प्रकाशम जिले सहित इसका दक्षिणी तटीय इलाका संवेदनशील माना जाता है। मुरसु के हालिया प्रभाव से पता चलता है कि इस तटीय क्षेत्र को किस तरह के खतरों का सामना करना पड़ता है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु को भी बार-बार ऐसे खतरों का सामना करना पड़ता है. पश्चिम बंगाल के सुंदरबन और उत्तरी तमिलनाडु के तटीय जिले अक्सर चक्रवात के रेड अलर्ट जोन में आते हैं। बंगाल की खाड़ी से लगे तट पर स्थित होने की वजह से यह इलाके अक्सर उन चक्रवातों के रास्ते में आ जाते हैं जो इस खाड़ी में बनते हैं।



यह पूरा मामला महाराष्ट्र के नासिक जिले का है, जहां पन्नालाल नाम के एक 8 साल के गधे की रिहाई का विवाद अब कोर्ट तक पहुंच गया है। इस अनोखे मामले में गधे के असली मालिक (भट परिवार) को अपना हक दिलाने के लिए शिवसेना भी मैदान में उतर आई है। पशु नासिक में आयोजित प्रसिद्ध कालिका माता यात्रा के दौरान पन्नालाल का इस्तेमाल लोगों के मनोरंजन और खेल-तमाशे के लिए किया जा रहा था। वहां पशु कल्याण से जुड़े कार्यकर्ताओं या संस्थाओं ने इसे पशु क्रूरता मानते हुए शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के बाद प्रशासन ने पन्नालाल को उसके मालिकों से अलग कर दिया और उसे एक गौशाला भेज दिया गया। पन्नालाल के मालिक जमुनाबाई और किशन भट का कहना है कि वे पन्नालाल को तब से पाल रहे हैं जब वह सिर्फ 2 साल का था। वर्तमान में 8 साल का पन्नालाल उनके परिवार के एक सदस्य की तरह है और पिछले 10 दिनों से उससे दूर रहना उनके लिए असहनीय हो गया है। भट परिवार और शिवसेना के पदाधिकारियों ने इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पन्नालाल को रिहा करने के लिए नासिक के जिलाधिकारी आयुष प्रसाद से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। हालांकि, जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह मामला कानूनी पेचीदगियों में फंसा है और इसके लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना होगा। जिलाधिकारी ने कोर्ट की प्रक्रिया के लिए कानूनी मार्गदर्शन देने का आश्वासन भी दिया है। गधे का मालिक भट परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और पन्नालाल ही उनके जीवन का एक बड़ा सहारा है। परिवार के इस भावनात्मक जुड़ाव और उनकी असहाय स्थिति को देखते हुए स्थानीय शिवसेना नेताओं (जिनमें उपमहापौर विलास शिंदे, दीपक डोके और अन्य पदाधिकारी शामिल हैं) ने इस लड़ाई में उनका साथ देने का फैसला किया। चूंकि एक आम परिवार के लिए प्रशासनिक और कानूनी लड़ाई अकेले लड़ना मुश्किल होता है, इसलिए शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय में पैरवी की। अब पार्टी के सहयोग से भट परिवार कोर्ट में पन्नालाल की रिहाई के लिए याचिका (आवेदन) दायर करने की तैयारी कर रहा है।

सामान्य पटाखोंसे कितने अलग हैं ग्रीन पटाखे

यह पारंपरिक पटाखों की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत कम वायु प्रदूषण (पीएम) पैदा करते हैं। प्रदूषण में मौजूद बेहद बारीक कण (पीएम२.५ और पीएम१) फेफड़ों के रास्ते सीधे खून में प्रवेश कर जाते हैं। ग्रीन पटाखे हवा में इन बारीक कणों के फैलाव को काफी हद तक कम करते हैं। इसमें पोटैशियम नाइट्रेट और सल्फर का इस्तेमाल नहीं होता, जिससे धुआं बहुत कम निकलता है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दिवाली के अवसर पर केवल प्रमाणीकृत ग्रीन पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल को सशर्त मंजूरी दी है। हालांकि, यह सवाल भी सबको परेशान कर रहा है कि ग्रीन पटाखे आखिर है क्या? अदालत के आदेश के अनुसार, केवल 7 और 8 नवंबर को सीमित समय अंतराल सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे के बीच ही पटाखे चलाने की अनुमति होगी। 9 नवंबर से पूरे दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध पुन- लागू हो जाएगा। हालांकि, यह सवाल कई लोग जानना चाह रहे हैं कि आखिर ग्रीन पटाखे क्या हैं, ये पारंपरिक पटाखों से कितने अलग हैं और सुप्रीम कोर्ट का इस पर क्या सख्त रुख है? ग्रीन पटाखे वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (एनईईआरआई) की ओर से विकसित किए गए विशेष पटाखे हैं। पर्यावरण सुरक्षा के लिहाज से इनकी कई खूबियां होती हैं... इन्हें कम कच्चे माल और छोटे शैल साइज के साथ बनाया जाता है। इनमें भारी और हानिकारक



धातुओं (जैसे बेरियम, सीसा और आर्सेनिक) के इस्तेमाल पर प्रतिबंध होता है। इनमें धूल दबाने वाले एडिटिव्स और कम रासायनिक सामग्री का उपयोग किया जाता है, जिससे हवा में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम), सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन काफी घट जाता है। सीएसआईआर-एनईईआरआई के अनुसार, पारंपरिक और ग्रीन पटाखों में सबसे बड़ा अंतर इनके घटकों और प्रदूषण स्तर का है...पारंपरिक पटाखों में भारी धातुओं पर आधारित यौगिकों का इस्तेमाल होता है, जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक हैं। वहीं ग्रीन पटाखों में जिओलाइट और आयरन ऑक्साइड जैसे एडिटिव्स होते हैं, जो खतरनाक धुएं को नियंत्रित करते हैं। ग्रीन पटाखे पूरी तरह से प्रदूषण-मुक्त तो नहीं होते, लेकिन यह पारंपरिक पटाखों की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत कम वायु प्रदूषण (पीएम) पैदा करते हैं। प्रदूषण में मौजूद बेहद बारीक कण (पीएम2.5 और पीएम1) फेफड़ों के रास्ते सीधे खून में प्रवेश कर जाते हैं। ग्रीन पटाखे हवा में इन बारीक कणों के फैलाव को काफी हद तक कम करते हैं। इसमें पोटैशियम नाइट्रेट और सल्फर का इस्तेमाल नहीं होता, जिससे धुआं बहुत कम निकलता है। दिवाली पर प्रदूषण और जनस्वास्थ्य (अनुच्छेद 21) तथा धार्मिक स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25) के बीच संतुलन बनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निम्नलिखित शर्तें और गाइडलाइंस जारी की हैं - 7 और 8 नवंबर को केवल सुबह 6.00 से 7.00 बजे और रात 8.00 से 10-00 बजे के बीच ही ग्रीन पटाखे चलाए जा सकते हैं। 9 नवंबर से फिर से पूर्ण प्रतिबंध लागू हो जाएगा। ऑनलाइन बिक्री पर रोक- फ्लिपकार्ट, अमेज़न आदि जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म या ऑनलाइन माध्यमों से पटाखों की बिक्री पर सख्त पाबंदी रहेगी। केवल लाइसेंस प्राप्त और निर्धारित स्थलों पर ही प्रमाणित ग्रीन पटाखे बेचे जा सकेंगे। लड़ी और बेरियम वाले पटाखों पर बैन- एक साथ जुड़े हुए पटाखों (लड़ियों) और बेरियम युक्त पटाखों के निर्माण और बिक्री पर पूरी तरह से रोक है। अस्पताल, नर्सिंग होम, वृद्धाश्रम, शैक्षणिक संस्थानों और नोटिफाइड साइलेंस ज़ोन के 300 मीटर के दायरे में पटाखे चलाने पर पूरी पाबंदी रहेगी। क्यूआर कोड वाले असली ग्रीन पटाखों की जांच के लिए पुलिस और प्रशासन को सख्त निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों और अधिकारियों पर सीधी अवमानना और जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

प्रिंस चार्मिंग नहीं, अपनी ज़िंदगी की खुद बनो क्वीन-सुष्मिता सेन



मिस यूनिवर्स बनने से लेकर सिंगल मदर बनने और हर चुनौती का खुलकर सामना करने तक, उनका सफर लाखों लोगों के लिए एक मिसाल है. उनकी बातें सिर्फ प्रेरणा ही नहीं देतीं, बल्कि हमें खुद से प्यार करना और दुनिया की परवाह किए बिना अपनी पहचान बनाना सिखाती हैं. अगर आप भी जिंदगी में किसी चुनौती का सामना कर रहे हैं या थोड़ा सा लो महसूस कर रहे हैं, तो सुष्मिता के ये विचार आपके अंदर एक नई ऊर्जा भर देंगे. हर इंसान खासतौर पर महिला की जिंदगी में ऐसा दौर आता है, जब उसे दूसरों की सोच और उम्मीदों से अलग अपनी पहचान बनाने का फैसला लेना पड़ता है. सुष्मिता सेन की जिंदगी और उनकी कही बातें हमें यही सिखाती हैं कि खुश रहने के लिए किसी प्रिंस चार्मिंग का इंतजार जरूरी नहीं. उनकी ये 10 बातें आपको खुद पर भरोसा करने और अपनी जिंदगी की खुद क्वीन बनने की हिम्मत देंगी. सुष्मिता कहती हैं, मुझे किसी 'प्रिंस चार्मिंग' (राजकुमार) की तलाश कभी नहीं रही, क्योंकि मैं अपनी जिंदगी की खुद क्वीन (रानी) हूँ. यह बात सिखाती है कि हमें अपनी खुशी और वजूद के लिए किसी दूसरे पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है.उनका मानना है कि परफेक्ट होने की कोशिश मत करो, असली बनो. दुनिया को आपकी खामियों के साथ आपकी असलियत से प्यार होना चाहिए. मुखौटा पहनने के बजाय अपनी कमियों के साथ खुद को स्वीकार करना ही असली खूबसूरती है.चुनौतियों के बारे में उनका कहना है कि चुनौतियां जिंदगी का हिस्सा हैं. अगर आप उनसे डरकर भागेंगे, तो आप कभी अपनी असली ताकत को नहीं जान पाएंगे. मुश्किलें ही हमें मजबूत बनाती हैं.अपनी शर्तों पर जीना कोई अहंकार नहीं है, यह इस बात का सम्मान है कि आप खुद से कितना प्यार करते हैं. खुद को प्राथमिकता देना स्वार्थी होना नहीं, बल्कि आत्म-सम्मान है.सुष्मिता सलाह देती हैं कि दूसरों को खुश करने में अपनी पूरी जिंदगी मत बिता दीजिए. अंत में, आपको खुद के साथ ही जीना है. इसलिए पहले अपनी खुशी और मानसिक शांति को चुनें.सफलता इस बात से तय नहीं होती कि आपके पास क्या है, बल्कि इससे तय होती है कि आप अंदर से कितने मजबूत हैं. भौतिक चीजें नहीं, आपका आंतरिक आत्मविश्वास आपको सफल बनाता है.खुश रहना दुनिया का सबसे बड़ा बदला है. जब आप अपनी जिंदगी से खुश रहते हैं, तो नकारात्मकता खुद-ब-खुद दूर हो जाती है. अपनी मुस्कान से आलोचकों को जवाब देना सबसे बेहतरीन तरीका है.आपको किसी की मंजूरी की जरूरत नहीं है कि आप कैसे दिखते हैं या क्या करते हैं. आप जैसे हैं, बेहतरीन हैं. खुद पर भरोसा रखें, दुनिया क्या सोचती है इसकी फिक्र छोड़ दें.रिश्ते बोझ नहीं होने चाहिए, वे ऐसे पंख होने चाहिए जो आपको आसमान छूने की आज़ादी दें. एक सच्चा रिश्ता आपको बांधता नहीं, बल्कि आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है. आखिर में वह कहती हैं, गलतियाँ करना गलत नहीं है, गलती से सीख न लेना असली हार है. गिरना और फिर उठकर खड़े होना ही जिंदगी है. और साथ ही, डर का सामना किए बिना आप कभी अपनी असली क्षमता को नहीं जान पाएंगे. हर डर के आगे एक नया मौका छिपा होता है.